22 may 2022:Layout 1 7/14/2022 12:51 AM Page 1



किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक
# समाज जागरण

TITLE CODE :UPHIN49919

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 01 अंक: 276 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) गुरुवार 14 जुलाई 2022 vatankiawaz@gmail.com पेज: 12 मूल्य 05 रुपया

## मगध विश्वविद्यालय का नामकरण सत्येंद्र नारायण सिन्हा मगध विश्वविद्यालय कराने की आवाज बुलंद हुई_ कांग्रेस

समाज जागरण गया ब्यूरो गजेन्द्र कुमार

महान स्वतंत्रता सेनानी, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री, मगध के लाल, बिहार में शिक्षा एवम स्वास्थ्य के अलख जगाने वाले, मगध विश्वविद्यालय बोधगया की स्थापना में अग्रणी भूमिका निभाने वाले डा सत्येंद्र नारायण सिन्हा जी की 105 वीं जयंती समारोह स्थानीय चौक स्थित कांग्रेस सेवादल बोर्ड कार्यालय में संपन्न हुई।



जयंती समारोह की अध्यक्षता अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सदस्य सह क्षेत्रीय प्रवक्ता बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी प्रो विजय कुमार मिठू ने किया तथा संचालन कांग्रेस सेवादल के प्रदेश महासचिव अमरजीत कुमार ने किया।

जयंती समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक मो खान अली ने कहा की पूर्व मुख्यमंत्री बाबू सत्येंद्र नारायण सिन्हा जी संपूर्ण बिहार में शिक्षा का अलख जगाने का काम किया, मध्य दक्षिण बिहार में सबसे पहले मगध विश्वविद्यालय की स्थापना में अहम भूमिका निभाई थी।

जयंती समारोह को कांग्रेस उपाध्यक्ष राम प्रमोद सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, शिव कुमार चौरसिया, अमित कुमार उर्फ रिंकू सिंह, असरफ इमाम, सूरज कुमार, अभिषेक श्रीवास्तव, टिंकू गिरी, सुनील कुमार राम, विनोद बनारसी, सुरेंद्र मांझी, अरुण कुमार पासवान, संतोष कुमार विश्वास, राजीव रंजन, सुजीत कुमार गुप्ता, राजेश अग्रवाल,प्रो अमरेंद्र कुमार सिंह उर्फ मंटू, प्रो विश्वनाथ कुमार आदि ने एक स्वर में राज्य सरकार एवम स्थानीय प्रशासन से मगध विश्वविद्यालय का नामकरण सत्येंद्र नारायण सिन्हा मगध विश्वविद्यालय करने की मांग किया गया।

नेताओ ने कहा की आज मगध विश्वविद्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार, लूट खसोट, तीन से चार वर्ष सत्र लेट रहने से यहां अध्यनरत छात्रों के भविष्य के साथ खेलवाड, शिक्षक, एवम अन्य कर्मचारी, सेवानिवृत कर्मचारी को कई महीनों से वेतन के लाले आदि की समस्या से बाबू सत्येंद्र नारायण सिन्हा की आत्मा रो रही है।

## 23 वर्ष के बाद किसानों से अधिग्रहण की गई जमीन को यूपीसीडा ने कराया कब्जा मुक्त, छावनी में तब्दील रहा नूरपुर गांव।

दैनिक समाज जागरण विजेंद्र सिंह गुन्नौर

गुन्नौर तहसील क्षेत्र के गांव नूरपुर हाईवे के नजदीक वर्ष 1999 में यूपीसीडा ने 216 एकड़ जमीन किसानों से अधिग्रहण की थी, लेकिन आज तक उस पर कोई और औधोगिक इकाई स्थापित ना हुई, इसी के चलते किसानों ने जमीन पर पुनः अवैध कब्जा कर खेती करने लगे थे,



बुधवार को जनपद संभल के आला अधिकारी भारी पुलिस फोर्स के साथ गांव में पहुंचे, किसी भी स्थिति से निपटने के लिए नूरपुर गांव पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया था, पुलिस बल के सहयोग से यूपी सीडा से पहुंचे डीआरएम बरेली ने किसानों के कब्जे से जमीन को मुक्त कराया, डीआरएम ने बताया की अधिग्रहित जमीन को औधोगिक लगाने के लिए निवेशकों को आवंटित की गई है, यह जमीन 47 कंपनियों को आवंटित है, जिसमें आज यूपी सीडा ने तीन कंपनियों को पजेशन सौंपा है, कब्जा धारियों में से कोई भी किसान प्रशासन का विरोध करने नहीं आया, जमीन कब्जा मुक्त होने के बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली, जमीन कब्जा मुक्त कराने के लिए जिला प्रशासन भारी पुलिस फोर्स दो कंपनी पीएसी चार थाने की पुलिस के साथ जिले के आला अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## टीकम सिंह आर्य आदर्श विद्यालय में मनाया गया गुरु दक्षिणा पर्व

दैनिक समाज जागरण गुन्नौर/ गवां/रजपुरा ।रजपुरा क्षेत्र के गांव भीकमपुर जैनी में स्थित टीकम सिंह आर्य आदर्श विद्यालय में मनाया गया गुरु दक्षिणा पर्व जिसके उपलक्ष्य में अध्यापकों ने अपने विचार व्यक्त किए।

गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ज्योति वसु आर्य ने महर्षि दयानंद सरस्वती और प्रज्ञाचक्षु गुरु विरजानंद के दृष्टांत देते हुए कहा कि अपना अध्ययन पूरा होने के बाद जब ऋषिवर दयानन्द सरस्वती, गुरू विरजानन्द जी को गुरू दक्षिणा के रूप में थोडी से लौंग जो गुरू जी को बहुत पसन्द थी लेकर गये तो गुरू जी ने ऐसी दक्षिणा लेने से मना कर दिया। उन्होंने दयानन्द से कहा कि गुरू दक्षिणा के रूप में, मैं यह चाहता हूँ कि समाज में फैले अन्धकार, अन्याय, अन्धविश्वास और कुरीतियों को समाप्त करो। गुरू जी के आदेश के अनुसार स्वामी दयानन्द सरस्वती जी ने भारत के सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनैतिक उत्थान में अपना जीवन दान कर दिया। वहीं विजयपाल शास्त्री ने कहा कि प्रथम गुरु माता द्वितीय पिता तृतीय आचार्य तत्पश्चात समाज होता है हमको समाज के अच्छे लोगों का अनुसरण करना चाहिए सन्दीप आचार्य ने कहा कि संसार में सबका गुरु वह परम पिता परमेश्वर है जिससे हमको वेद ज्ञान का भण्डार दिया है साथ में जगदीश, नन्दकिशोर, योगेश, अध्यापक अध्यापिकाएं तथा विद्यालय के छात्र छात्राएं अभिभावकगण मौजूद रहे ।



## किराया जमा नही कराने वाले वेंडर का लाइसेंस होगा रद्द

नोएडा के सभी रेहड़ी पटरी दुकानदार जिनको प्राधिकरण से वेंडिंग लाइसेंस दिए जा चुके है प्राधिकरण के द्वारा निर्धारित किराया जमा करा दे। उत्तर प्रदेश रेहड़ी पटरी संचालक वेलफेयर एसोसिएशन ने जानकारी दिया है कि किराया नही जमा कराने वाले दुकानदार के लाइसेंस प्राधिकरण कैसिल कर सकती है या फिर उनका रिनेवल नही किए जाएंगे। इसके लिए जरूरी है कि हम लोग समय से प्राधिकरण को किराया दे दे और अपना लाइसेंस रिनेवल कराये। सारा पैसा जमा कराने के बाद भी वेंडिंग जोन लाइसेंस को 3 साल के लिए रिनेवल किया जायेंगा।

प्रदेश अध्यक्ष श्याम किशोर गुप्ता एवं प्रदेश महासचिव अर्पणा शर्मा ने प्राधिकरण के ओएसडी इंदु प्रकाश से वातालर्प की जिन्होंने कहां कि हमारा 17 करोड़ 2800000 जो अभी तक पटरी दुकानदारों ने किराया नहीं जमा किया है अगर यह किराया सितंबर तक नहीं जमा कराते हैं सारा तो इनका लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा अन्यथा 6 महीने का किराया अभी जमा करा दें उसके बाद 3 महीने के अंदर सारा किराया जमा करा दो

# PM मोदी को देते हैं खुली चुनौती, लिखा हुआ भाषण पढ़ने में अटकी जुबान





प्रतिपक्ष को शिक्षा देने वाले गुरु को नमन करते हैं कि उन्होंने उन्हें इस उच्च कोटि की शिक्षा दी जिसके चलते वे एक पन्ना का अपना लिखा हुआ भाषण भी पढ़ नहीं सके.

### शताब्दी समापन समारोह के दौरान बोल रहे थे तेजस्वी

भाजपा ने बुधवार को बयान जारी कर कहा कि बिहार विधानसभा परिसर में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी के बयान ने बिहार का अपमान किया है. बता दें कि तेजस्वी अपने भाषण को पढ़ते हुए भी अटक गए थे जिसका वीडियो अब वायरल हो रहा है.

एक समारोह के दौरान राजद नेता तेजस्वी यादव अपने संबोधन में अटकते नजर आए. इस दौरान उनके सामने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद थे. तेजस्वी का यह बयान अब सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है और तेजस्वी के विरोधी उनकी चुटकी ले रहे हैं.

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रदेश प्रवक्ता अरविंद कुमार सिंह ने बुधवार को एक बयान जारी करके पटना में मंगलवार को बिहार विधानसभा परिसर में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी के संबोधन के दौरान अटकने को लेकर उन पर बिहार का अपमान करने का आरोप लगाया.

### तेजस्वी ने करा दी बिहार की फजीहत

उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा के शताब्दी समापन समारोह में नेता प्रतिपक्ष ने अपनी अशिक्षा के कारण बिहार की फजीहत करवा दी. उन्होंने आरोप लगाया कि जिस राज्य के नेता प्रतिपक्ष एक लिखा हुआ भाषण भी सार्वजनिक मंच पर पढ़ नहीं सकते, तो ऐसे में वह कितने गुणवान होंगे और उनकी कार्य करने की क्षमता क्या होगी, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है.

### भाषण के चलते ट्रोल हुए तेजस्वी

उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि गुरु पूर्णिमा के अवसर पर वे नेता

सिंह ने कहा कि 12 जुलाई को बिहार विधानसभा के शताब्दी समापन समारोह में जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित प्रदेश के अन्य गणमान्य व्यक्ति विराजमान थे, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को जब अपना भाषण देने का अवसर मिला तो वे लिखा हुआ भाषण पढ़ नहीं सके और दो मिनट तक एक ही शब्द पर अटके रहे. मीडिया में आई अपुष्ट खबरों के अनुसार प्रधानमंत्री ने तेजस्वी को वजन कम करने की सलाह दी.

## बोलबम के जयकारे के साथ श्रावणी मेला शुरू, भक्तों के लिए खुला बाबा का द्वार

समाज जागरण भागलपुर(राजीव पांडेय,प्रमंडल ब्यूरो)

सुल्तानगंज: श्रावणी मेले का आयोजन इस बार धूमधाम से किया गया है। देवघर के विश्व प्रसिद्ध दर्शनीय मेले की शुरूआत हो चुकी है।आज यानि बुधवार को मेले का उद्घाटन राज्य के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख और स्थानीय सांसद निशिकांत दुबे ने किया।साथ ही श्रावणी मेले में देश भर से जुटने वाले कांवरियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल से जुड़ी तमाम व्यवस्था किया गया है।बाबा नगरी में लंबे अंतराल के बाद शुरू हो रहे श्रावणी मेले में शिवभक्त कांवरियों के स्वागत के लिए पूरी तरह हो चुकी है।

श्रावणी मेले की शुरूआत के साथ ही जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियों को मुकम्मल करते हुए बिहार झारखंड के बॉर्डर जुम्मा से लेकर पूरे कमरिया पथ के अलावा मंदिर के इलाके और शहर के उन तमाम इलाकों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं, जहां कांवरियों की कतार से लेकर उनके ठहरने तक की उम्मीद जताई जा रही है। पूरे शहर को सुरक्षा के घेरे में रखा गया है और चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। बता दें कि मेले के दौरान मंदिर परिसर में किसी भी तरह के वैद्य या अन्य सामानों को ले जाने की इजाजत नहीं होगी. रंग सरोवर सहित पूरे मेला क्षेत्र में किसी भी तरह की आपदा से निपटने के लिए एनडीआरएफ की टीम मौजूद रहेगी।वहीं शहर के विभिन्न इलाकों पर पैनी नजर रखने के लिए जगह-जगह पर सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं. असामाजिक तत्वों की निगरानी के लिए सादे लिबास में पुलिस बल की तैनाती की गई है।



## दो किलोमीटर कीचड़ भरी रास्तों से रोज रास्ता ढूंढते स्कूल पढ़ने जा रही है छात्राएं

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख

बिलासपुर/मस्तूरी। विकासखंड के ग्राम पंचायत आमगांव आमाकोनी से होते हुए ग्राम मचहा जाने वाली दो किलोमीटर की रास्ता बरसात के दिन आते ही बद से बतर हो चुकी। कीचड़ और गंदगी युक्त रास्ते पर चलना दूभर हो गया है। इस खराब रास्ते पर सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को हो रही है। दो किलोमीटर का खराब सड़क पर रोजाना स्कूली बच्चे गुजर कर जाते हैं। स्कूली ड्रेस खराब होने के साथ-साथ समय पर स्कूल भी नहीं पहुंच पा रहें हैं आए दिन किचड़ भरी सड़क पर गिरते हफटते स्कूली बच्चे पढ़ने पहुंच रहे हैं।ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि राजू गंधर्व ने बताया कि इस सड़क की बदहाली को लेकर शासन-प्रशासन तक कई बार आवेदन दे चुके हैं लेकिन अभी तक इस सड़क के मरम्मत के लिए किसी भी प्रकार की शासन प्रशासन से मदद नहीं मिल पाई है।जिसकें कारण ऐसी स्थिति बनी हुई है।



## गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शिक्षकों का किया गया सम्मान

### गुरु गोविंद दोऊ खड़े, काके लागू पाय। बलिहारी गुरु आपने गोविंद दियो बताए।।

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख

बिलासपुर/बेलतरा। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर छ. ग. श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राधेश्याम कोरी ने अपने ग्राम बेलतरा एवं नेवसा उसराभांठा के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं से मिलकर उनका आशीर्वाद लिया एवं शिक्षक, शिक्षिकाओ का सम्मान किया कृष्ण कुमार यादव ग्राम पंचायत बेलतरा के पंचायत प्रतिनिधि एवं शाला विकास समिति के सक्रिय सदस्य उक्त कार्यक्रम में उपस्थित रहे बेलतरा हायर सेकेंडरी स्कूल, मिडिल बालक स्कूल, मिडिल कन्या, प्राथमिक शाला, सरस्वती शिशु मंदिर, विवेकानंद बाल विद्या मंदिर, हायर सेकेंडरी मॉडर्न पब्लिक स्कूल उसराभांठा एवं प्राथमिक शाला उसराभांठा के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का सम्मान किया एवं उन्हें गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शुभकामनाएं एवं बधाई दिए।



## अधिक बारिश के कारण राइस मिल की दीवार ढही, एक की मौत तीन घायल

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बालाघाट।जिले में हो रही भारी बारिश के कारण जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है।मंगलवार को हुई भारी बारिश के चलते राइस मिल की दीवार ढह गई जिसमें चार मजदूर दब गए,दीवार का मलबा हटाने पर एक मजदूर की मौत हो गयी जबकि दो की हालत गंभीर है जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।प्राप्त जानकारी अनुसार शहर के नवेगांव के कोसमी रोड स्थित एक राइस मिल की दीवार मंगलवार देर शाम हुई तेज बारिश के चलते ढह गई। दीवार के नीचे एक ट्रांसपोर्ट का मजदूर व तीन कंपनी के मजदूर दब गए। इसमें से एक मजदूर की मौत हो गई। घायल मजदूरों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें दो श्रमिकों की स्थिति गंभीर बताई गई है। ट्रांसपोर्ट कंपनी का ट्रक मिल में मैदा भरने आया था। हादसे के बाद स्थानीय लोग और कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। दीवार का मलबा हटाकर घायलों को निकाला गया। राइस मिल संचालक ने घायल मजदूरों के बेहतर उपचार और मृतक के परिवार को हर संभव मदद करने का भरोसा दिया। इस संबंध में सीएसपी अंजुल अयंक मिश्र ने बताया कि प्रथम दृष्टया भारी बारिश के कारण राइस मिल की दीवार ढहने से हादसा हुआ है। मृतक का शव पीएम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया है। मामले को जांच में लिया गया है। विवेचना में जो तथ्य सामने आएंगे, उस आधार पर कार्रवाई की जाएगी।




## बिलासपुर कलेक्टर ने जन चौपाल में गंभीरता से सुनी लोगों की समस्या..अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही के दिए निर्देश


समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख

बिलासपुर। जन चौपाल में कलेक्टर सौरभ कुमार ने जिले के विभिन्न वार्ड सहित दूर-दराज के लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के दिशा निर्देश दिए। वहीं दिव्यांग विरेन्द्र नवरंग का तत्काल बना राशन कार्ड, उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए जताया



## हामिद अंसारी की पाक को खुफिया जानकारी पर कांग्रेस चुप्पी तोड़े

(हरेश उपाध्याय) दिल्ली:- पाकिस्तान के पत्रकार नुसरत मिर्जा ने एक इंटरव्यू के दौरान बड़ा दावा किया है कि पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी ने पांच बार भारत यात्रा के दौरान उनसे मुलाकात की और जो खुफिया जानकारी उनसे ली। उसने उस जानकारी को आईएसआई को दिया। पाकिस्तानी पत्रकार के इस खुलासे के बाद अब बीजेपी ने कांग्रेस पर हमला बोला है। बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पूर्व उपराष्ट्रपति और और कांग्रेस पर एक के बाद एक कई सवाल दागे। बीजेपी प्रवक्ता ने कांग्रेस पर आंतकवाद को लेकर हमला करते हुए कहा कि, "देश कि जनता ये पूछना चाहती है कि क्या आतंकवाद के खात्मा में आपकी यह नीति है?" उन्होंने पूर्व उपराष्ट्रपति पर निशाना साधते हुए कहा, हामिद अंसारी को देश कि जनता ने सम्मान दिया और हामिद अंसारी ने क्या किया। गौरव भाटिया ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि इस मसले पर कांग्रेस ने चुप्पी साध रही है।उन्होंने कहा सोनिया गांधी से सवाल है की आप इस बात को साझा करिये कि कैसे इस पाकिस्तानी पत्रकार को बुलाया गया और क्या-क्या उसे जानकारी दी गई? गौरव भाटिया ने कहा कि सोनिया गांधी और हामिद अंसारी को ये बताना होगा कि आपने क्या-क्या आधिकारिक अथवा गैर-आधिकारिक जानकारी नुसरत मिर्जा को दी।बीजेपी नेता ने कहा कि ये भी बताना होगा हामिद अंसारी को कि ये जानकारी क्या आप सोनिया गांधी के कहने पर दे रहे थे या कुछ और? हामिद अंसारी ईरान के राजदूत रहते हुए देश कि सुरक्षा को ही सेंध लगा रहे थें। बल्कि रॉ के एक पूर्व अधिकारी ने कहा है कि ईरान के राजदूत रहते हुए भारत सरकार के सीक्रेट कार्यों की जानकारी सार्वजानिक कर रहे थें।



## नोएडा प्राधिकरण स्वास्थ्य विभाग की छापेमारी, 10 किलों पन्नी जब्त, 6 हजार की चालान

नोएडा समाज जागरण

प्रतिबंध के बावजूद सिंग्ल यूज प्लास्टिक्स का प्रयोग करने और बेचने वालों के खिलाफ प्राधिकरण सख्त होती दिख रही है । सरकार के चेतावनी के बावजूद जो लोग इसका इस्तेमाल कर रहे है अब उसके



खिलाफ सख्ती बरती जा रही है। इसी क्रम में आज नोएडा प्राधिकरण स्वास्थ्य विभाग के टीम नें छापेमारी की। सेक्टर 27 मार्केट में किए गए छापेमारी में टीम को 10 किलों पोलिथिन मिला जिसके लिए 6000 का जुमार्ना किया गया। स्वास्थ्य विभाग एस के अवस्थी की टीम नें कुल मिलाकर 8500 रुपये की चालानी कार्रवाई किया।

बताते चले कि 1 जुलाई से प्लास्टिक मुक्त भारत बनाने हेतू चलाये जा रहे अभियान के तहत नोएडा प्राधिकरण एक तरफ लोगों को सिंग्ल यूज प्लास्टिक्स का इस्तेमाल न करने के लिए जागरुक कर रही है, वही दूसरी तरफ नही मानने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही। इसी क्रम में आज नोएडा स्वास्थ्य विभाग नें नोएडा सेक्टर 27 मार्केट में छापेमारी की और 10 किलों पॉलिथिन जब्त किया। इसके साथ ही परचून के दुकान पर 6 हजार की जुमार्ना भी लगाया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक आज स्वास्थ्य विभाग के टीम नें अलग-अलग जगहों पर कुल मिलाकर 8 हजार 500 की चालानी कार्यवाही की है। नोएडा प्राधिकरण एस के अवस्थी के टीम लगातार छापेमारी की कार्यवाही कर रही है इससे पहले नोएडा सेक्टर 49 बरौला गाँव में भी टीम नें छापेमारी और चालान की कार्यवाही की थी।

## भंडिया ग्राम पंचायत विकास के लिए बहा रही आंसू अधिकारी मौन

*महिला सचिव हिमाली नहीं सुन रही ग्रामीणों की समस्या।।*

दैनिक समाज जागरण गौतम सिंह चौहान

विकासखंड कसमंडा के ग्राम पंचायत भंडिया के अन्य गांव विकास की देख रहे राह। ग्राम पंचायत में चाहे प्राथमिक विद्यालय, इंटरलॉकिंग ,कच्ची सड़क,नाली,खडंजा या फिर गंदे पानी का जलभराव हो ।

विकास कार्य में भंडिया ग्राम पंचायत बहुत ही पीछे देखने में को मिल रही है इस बात को लेकर ग्रामीणों ने कई बार महिला सचिव हिमाली जी से



शिकायत भी की गई लेकिन सचिव साहब ने ग्रामीणों की बात पर कोई ध्यान नहीं दिया। जबकि भंडिया ग्राम पंचायत कयी ग्राम पंचायत की न्याय पंचायत भी है जब न्याय पंचायत का ये नजारा देखने को मिल रहा है तो अन्य ग्राम पंचायत तो अपने हालात पर ही आंसू बहा रही होगी। ग्राम पंचायत में गंदे पानी का काफी जलभराव है जिसके चलते ग्रामीणों के छोटे-छोटे बच्चों को डूबने की शंका बनी रहती है। और मोहल्ले में गंदी जलभराव के कारण बीमारियों का सामना भी करना पड़ता है।लेकिन महिला सचिव को शिकायत के बाद भी कोई ग्रामीणों की समस्या का कोई निस्तारण नहीं किया जा रहा है । ग्राम पंचायत में विकास के लिए देखा जाए तो उत्तर प्रदेश की सरकार बहुत ही ध्यान दें रही हैं । लेकिन सचिव की मनमानी के कारण विकास बहुत ही पीछे नजर आ रहा है।

# साधना पथ (भाग 195)



देव मणि शुक्ल

साधकों -- मनुष्य गलतियां याद रखता है और भगवान अच्छाइयां। मनुष्य मात्र की प्रवृत्ति होती है कि वह किसी के सौ गुणों को जानते हुए भी उसे याद नहीं रखता अपितु उसी व्यक्ति के एक अवगुण को वह कभी नहीं भूलता। और समय समय पर वह उसे प्रकट भी करता रहता है।

साधकों - रामायण के तीन पात्र एक माता कैकेई, दूसरा मन्थरा और तीसरे विभीषण जी। इन तीनों के जीवन को देखें तो माता कैकेई ने ही श्रीराम जी को मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम बनाया। इन्होंने ने ही अवध के खोये हुए गौरव (मुकुट) को वापस लाने का यत्न किया, यदि कैकेई ने भगवान के लिए वनवास न मांगा होता तो श्रीराम पूरे संसार के राम न होकर सिर्फ अयोध्या के राम रह जाते। इतना बड़ा त्याग करने वाली कैकेई जिसकी प्रशंसा स्वयं भगवान राम भी करते हैं, इतने युगों के बाद आज भी कलंक का टीका लिए घूम रही है। अगर देखा जाए तो कैकेई के जीवन में सिर्फ एक पाप दिखता है। अपने पति का अपमान करना। आज भी जो पत्नी कठोर शब्दों में पति का अपमान करती है उसे कर्कसा नारि कैकेई ही कहते हैं। जिस कैकेई को श्रीराम जी ने सम्मान दिया, राम जी ने राजा दशरथ से भी छमा याचना करवा दिया, भरत जी ने भी प्रभु श्रीराम के कहने पर छमा कर दिया परन्तु आम जनमानस आज भी छमा नहीं किया। और तो और कोई भी अपनी बेटी का नाम कैकेई नहीं रखता।

दूसरे मन्थरा दासी के देखें, क्या गलती थी उसकी?

गई गिरा मति फेर

माता सरस्वती ने आकर बुद्धि फेर दी, उसमें उसकी क्या गलती? दूसरी बात वह तो अपने धर्म का पालन कर रही थी। वह कैकेई की दासी थी, अयोध्या की शासन सत्ता से उस-का क्या लेना देना- उसने अपना कर्तव्य निभाया और कैकेई को वहीं बात बताई जो विवाह के अवसर पर कैकेई के पिता और महाराज दशरथ, सुमंत्र जी ने सर्त रखी थी। कैकेई के गर्भ से उत्पन्न बालक ही अयोध्या का सम्राट बनेगा। अपने धर्म को निभाने वाली मंथरा, सरस्वती जी द्वारा प्रेरित मंथरा आज कलियुग में भी निंदनीय एवं उपहासित है। कोई भी इधर उधर की बात करता है तो उसे मंथरा की ही उपाधि दी जाती है।

अब हम विभीषण जी का उदाहरण लें, लंका की भलाई के लिए विभीषण जी ने बार बार अपमान सहा, फिर भी रावण को धर्ममार्ग पर लाने का यत्न करते रहे, यहां तक की लात मारकर देश-निकाला देने पर भी रावण से कहते हैं -

तुम पितु सरिस भले मोहि मारा।
राम भजे हित होहु तुम्हारा

रावण को सुधरता न देखकर ऐन केन प्रकारेण लंका के राक्षस सम्राज्य को कुछ ही बचा सकूंगा इसलिए श्रीराम जी की शरण में चले आए। यहां पर विभीषण अपने देश जाति की भलाई के लिए ही आए। विभीषण ने कुम्भकरण को भी समझाने का प्रयास किया परन्तु विधि के विधान के आगे उनकी एक न चली। विभीषण ने धर्म की रक्षा किया, स्वधर्म की रक्षा किया, राक्षस धर्म की रक्षा की। राम जी ने बारम्बार प्रशंसा की, अमरता का वरदान भी मिला पर वह दाग देश छोड़ने का, भातृद्रोह करने का आज तक नहीं मिटा। आज भी कहावत कही जाती है।

घर का भेदी लंका ढावे

आज भी विभीषण एक उपमा सूचक शब्द बन कर रह गए है। कहने का तात्पर्य सिर्फ इतना है कि आप के गुण लोग याद नहीं रखते पर अवगुण आपके न रहने पर भी पीछा नहीं छोड़ता।

# राजा लक्ष्मण सिंह

भारतेंदु हरिश्चंद्र युग से पूर्व की हिन्दी गद्यशैली के प्रमुख विधायक थे। उन्होंने हिन्दी को हिन्दी संस्कृति के अनुकूल संस्कृतनिष्ठ बनाने की चेष्टा की। आगरा से 'प्रजा हितैषी' पत्र भी उन्होंने निकाला। राजा लक्ष्मण सिंह ने कालिदास के 'अभिज्ञान शाकुन्तलम्', 'रघुवंश' एवं 'मेघदूतम्' का हिन्दी में अनुवाद किया था।

**परिचय**

भारतेंदु हरिश्चंद्र से पहले के प्रमुख हिंदी गद्यकार लक्ष्मण सिंह का जन्म 9 अक्टूबर, 1826 ई. को आगरा, उत्तर प्रदेश में हुआ था। घर पर उर्दू और हिंदी पढ़ने के बाद उन्होंने कॉलेज में अंग्रेजी की शिक्षा प्राप्त की और पश्चिम उत्तर प्रदेश लेफ्टिनेंट गवर्नर के कार्यालय में अनुवादक नियुक्त हो गये। फिर वे तहसीलदार बने और 1857 में अंग्रेजों की सहायता करने पर डिप्टी कलेक्टर का पद और 'राजा' की उपाधि मिली। किंतु विदेशी सरकार की सेवा करते हुए भी साहित्य के क्षेत्र में भी वे सक्रिय रहे।[1]

**लेखन कार्य**

सन् 1861 में राजा लक्ष्मण सिंह ने आगरा से "प्रजा हितैषी" नामक पत्र निकाला। 1863 में महाकवि कालिदास की अमर कृति "अभिज्ञान शाकुन्तलम्" का हिंदी अनुवाद, "शंकुतला नाटक" के नाम से प्रकाशित हुआ। इसमें हिंदी की खड़ी बोली का जो नमूना आपने प्रस्तुत किया, उसे देखकर लोग चकित रह गए। राजा शिवप्रसाद सितारे हिंद ने अपनी "गुटका" में इस रचना को स्थान दिया। उस समय के प्रसिद्ध हिंदी प्रेमी फ्रेडरिक पिन्काट उनकी भाषा और शैली से बहुत प्रभावित हुए और 1875 में इसे इंग्लैंड में प्रकाशित कराया। इस कृति से लक्ष्मण सिंह को पर्याप्त ख्याति मिली और इसे इंडियन सिविल सर्विस की परीक्षा में पाठ्य पुस्तक के रूप में स्वीकार किया गया। इससे लेखक को धन और सम्मान दोनों मिले। इस सम्मान से राजा साहब को अधिक प्रोत्साहन मिला और उन्होंने 1877 में कालिदास के "रघुवंश" महाकाव्य का हिंदी अनुवाद किया।

**ख्याति**

राजा लक्ष्मण सिंह की अधिक ख्याति अनुवादक के रूप में है। भाषा के संबंध में उनका मत था कि हिंदी और उर्दू अलग-अलग हैं। यह आवश्यक नहीं कि अरबी-फारसी के शब्दों के बिना हिंदी न बोली जाए। आप शब्द-प्रतिशब्द के अनुवाद को उचित मानते थे, यहाँ तक कि विभक्ति प्रयोग और पदविन्यास भी संस्कृत की पद्धति पर ही रहते थे। राजा साहब के अनुवादों की सफलता का रहस्य भाषा की सरलता और भावव्यंजना की स्पष्टता है। उनकी टकसाली भाषा का प्रभाव उस समय के सभी लोगों पर पड़ा और तत्कालीन सभी विद्वान् उनके अनुवाद से प्रभावित हुए।

# सत्य और नैतिकता केवल किताबों में,जीवन से वाष्पित होते सत्य।

महात्मा गांधीजी की किताब (माय एक्सपेरिमेंट विथ ट्रुथ) मेरे सत्य के साथ प्रयोग,आज वास्तविक जीवन से दूर बहुत दूर होते देखी गइ हैं। सत्य और अहिंसा सही मायनों में सामाजिक जीवन से ही वाष्पित हो गए हैं। सच्चाई जीवन के हर पहलू से परे हो गई है। आज हम स्वयं दिग्भ्रमित हैं तो आने वाली पीढ़ी को हम क्या नैतिक, संस्कारिक और सांस्कृतिक विरासत दे पाएंगे।

आज के इस उत्तर आधुनिक समाज में जहां उपभोक्तावादी संस्कृति की प्रधानता के परिपेक्ष में भौतिक साधनों एवं सुखों के लक्ष्य की प्राप्ति की एकमात्र उपाय रह गई वहां भौतिकवाद तथा शारीरिक सुख की प्राप्ति का प्रचलन पूरे समाज व देश में अपना परचम फैला चुका है' इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए झूठ फरेब एवं षड्यंत्र ने अपना जाल बुन रखा है' प्राचीन काल से हम आध्यात्मिक, संस्कारिक,सांस्कृतिक रूप से बढ़ रहे थे पर विकास की अवधारणा ने एक नया स्वरूप ले लिया है इन परिस्थितियों में समाज के सदस्यों ने झूठ और फरेब का सहारा लेना शुरू कर दिया है' भौतिकवाद सिर चढ़कर बोलने लगा है' व्यक्तिगत एवं सामाजिक आत्मीय संबंधों के मूल्य का तेजी से क्षरण होने लगा है' समाज के मूलभूत सिद्धांत तथा मूल्य गायब हो गए हैं। सामाजिक मूल्यों के खत्म होने की प्रक्रिया में सत्य बोलना कि एक मात्र साधन शेष रह गया है, किंतु वर्तमान समय में सच बोलना एक कठिन तप और तपस्या की तरह ही है। महात्मा गांधी के जीवन में भी उनके अध्यात्मिक दर्शन में सत्य अहिंसा मूल अवधारणा रही है उन्होंने इस सत्य को पहचाना और यह आशा प्रकट की कि यदि व्यक्तियों में सत्य के प्रति आस्था पैदा हो जाए तो सामाजिक नैतिकता का स्व स्वयं उच्च स्तर को प्राप्त कर सकता है और सही मायने में सत्य ही मनुष्य के आचरण की ऊंचाई मानी जाती है। सत्य और अहिंसा पर चलने के लिए संयम, मनोबल, आत्मशक्ति और ऊर्जा ही एक बड़ा विकल्प है। सत्य और अहिंसा स्वाभिमान के प्रतीक है सत्य बोलने वाला मनुष्य स्वाभिमानी होता है दूसरी तरफ असत्य आत्मग्लानि का द्योतक है। कबीर दास जी ने भी सत्य को ईश्वर मानकर कई दोहों की रचना की है।

नकारात्मक व्यवहार सामाजिक स्तर पर किया जाने वाला सबसे महत्वपूर्ण दुर्गुण है क्योंकि इसका प्रभाव पूरे समाज एवं देश पर गंभीर परिणाम देने लगता है। झूठ बोलना और सच को नेपथ्य में धकेलना एक सबसे बड़ी सामाजिक बुराई के रूप में सामने आई है। इसीलिए सामाजिक रूप से झूठ को सबसे बड़ा पाप कहा गया है पाप इस अर्थ में कहा गया है कि यह हमें दिग्भ्रमित करके वंचित कर्तव्य एवं रोजमर्रा के आत्मीय व्यवहार से वंचित रखता है और असत्य कथन को समस्त बुराइयों अपराधों की जननी माना जाता है। हम भौतिकवादी मानसिकता से इतने अधिक ग्रसित हो गए हैं की पारिवारिक सदस्यों के बीच हमारे आत्मीय संबंध लुप्त प्राय होते जा रहे हैं और ऐसे बनावटी परिवेश में व्यक्ति तथा समाज अपनी भौतिक मानसिक विलासिता तथा सफलता के दायरे में सिमट कर रह गया है। इसकी प्राप्ति के लिए व्यक्ति अत्यंत उन्मुक्त निसंकोच तरीके से असत्य का सहारा लेने से भी नहीं चूक रहा है। भौतिक सुख साधनों की लालसा में मनुष्य में साधनों की सत्यता तथा शुद्धता फिर भी गहरा समझौता कर समाज में असामाजिक व्यवहार को अपना लिया है जिसके दूरगामी परिणाम भारतीय समाज के लिए अच्छे संकेत नहीं है। आज मनुष्य नैतिकता एवं अनैतिकता की बारीक लकीर हो पहचानने से काफी दूर हो गया है तथा भौतिक विकास के लिए किसी भी साधन को अपनाने से नहीं परहेज करता है। मानव बुद्धि विवेक संपन्न होने के कारण भौतिक सुख सुविधाओं को प्राप्त करने के लिए हर तरह के उपायों को नए-नए हथकंडे के रूप है उपयोग करने लगा है जिससे समाज मे विसंगतियां पैदा होकर आत्मीय संबंधों की बलि चढ़ गई है। आदिकाल से ऐतिहासिक तौर पर भी मानव की सच्चरित्रता पर सवालिया निशान खड़े होते रहे हैं। समाज ने आपसी संबंधों को संचालित करने के लिए कुछ आदर्श मापदंड का प्रावधान भी रखा है जिनमें सबसे महत्वपूर्ण सावधान सत्य बोलने का है किंतु मनुष्य अपने सुख साधन बटोरने के लिए सदैव सत्य से परहेज करने लगा जिससे मनुष्य नैतिकता से काफी दूर हो गया एवं सामाजिक मान्यताओं को छिन्न-भिन्न करता आया है। आज भौतिक साधन संपन्नता समाज में सर्वोच्च शिखर पर है और समाजिक व्यक्तिगत आत्मीय संवेदनशील संबंध ताक पर रख दिए गए हैं। नैतिकता सिद्धांतों की परिपाटी नष्ट प्राय होती जा रही है। ऐसे में एक आदर्श समाज की कल्पना बेमानी हो गई है। आज हमें सामाजिक मूल्यों को बचाने आत्मीय संबंधों की रक्षा करने के लिए सत्य तब और संयम का सहारा लेने की आवश्यकता होगी अन्यथा भारतीय समाज को पश्चिमी समाज के रूप में यहां संवेदनशीलता आत्मीयता और मानवीय संबंधों की गरिमा खत्म होने के कगार पर है अपनाने में ज्यादा समय नहीं लगेगा एवं भारतीय मूल्य संस्कार संस्कृति धीरे धीरे सनातनी समाज से दूर होते जाएंगे और हम हाथ में हाथ धरे देखते रह जाएंगे। आज नैतिकता केवल दूसरों के लिए उपदेश देने की वस्तु बन कर रह गई है। मनुष्य सामाजिक व्यवस्था का स्वयं निमार्ता है किंतु नैसर्गिक रूप से लोभी,आलसी, तथा संग्रहण की प्रवृत्ति वाला हो चुका है ऐसे में कम परिश्रम में ज्यादा लाभ प्राप्त करने के लिए असत्य फरेब एवं जालसाजी का ही सहारा लेकर अनैतिकता का परचम फैलाने में लगा हुआ है। यह भारतीय परिवेश के लिए कतई शुभ संकेत नहीं है।



**संजीव ठाकुर, स्वतंत्र लेखक, चिंतक, रायपुर छत्तीसगढ़**

# श्रावण माह प्रारम्भ

श्रावण अथवा सावन हिन्दू पंचांग के अनुसार वर्ष का पाँचवा महीना, जो ईस्वी कलेंडर के जुलाई या अगस्त माह में पड़ता है। इसे वर्षा ऋतु का महीना या 'पावस ऋतु' भी कहा जाता है, क्योंकि इस समय बहुत वर्षा होती है। इस माह में अनेक महत्त्वपूर्ण त्योहार मनाए जाते हैं, जिसमें 'हरियाली तीज', 'रक्षाबन्धन', 'नागपंचमी' आदि प्रमुख हैं। 'श्रावण पूर्णिमा' को दक्षिण भारत में 'नारियली पूर्णिमा' व 'अवनी अवित्तम', मध्य भारत में 'कजरी पूनम', उत्तर भारत में 'रक्षाबंधन' और गुजरात में 'पवित्रोपना' के रूप में मनाया जाता है। त्योहारों की विविधता ही तो भारत की विशिष्टता की पहचान है। 'श्रावण' यानी सावन माह में भगवान शिव की अराधना का विशेष महत्त्व है। इस माह में पड़ने वाले सोमवार "सावन के सोमवार" कहे जाते हैं, जिनमें स्त्रियाँ तथा विशेषतौर से कुंवारी युवतियाँ भगवान शिव के निमित्त व्रत आदि रखती हैं।

**शिव का प्रिय महीना**


सावन माह के बारे में एक पौराणिक कथा है कि- "जब सनत कुमारों ने भगवान शिव से उन्हें सावन महीना प्रिय होने का कारण पूछा तो भगवान भोलेनाथ ने बताया कि जब देवी सती ने अपने पिता दक्ष के घर में योगशक्ति से शरीर त्याग किया था, उससे पहले देवी सती ने महादेव को हर जन्म में पति के रूप में पाने का प्रण किया था। अपने दूसरे जन्म में देवी सती ने पार्वती के नाम से हिमाचल और रानी मैना के घर में पुत्री के रूप में जन्म लिया। पार्वती ने युवावस्था के सावन महीने में निराहार रह कर कठोर व्रत किया और शिव को प्रसन्न कर उनसे विवाह किया, जिसके बाद ही महादेव के लिए यह विशेष हो गया।"[1]

इसके अतिरिक्त एक अन्य कथा के अनुसार, मरकंडू ऋषि के पुत्र मारकण्डेय ने लंबी आयु के लिए सावन माह में ही घोर तप कर शिव की कृपा प्राप्त की थी, जिससे मिली मंत्र शक्तियों के सामने मृत्यु के देवता यमराज भी नतमस्तक हो गए थे।

भगवान शिव को सावन का महीना प्रिय होने का अन्य कारण यह भी है कि भगवान शिव सावन के महीने में पृथ्वी पर अवतरित होकर अपनी ससुराल गए थे और वहां उनका स्वागत आर्घ्य और जलाभिषेक से किया गया था। माना जाता है कि प्रत्येक वर्ष सावन माह में भगवान शिव अपनी ससुराल आते हैं। भू-लोक वासियों के लिए शिव कृपा पाने का यह उत्तम समय होता है।

पौराणिक कथाओं में वर्णन आता है कि इसी सावन मास में समुद्र मंथन किया गया था। समुद्र मथने के बाद जो हलाहल विष निकला, उसे भगवान शंकर ने कंठ में समाहित कर सृष्टि की रक्षा की; लेकिन विषपान से महादेव का कंठ नीलवर्ण हो गया। इसी से उनका नाम 'नीलकंठ महादेव' पड़ा। विष के प्रभाव को कम करने के लिए सभी देवी-देवताओं ने उन्हें जल अर्पित किया। इसलिए शिवलिंग पर जल चढ़ाने का खास महत्व है। यही वजह है कि श्रावण मास में भोले को जल चढ़ाने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। 'शिवपुराण' में उल्लेख है कि भगवान शिव स्वयं ही जल हैं। इसलिए जल से उनकी अभिषेक के रूप में अराधना का उत्तमोत्तम फल है, जिसमें कोई संशय नहीं है।

शास्त्रों में वर्णित है कि सावन महीने में भगवान विष्णु योगनिद्रा में चले जाते हैं। इसलिए ये समय भक्तों, साधु-



संतों सभी के लिए अमूल्य होता है। यह चार महीनों में होने वाला एक वैदिक यज्ञ है, जो एक प्रकार का पौराणिक व्रत है, जिसे 'चौमासा' भी कहा जाता है; तत्पश्चात सृष्टि के संचालन का उत्तरदायित्व भगवान शिव ग्रहण करते हैं। इसलिए सावन के प्रधान देवता भगवान शिव बन जाते हैं।[2]

शिव की पूजा

**भगवान शिव की मूर्ति, बेंगळूरू**

सावन मास में भगवान शंकर की पूजा उनके परिवार के सदस्यों संग करनी चाहिए। इस माह में भगवान शिव के 'रुद्राभिषेक' का विशेष महत्त्व है। इसलिए इस मास में प्रत्येक दिन 'रुद्राभिषेक' किया जा सकता है, जबकि अन्य माह में शिववास का मुहूर्त देखना पड़ता है। भगवान शिव के रुद्राभिषेक में जल, दूध, दही, शुद्ध घी, शहद, शक्कर या चीनी, गंगाजल तथा गन्ने के रस आदि से स्नान कराया जाता है। अभिषेक कराने के बाद बेलपत्र, शमीपत्र, कुशा तथा दूब आदि से शिवजी को प्रसन्न करते हैं। अंत में भांग, धतूरा तथा श्रीफल भोलेनाथ को भोग के रूप में चढाय़ा जाता है।

शिवलिंग पर बेलपत्र तथा शमीपत्र चढा़ने का वर्णन पुराणों में भी किया गया है। बेलपत्र भोलेनाथ को प्रसन्न करने के शिवलिंग पर चढाय़ा जाता है। कहा जाता है कि 'आक' का एक फूल शिवलिंग पर चढ़ाने से सोने के दान के बराबर फल मिलता है। हजार आक के फूलों की अपेक्षा एक कनेर का फूल, हजार कनेर के फूलों को चढ़ाने की अपेक्षा एक बिल्व पत्र से दान का पुण्य मिल जाता है। हजार बिल्वपत्रों के बराबर एक द्रोण या गूमा फूल फलदायी होते हैं। हजार गूमा के बराबर एक चिचिड़ा, हजार चिचिड़ा के बराबर एक कुश का फूल, हजार कुश फूलों के बराबर एक शमी का पत्ता, हजार शमी के पत्तों के बराकर एक नीलकमल, हजार नीलकमल से ज्यादा एक धतूरा और हजार धतूरों से भी ज्यादा एक शमी का फूल शुभ और पुण्य देने वाला होता है।[1]

**बेलपत्र**

**मुख्य लेख : बेलपत्र**

**बेलपत्र**

भगवान शिव को प्रसन्न करने का सबसे सरल तरीका उन्हें 'बेलपत्र' अर्पित करना है। बेलपत्र के पीछे भी एक पौराणिक कथा का महत्त्व है। इस कथा के अनुसार- "भील नाम का एक डाकू था। यह डाकू अपने परिवार का पालन-पोषण करने के लिए लोगों को लूटता था। एक बार सावन माह में यह डाकू राहगीरों को लूटने के उद्देश्य से जंगल में गया और एक वृक्ष पर चढ़कर बैठ गया। एक दिन-रात पूरा बीत जाने पर भी उसे कोई शिकार नहीं मिला। जिस पेड़ पर वह डाकू छिपा था, वह बेल का पेड़ था। रात-दिन पूरा बीतने पर वह परेशान होकर बेल के पत्ते तोड़कर नीचे फेंकने लगा। उसी पेड़ के नीचे एक शिवलिंग स्थापित था। जो पत्ते वह डाकू तोडकर नीचे फेंख रहा था, वह अनजाने में शिवलिंग पर ही गिर रहे थे। लगातार बेल के पत्ते शिवलिंग पर गिरने से भगवान शिव प्रसन्न हुए और अचानक डाकू के सामने प्रकट हो गए और डाकू को वरदान माँगने को कहा। उस दिन से बिल्व-पत्र का महत्ता और बढ़ गया।[1]

**सावन के सोमवार व्रत**

**मुख्य लेख : श्रावण सोमवार व्रत**

श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को शिव के निमित्त व्रत किए जाते हैं। इस मास में शिव जी की पूजा का विशेष विधान हैं। कुछ भक्त तो पूरे मास ही भगवान शिव की पूजा-आराधना और व्रत करते हैं। अधिकांश व्यक्ति केवल श्रावण मास में पड़ने वाले सोमवार का ही व्रत करते हैं। श्रावण मास के सोमवारों में शिव के व्रतों, पूजा और शिव जी की आरती का विशेष महत्त्व है। शिव के ये व्रत शुभदायी और फलदायी होते हैं। इन व्रतों को करने वाले सभी भक्तों से भगवान शिव बहुत प्रसन्न होते हैं। यह व्रत भगवान शिव की प्रसन्नता के लिए किये जाते हैं। व्रत में भगवान शिव का पूजन करके एक समय ही भोजन किया जाता है। व्रत में भगवान शिव और माता पार्वती का ध्यान कर 'शिव पंचाक्षर मन्त्र' का जप करते हुए पूजन करना चाहिए।

सावन के महीने में सोमवार महत्वपूर्ण होता है। सोमवार का अंक 2[3] होता है, जो चन्द्रमा का प्रतिनिधित्व करता है। चन्द्रमा मन का संकेतक है और वह भगवान शिव के मस्तक पर विराजमान है। 'चंद्रमा मनसो जातः' यानी 'चंद्रमा मन का मालिक है' और उसके नियंत्रण और नियमण में उसका[4] अहम योगदान है। यानी भगवान शंकर मस्तक पर चंद्रमा को नियंत्रित कर उक्त साधक या भक्त के मन को एकाग्रचित कर उसे अविद्या रूपी माया के मोहपाश से मुक्त कर देते हैं। भगवान शंकर की कृपा से भक्त त्रिगुणातीत[5] भाव को प्राप्त करता है और यही उसके जन्म-मरण से मुक्ति का मुख्य आधार सिद्ध होता है।[6]

**काँवर ले जाते काँवरिये**

**काँवर**

**मुख्य लेख : काँवर**

ऐसी मान्यता है कि भारत की पवित्र नदियों के जल से अभिषेक किए जाने से शिव प्रसन्न होकर भक्तों की मनोकामना पूरी करते हैं। 'काँवर' संस्कृत भाषा के शब्द 'कांवांरथी' से बना है। यह एक प्रकार की बहंगी है, जो बाँस की फट्टी से बनाई जाती है। 'काँवर' तब बनती है, जब फूल-माला, घंटी और घुंघरू से सजे दोनों किनारों पर वैदिक अनुष्ठान के साथ गंगाजल का भार पिटारियों में रखा जाता है। धूप-दीप की खुशबू, मुख में 'बोल बम' का नारा, मन में 'बाबा एक सहारा।' माना जाता है कि पहला 'काँवरिया' रावण था। श्रीराम ने भी भगवान शिव को कांवर चढ़ाई थी।[7]


**हरियाली तीज**

**मुख्य लेख : हरियाली तीज**

सावन का महीना प्रेम और उत्साह का महीना माना जाता है। इस महीने में नई-नवेली दुल्हन अपने मायके जाकर झूला झूलती हैं और सखियों से अपने पिया और उनके प्रेम की बातें करती है। प्रेम के धागे को मजबूत करने के लिए इस महीने में कई त्योहार मनाये जाते हैं। इन्हीं में से एक त्योहार है- 'हरियाली तीज'। यह त्योहार हर साल श्रावण माह में शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाया जाता है। इस त्योहार के विषय में मान्यता है कि माता पार्वती ने भगवान शिव को पाने के लिए तपस्या की थी।

# गणेश गीता (गीता भाग 112)

# ब्रह्म की प्राप्ति के उपाय, शंका का समाधान



**विश्वनाथ त्रिपाठी**

गणेश गीता का ग्यारहवां अध्याय तप, दान ज्ञान, कर्म, कर्ता सुख दुख, ब्रह्म एवं वर्णों के अनुसार कर्मों के भेद तथा गणेश महिमा से संबंधित है

श्री गजानन उवाच

श्री गणेश जी बोले :-

तपो अपि त्रिविधं राजन्!
कायिकादि प्रभेदतः
ऋजुतार्जवशौचानि
ब्रह्मचर्य न। अहिंसनं

हे राजन्! कायिक वाचिक और मानसिक इन भेदों से तप भी तीन प्रकार का है

ऋजुता, आर्जवं, पवित्रता, ब्रह्मचर्य अहिंसा ---

गुरुविज्ञद्विजातीनां
पूजन चासुर द्विजातीनों
स्वधर्म पालन नित्यं,
कायिक तप। ईद्दशां

गुरु, ज्ञानी, ब्राह्मण, देवता का पूजन और अपने धर्म का पालन करना यह कायिक तप कहा गया है

मर्मास्पृक्क प्रियं वाक्यों
अनुद्वेगं हितं ऋतं





अनीतिः वेदशास्त्राणां,
वाचन तपः ईद्दशं

हे राजन्! मर्म स्पर्शी प्रिय वचन बोलना, उद्वेग रहित हितकारी, और सत्य भाषण करना, वेदशास्त्रों का अध्ययन यह वाचिक तप है

अंतः प्रसादः शान्त त्वं,
मौनं इन्द्रिय निग्रहः
निर्मलाशयता नित्यं
मानसंतप ईद्दशें

राजन्! हृदय में प्रसन्नता, शांति, मौन, इंद्रियों पर नियंत्रण, सदा भाव की निर्मलता, यह मानसिक तप है

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा साांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

# संक्षिप्त न्यूज

## श्री हंस सांसद खेल महोत्सव में बुराड़ी बुल्स व गोकलपुर दबंग ने अपने-अपने मैच जीते

(हरेश उपाध्याय) दिल्लीः-श्री हंस सांसद खेल महोत्सव के आठवें दिन नंद नगरी के डिस्ट्रिक्ट पार्क खेल मैदान पर सुबह बुराड़ी बुल्स एवं मीडिया मास्टर्स और शाम को बाबरपुर बुलडोजर एवं गोकलपुर दबंग के बीच में




क्रिकेट मैच आयोजित किए गए।इस दौरान सांसद मनोज तिवारी, दिल्ली नगर निगम के आयुक्त ज्ञानेश भारती निगम उपायुक्त अमित कुमार शर्मा,उप स्वास्थ्य अधिकारी श्रीमती माधवी पंत, श्री हंस आर्ट एंड क्रिएशंस प्राइवेट लिमिटेड के मालिक एवं मुख्य सहयोगी नीरज गुप्ता के साथ सीरियल कलाकार भाभी जी घर में है,के टिल्लू उर्फ सलीम जैदी एवं एनडीएमसी के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय खेल मैदान पर पहुंचे।इस अवसर पर विधायक अजय महावर जिला अध्यक्ष मोहन गोयल उपाध्यक्ष आनंद त्रिवेदी महामंत्री जितेंद्र कंवर, मनोज त्यागी भाजपा नेता वीरेंद्र खंडेलवाल, भुवनेश सिंघल, भूषण त्यागी, आयोजन समिति के पदाधिकारी संजीव उपाध्याय ,तेज प्रकाश, रामनिवास, गंगाराम माहोर सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहें।समाजसेवी डाक्टर नीरज गुप्ता ने हमें बताया कि यह गली मोहल्लों में छुपी हुई खेल प्रतिभाओं को पहचानने व निखारने का अवसर है। मनोज तिवारी ने अपने संबोधन में खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की।सुबह के मैच में बुराड़ी बुल्स ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करते हुए 19 ओवर में 10 विकेट पर 148 रन बनाए एवं मीडिया मास्टर्स के सामने 149 रनों का लक्ष्य रखा।जिसका पीछा करते हुए मीडिया मास्टर्स निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट पर 133 रन ही बना सकी और बुराड़ी वुल्स से 15 रनों से मैच हार गई। बुराड़ी के खिलाड़ी सोनू को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।शाम के मैच में बाबरपुर बुलडोजर ने टॉस जीता एवं पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया।पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 10 विकेट खोकर 102 रन बनाए और गोकलपुर दबंग की टीम के सामने 103 रनों का लक्ष्य रखा गोकलपुर दबंग की टीम ने 14ओवर में 103रन बना कर मैंच 6 विकेट से जीत लिया।

## दो सांसदों ने रेहड़ी पटरी वालों को प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना से लोन दिलाया

(हरेश उपाध्याय) दिल्लीः-करोना काल में बेरोजगार हो गए रेहडी-पटरी दुकानदारों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से लोन दिला कर उन्हें




पुनः स्थापित कराने के लिए नगर निगम ने बीड़ा उठाया है। अब तक 55 हजार लोगों को योजना का लाभ मिल चुका है।ऐसे सभी रेहड़ी पटरी वालों को, जिन्होंने लोन लिया है।उनको आज दो सांसदों द्वारा सम्मानित भी किया गया। दिल्ली नगर निगम द्वारा प्राथमिक शिक्षा विद्यालय सेक्टर 6 आरके पुरम में स्वर्ण महोत्सव मनाया गया। जिसमें रेहड़ी पटरी वालों को दो सांसद प्रवेश साहिब सिंह वर्मा व रमेश बिधूड़ी ने प्रमाण पत्र देकर उन्हें सम्मानित भी किया। रेहड़ी पटरी मजदूरों की रोजी-रोटी चले जाने का दर्द प्रधानमंत्री ने समझते हुए प्रधानमंत्री स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत रेहड़ी पटरी वालों की जिंदगी पटरी पर लाने के लिए उक्त योजना चलाई।इस मौके पर नगर निगम के उपायुक्त ने बताया कि उक्त योजना से अब तक 55 हजार लोगों को लोन दिया गया है। इसे कुछ ही दिनों में 1लाख लोगों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का लाभ, नगर निगम दिलाने में अहम भूमिका अदा करेगी।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक हुई



(हरेश उपाध्याय)नयी दिल्लीः- प्रधान मंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर बताया कि 15 जुलाई से अगले 75 दिनों मे 18 साल से ज्यादा की उम्र वाले फ्री में कोरोना वैक्सीन का बूस्टर डोज लगवा सकेंगे। 27 सितंबर तक यह फ्री बूस्टर डोज लगवाया जा सकेगा। यह बूस्टर डोज सरकारी केंद्रों पर उपलब्ध रहेगा। उन्होंने बताया कि इस समय देश में 199 करोड़ वैक्सीन की डोज लगाई जा चुकी हैं।अभी 60 साल से ज्यादा उम्र के लोगों को लग रहे फ्री बूस्टर डोज,अभी तक 18-59 साल के उम्र की 77 करोड़ की टारगेट पॉपुलेशन में से 1% से भी कम को प्रिकॉशन डोज मिली है। 60 साल और उससे अधिक उम्र की करीब 16 करोड़ इलेजिबल आबादी और हेल्थ केयर और फ्रंटलाइन वर्कर में से लगभग 26% को बूस्टर डोज मिली है। आईसीएमआर और अन्य अंतरराष्ट्रीय शोध संस्थानों के अध्ययनों से पता चलता है कि वैक्सीन की दोनों खुराक के लगभग छह महीने बाद एंटीबॉडी का स्तर कम हो जाता है। बूस्टर डोज देने से इम्यून रिस्पॉन्स बढ़ता है। इसी कारण सरकार 75 दिनों के लिए एक विशेष अभियान शुरू करने जा रही है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने तरंगा हिल-अंबाजी-आबू रोड को रेलवे नेटवर्क से जोड़ने की मंजूरी दी। 116 किलोमीटर लंबी इस रेलवे लाइन का काम 4 साल में पूरा किया जाएगा। इस पर 2798 करोड़ रुपए खर्च आएगा। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।उन्होंने कहा कि इस नई रेलवे लाइन से गुजरात और राजस्थान के सीमांत क्षेत्र में रहने वाले नागरिकों को सुविधा मिलेगी। राजस्थान और गुजरात के महत्वपूर्ण स्थान को इससे जोड़ने का काम किया जाएगा। गुजरात के वड़ोदरा में सेंट्रल यूनिवर्सिटी स्थापित की जाएगी। इसका नाम गतिशक्ति विश्वविद्यालय रखा जाएगा।

## असम करीमगंज जिले के चेरागी पुलिस पेट्रोल पोस्ट को पूर्णांग थाने में आपग्रेड करने की मांग को लेकर विधायक विजय मालाकार ने मुख्यमंत्री को पत्र.



असम संवाददाता दैनिक समाज जागरण : मंगलवार, 13 जुलाई को करीमगंज जिले के दुल्लभछड़ा प्रोग्रेसिव सिटीजन्स फोरम (जीडीपीसीएफ) की ओर से अध्यक्ष अंशुमान पाल और सलाहकार बिस्वजीत कैरी ने विधायक विजय मालाकार को मुख्यमंत्री के नाम एक पत्र सौंपा. कार्यालय पुलिस प्रशासन के उप महानिदेशक मुन्ना प्रसाद गुप्ता को भी सौंपा गया। करीमगंज जिले के राताबाड़ी थाना अंतर्गत चेरागी पुलिस गश्ती चौकी को पूर्ण थाने में अपग्रेड करने की मांग की गयी. एक कारण के रूप में, विधायक विजय मालाकार ने कहा कि मिजोरम सीमा क्षेत्र के चेरागी में एक पूर्ण पुलिस स्टेशन होना बहुत आवश्यक है। सीमा सु-रक्षित रहेगी। उन्होंने एक निजी मंत्री को विधायक विजय मालाकार का समर्थन पत्र भी सौंपा, जिसमें दुल्लभछड़ा जीपी रोड के दिवंगत रामजय दे के बेटे दिवंगत रिंकू दे के बेटे, दिवंगत रिंकू दे की पत्नी, रिंकी सूत्रधर दे से मुआवजे की मांग की गई थी। गुवाहाटी से मंच अध्यक्ष अशुमान पाल ने यह जानकारी दी.

## आईजी कानपुर प्रशांत कुमार द्वारा थाना वैदपुरा का किया गया निरीक्षण

### मालखाने के किया उदघाटन, आई जी ने थाने में गंदगी देख नाराजगी प्रकट की

(सुघर सिंह सैफई) इटावा। पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, प्रशांत कुमार द्वारा थाना वैदपुरा का निरीक्षण किया गया जिसमें सर्वप्रथम थाना पर सलामी ग्रहण कर, थाना वैदपुरा के मालखाने के जीर्णोद्धार का फीता काटकर उद्धघाटन किया गया इसके बाद आईजी द्वारा थानाध्यक्ष कार्यालय, थाना



कार्यालय, सीसीटीएनएस कक्ष, हवालात, शस्त्रागार, साइबर हेल्प डेस्क, महिला हेल्प डेस्क, थाना पर वृक्षारोपण की स्थिति, आगंतुकों की बैठने एवं पेयजल की व्यवस्था, जनशिकायत संबंधी रजिस्टर एवं जनशिकायत निस्तारण की स्थिति का अवलोकन, पुलिसकर्मी बैरक, आवास व भोजनालय का निरीक्षण करते हुए संबंधित को अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव तथा कार्यालय, बैरक, आवास एवं थाना परिसर की साफ-सफाई के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए । सफाई व्यवस्था से आईजी असंतुष्ट दिखे और नाराजगी प्रकट की। आईजी ने थाने पर नियुक्त समस्त अधिकारी/कर्मचारीगणों की समस्याओं को सुना गया एवं उनके निस्तारण हेतु संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए गए ततपश्चात थाना वैदपुरा क्षेत्र के संभ्रात व्यक्तियों के साथ मीटिंग आयोजित कर पुलिस की कार्यशैली एवं कानून व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली गयी। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा जयप्रकाश सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नगर कपिल देव, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सतपाल, क्षेत्राधिकारी सैफई नागेंद्र चतुर्वेदी, सीओ विवेक जावला, एसओ राजीव कुमार यादव उपस्थित रहे ।

## प्रशासनिक अधिकारियों ने खेदड़ धरना कमेटी की मानी सभी मांगे

### शहीद किसान धर्मपाल के पार्थिव शरीर का एक-दो दिनों में गांव खेदड़ के चारों युवकों के जेल से आने के बाद किया जाएगा दाह संस्कारे

### तब तक धरना भी रहेगा जारी

हिसार (राजेश सलूजा) : खेदड़ थर्मल धरना कमेटी और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच थर्मल गेस्ट हाउस में हुई छः दौर की हुई लंबी बहस



व वातार्लाप के बाद प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा थर्मल धरना कमेटी की लगभग सभी मांगे मान ली गई हैं। इन मांगों के स्वीकृत होने के बाद भी अभी तक शहीद धर्मपाल का दाह संस्कार नहीं किया गया है। शहीद किसान धर्मपाल के पार्थिव शरीर को गौशाला में रख दिया गया है। थर्मल धरना कमेटी में शामिल भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूणी ने बताया कि खेदड़ गांव के जो चार युवक 8 जुलाई को पुलिस प्रशासन द्वारा किए गए लाठीचार्ज अश्रु गैस के गोले छोड़े जाने व पानी की बौछारे छोड़े जाने में शहीद हुए किसान धर्मपाल के मामले में जेल में बंद हैं। उनके जेल से एक या दो दिनों में आने के बाद ही शहीद किसान धर्मपाल का दाह संस्कार किया जाएगा। अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूणी ने बताया कि थर्मल राखी जो बाहर जाएगी उस राखी पर 37 रुपए टन के हिसाब से राशि गऊओ की सेवा हेतू गौशाला खेदड़ को दी जाएगी। या फिर 23 रुपए टन के हिसाब से और गौशाला की राखी संबंधी मशीनें ठेके पर ली जाएंगी। इन दोनों में से एक मांग पूरी कर दी जायेगी। शहीद किसान धर्मपाल के मामले में गांव खेदड़ के जो चार युवक धारा 302 और 307 के आरोप में जेल में बंद है। उन चारों युवकों पर लगी धारा 302 व 307 हटवा दी जाएंगी और एक-दो दिनों में ये चारो युवक जमानत पर आ जाएंगे तथा 15 दिन के अंदर अंदर इन चारों युवकों के केस को रफा-दफा करवा दिया जाएगा। थर्मल खेदड़ के जिन कर्मचारियों की थर्मल हादसे में पहले मृत्यु हुई थी। उनके परिजनों को भी अढाई लाख रुपए आर्थिक मुआवजा दिया जाएगा। इस मामले में शहीद हुए किसान धर्मपाल के परिवार को आर्थिक मुआवजा और एक सरकारी नौकरी दी जाएगी। इसके अलावा थर्मल खेदड़ के 132 केवी स्टेशन से ही गांव खेदड़ के ग्रामीणों को बिजली दी जाएगी। थर्मल खेदड का पानी जहां से आता है वहीं से ही गांव खेदड़ को पानी की सप्लाई दी जाएगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूणी ने बताया कि खेदड़ गांव के जिन किसानों की 2 एकड़ से कम भूमि थर्मल खेदड़ ने एक्वायर की थी। उन किसानों के परिवार के सदस्य को मुख्यमंत्री से वातार्लाप करके नौकरी देने की कोशिश की जाएगी। प्रशासनिक अधिकारियों की कमेटी में शामिल जिला उपायुक्त डॉ प्रियंका सोनी ने इन मांगों को स्वीकृत किए जाने की पुष्टि की है और कहा कि जो मांगे प्रशासन से संबंधित हैं वो जल्द पूरी कर दी जाएंगी और जो स-रकार से संबंधित हैं वो मांगे भी सरकार के माध्यम से जल्द पूरा करवाए जाने की कोशिश की जाएगी। इस अवसर पर किसान नेता राकेश टिकैत, गुरनाम सिंह चढ़ूणी, प्रधान कलीराम, पूर्व सरपंच शमशेर सिंह, डॉ सोहन लाल, पवन सहारण, श्रद्धानंद राजली, जोगीराम, डॉक्टर राजेंद्र सूरा व तारा चंद समेत हजारों की तादाद में किसान मौजूद रहे।

## दलित समाज के पिंडदान को खाली कराने गयी पुलिस व राजस्व विभाग को झेलना पड़ा गुस्सा

फारूक अंसारी दैनिक समाज जागरण

धामपुर।स्योहारा।ग्राम श्यामाबाद में आज उस समय अफरा तफरी का माहौल बन गया जब वहां स्थित दलित समाज के पिंडदान स्थल को खाली कराने गयी पुलिस व राजस्व विभाग की टीम को दलित समाज के गुस्से का शिकार बनना पड़ गया माहौल बिगड़ता देख सरकारी अमला मौके से फरार हो गया,

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम शयमाबाद में बरसों पुराना दलित समाज का एक पिंडदान मौजूद है जिसको हड़पने के लिए एक स्कूल का संचालक अपनी नजरे गड़ाए हुए है इसलिए मामला विवादित बना हुआ है जिसके अंतर्गत दलित समाज ने आलाधिकारियों से प्रशासन व पटवारी व स्कूल संचालक के विरुद्ध शिकायत करते हुए पिंडदान की सुरक्षा की मांग उठा रखी है बताया जा रहा है कि आज पटवारी सोनू शर्मा भारी पुलिस बल के



साथ मौके पर जेसीबी लेकर पहुंचा व उक्त भूमि को खाली कराने का प्रयास करने लगा जिसका विरोध कुछ युवकों ने किया तो आरोप है कि पुलिस ने उन युवकों पर लाठियां बरसा दी जिनकी चीखपुकार सुनकर आसपास खेतो में काम कर रहें राजबाला, सुमन, विमला,माला वती, शमलेश, बाबू राम, संजीव, तेजपाल, रामपाल, अतर सिंह, संजीव, वीरेंद्र, किश्नो, कलावती, आदि ने जब सरकारी अमले को घेर लिया तो सभी मौके से दलित समाज को बंदूक दिखाते हुए व गाली गलौच कर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर फरार हो गए,दलित समाज ने घटना पर रोष व्यक्त करते हुए लाठीचार्ज करने वाले पुलिस कर्मयी सहित पटवारी पर कार्यवाही की मांग की है।

## डीएम ने स्वास्थ्य केंद्रों का किया निरीक्षण स्वास्थ्य सेवाएं दुरस्त करने को दिए जरूरी

दैनिक समाज जागरण जुनावई विजेंद्र सिंह जिला अधिकारी मनीष बंसल को लैब रूम में काफी खामियां देखने को मिली है। वही लैब टेक्नीशियन के द्वारा सवाल का जवाब ना दिए जाने पर जिला अधिकारी ने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को सुधार के आदेश दिए हैं। इसी के साथ सीएचसी कंपाउंड में



गंदगी को लेकर साफ सफाई कराने तथा मरीजों की पर्ची बनवाने वाले स्थान पर टीन शैड डलवाने का आदेश दिया है।

गुन्नौर व जूनावई सीएचसी का औचक निरीक्षण करने पहुंचे जिला अधिकारी मनीष बंसल ने चिकित्सा प्रभारी डॉ दिवाकर गुप्ता को सुधार के आदेश दिए हैं। बिना ड्रेस में घूम रहे स्वास्थ्य कर्मियों को ड्रेस में रहने तथा आई कार्ड गले में डालकर रहने के आदेश दिए हैं। जिस स्थान पर खड़े होकर मरीज पर्ची बनवाते हैं । उस स्थान पर मरीज को धूप या वर्षा में खड़े होना पड़ता है। मरीजों के हित को ध्यान में रखते हुए जिला अधिकारी ने पर्ची बनवाने वाले स्थान पर टीन शैड डलवाने के आदेश दिए हैं।

इसी के साथ प्राइवेट तौर पर कार्य कर रहे लैब टेक्नीशियन किताब सिंह से लैब में रखी जांच करने वाली मशीनों के संबंध में जानकारी जुटाने पर एक भी जवाब नहीं दे सका। उसने बताया मैं मशीनों का इस्तेमाल ना करके किट के माध्यम से जांच करता हूं। इसको लेकर चिकित्सा प्रभारी डॉ दिवाकर ने जिलाधिकारी को बताया सीएचसी पर तैनात लैब टेक्नीशियन मेटरनिटी लीव पर छुट्टी जाने के कारण मशीनों का इस्तेमाल नहीं किया जा पा रहा है। उसी के साथ जिला अधिकारी के द्वारा सीबीसी संबंधी जांच पूछने पर अभी इस तरह की जांच अस्पताल में नहीं की जा रही है। छुट्टी बिताने के उपरांत लैब टेक्नीशियन को वापस आने पर सभी जांच अस्पताल में शुरू करा दी जाएंगी।

## स्व.रामगोपाल बजाज चेरिटेबल ट्रस्ट, द्वारा संचालित राम गोपाल वेद विद्यालय का शुभारंभ

दैनिक समाज जागरण संभल । आज मौ०ठेर में व्रतः 8 बजे से यज्ञ एवं मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से धार्मिक कार्य पूर्णकर प्रात, 10 बजे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं विहिप के केन्द्रीय सह मंत्री शेषपाल गुप्ता, आदर्श कुमार गुप्ता, हरीश कुमार गुप्ता, मनोज कुमार गुप्ता द्वारा सम्पन्न हुआ सचिव गुप्ता, आदि के कर कमलों से स्व. रामगोपाल बजाज के पुत्र एवं ट्रस्ट के आदर्श कुमार गुप्ता ने बताया कि रामगोपाल वेद विद्यालय' उक्त ट्रस्ट की एक अनुपम अनूरी एवं अति महत्त्वाकांक्षी शिक्षा की योजना है जो वर्तमान शिक्षको गौरवशाली एवं प्राचीन शिक्षण पद्धति से जोड कर शिक्षा के जगत में नए-नए आयाम खोलेगी। उन्होंने बताया कि उक्त शिक्षण संस्थान में आचार्यों की नियुक्ति एवं विद्यार्थियों के प्रवेश में 'विश्व हिन्दू परिषद' एवं संचालन ट्रस्ट की समुचित भागीदारी रहेगी । शिक्षा दीक्षा के लिए "विश्व विद संस्थान के निर्देशन में विद्यालय की समस्त गतिविधियाँ चलेंगी।



मुख्य अतिथि पद से बोलते हुए विश्व वेद संस्थान के मंत्री श्री हरीशंकर जी ने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कारों का निहितार्थ यही है कि हम अपनी संस्कृति से जोड़े रखें आधुनिकता की होड़ में हमें अपनी सन्तानों को उक्त संस्थान के परम सहयोगी एवं विश्व हिन्दू परिषद् के जिलाध्यक्ष अमित वार्ष्णेय (भट्टे वालों) ने बताया कि पर्याप्त समय से शैक्षिक क्षेत्र में प्राचीन भारतीय वेद संस्कृति एवं ज्ञान की कमी महसूस की जा रही थी। भारतीय मानव मूल्यों एवं संस्कारों से रहित शिक्षा-दीक्षा किसी का भौतिक-आर्थिक विकास तोकर सकती है पर सांस्कृतिक उन्नयन मानव जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है।कार्यक्रम की अध्यक्षता शेषपाल गुप्ता ने की तथा संचालन शिरीष गुप्ता ने किया । कार्यक्रम के अन्त में उपस्थित सभी महानुभावों के लिए प्रसाद वितरण किया गया। शैक्षिक वैभव एवं चरमोत्कर्ष के इस पावन अवसर पर विहिप के संगठन सह मंत्री यशपाल सिंह, विभाग प्रचारक अतुल कुमार , जिला प्रचारक धाऊतोब गौरव प्रताप, राजेश सिंघल, राजकमल, दीप वार्ष्णेय, दीक्षा सिंह, वैभवगुप्ता, हरीश कठेरिया एड,सुधीर कुमार, राजेश गुप्ता, विष्णुकुमार, रामेश्वरप्रसाद शर्मा,पी. एन. शर्मा, कैलाशचन्द्रचरवाल, सुशील कुमार शर्मा, श्रमित कश्यप, दीपक कश्यप, अजयसिंघल, माया गुप्ता, आशा सहाय, नमिता गुप्ता, सुनयना गुप्ता तथा ट्रस्ट के शेषपाल गुप्ता, आदर्श गुप्ता, हरीशचन्द्र गुप्ता, श्याम कुमार गुप्ता व मनोज कुमार गुप्ता उपस्थित रहे।

## नोएडा लोकमंच पब्लिक लाइब्रेरी के 24 साल के सुनहरे, लंबे और संघर्षशील सफर को पूरा करने के लिए नोएडा लोकमंच के अध्यक्ष मेरे बड़े भईया महेश सक्सेना जी को दिल की गहराइयों से शुभकामनाएं।



मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि, जिस तरह नोएडा लोकमंच पिछले 24 साल से वहां पढ़ने वाले बच्चों का भविष्य संवार रही है वह निरंतर जारी रहेगा। यह संस्था भविष्य में और उन्नति करें और समाज के लिए बेहतर भविष्य को संवारने का काम करती रहे।

एक बार फिर मेरे बड़े भैया महेश सक्सेना जी को बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

## अटव एलुमनाई एसोसिएशन बराक वैली, उड़ान एजुकेशन एंड हेल्पिंग हैंड्स के संयुक्त उपक्रम में बाढ़ पीड़ितों को ईद किट का वितरण किया।

असम संवाददाता दैनिक समाज जागरणः बराक में हाल ही में आई विनाशकारी बाढ़ ने लाखों लोगों को असहाय हो गये। इस क्षेत्र में हर साल बाढ़ आती है। लेकिन इस बार क्षेत्र के लोगों के सामने बाढ़ भीषण और कोरल के रूप में सामने आई. बाढ़ की तीव्रता से लोग न सिर्फ दहशत में थे, बालिक सहम गए थे। लोगों के शरण लेने के लिए कोई जगह नहीं है, जीवन बचाने के लिए भोजन नहीं है, दवा नहीं




है, बच्चों के लिए भोजन नहीं है। ऐसे में मुसलमानों के लिए सबसे खुशी का पल "ईद-उल-अजहा" का दरवाजा खटखटा रहा है। बराक के तीनों जिलों में मैराथन किट का वितरण किया गया है. 9 जुलाई को हाईलाकान्दी जिले के विभिन्न बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों जैसे आलगापुर, नारायणपुर, मोहनपुर, निताईनगर, रांगाउटी, समारीकुना और अन्य क्षेत्रों में 200 परिवारों को ईद किट वितरित किए गए। वितरण समारोह में मौजूद थे सादुल्लाह, बराक वैली अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी एलुमनी एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष, सदस्य मूसा कलीम, एएमयू के पूर्व छात्र शाहरूल इस्लाम मजूमदार। उड़ान फाउंडेशन के अब्दुल कादिर, नुमान अहमद और मिन्हाज उद्दीन इसी तरह करीमगंज जिले के शरीफ नगर, फकीरटीला और कनिशाइल में 150 प्रभावित परिवारों को ईद की वस्तुएं बांटी गईं. इस अवसर पर एलुमनाई एसोसिएशन के अध्यक्ष और प्रधानाचार्य इबादुर रहमान, अबू हुजाईफा, उड़ान फाउंडेशन के कार्यकारी सदस्य और अन्य उपस्थित थे। अन्य दो जिलों की तरह, इस मेगा वितरण परियोजना के तहत 200 गरीब परिवारों को ईद किट वितरित किए गए। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय छात्र संघ के पूर्व कैबिनेट सदस्य फिरदौस अहमद बरभुइयां, आलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के बराक घाटी सदस्य आलीरेजा उस्मानी, दूधपुर, गनीरग्राम, बुरीबाईल, चांदपुर, आदि में वितरण समारोह में उपस्थित थे. संस्था के पदाधिकारियों ने बराक में विभिन्न बाढ़ पीड़ितों को निस्वार्थ भाव से और मानवता की खातिर खाद्य सामग्री का वितरण भी किया। इस तरह छह सौ से ज्यादा असहाय परिवारों तक राहत सामग्री पहुंचाई गई. एक थी दो दिन के खाने की चीजों से भरी किट। एक लीटर रिफाइंड तेल, एक किलो आटा, एक किलो चीनी, एक किलो प्याज, साबुन, बच्चों के लिए बिस्किट आदि थे। कुल देढ़ लाख ईद किट बांटे गए। गौरतलब है कि हाल ही में आई बाढ़ के मद्देनजर ये तीनों संगठन बराक के तीन जिलों में विभिन्न सेवा कार्य कर रहे हैं. एलुमनी एसोसिएशन बराक वैली हॉल अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय का एक छात्र निकाय है और यूईआरएफ बराक छात्रों को विभिन्न विदेशी विश्वविद्यालयों से उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित करता है और सभी उपकरण प्रदान करता है। हेल्पिंग हैंड ट्रस्ट कोलकाता का एक प्रसिद्ध एनजीओ शामिल थे।

## विश्व जनसंख्या दिवस पर जन्म नियंत्रण के महत्व पर बल देते हुए धलाई स्वास्थ्य केंद्र में जिला स्तरीय गतिविधियाँ।

असम संवाददाता दैनिक समाज जागरणः

जनसंख्या वृद्धि के परिणामस्वरूप विश्व एक बड़े संकट की ओर बढ़ रहा है। यदि जनसंख्या बढ़ती रही तो देश को कर की स्थिति का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने जिला स्तरीय जनसंख्या दिवस पर ऐसा विचार व्यक्त किया।




सोमवार को जिला स्वास्थ्य विभाग की पहल पर एवं धलाई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सहयोग से विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर जिला स्तर पर समारोह का आयोजन किया गया. इस अवसर पर बोलते हुए धलाई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी दिलीप पाल ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण के बारे में जागरूकता बहुत जरूरी है. जनसंख्या नियंत्रण के लिए सभी को आगे आना होगा। तभी जाकर जनसंख्या वृद्धि धीमी हो जाएगी।

***डॉ. किरीती भूषण दे , सर्जन, सिलचर मेडिकल कॉलेज***

उन्होंने जनसंख्या नियंत्रण पर बहुमूल्य वक्तव्य दिए। स्वास्थ्य कर्मियों में नर्स, आशा कार्यकर्ता सभी जनसंख्या नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डॉ. अरुण देव नाथ ने कहा कि अधिक बच्चों के लिए मां का स्वास्थ्य बिगड़ता है, वैज्ञानिक तरीकों को अपनाकर जनसंख्या को नियंत्रित करना संभव है। इसलिए सभी ने वैज्ञानिक पद्धति अपनाकर जनसंख्या नियंत्रण के लिए आगे आने का आग्रह किया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक राहुल घोष ने कहा कि विश्व जनसंख्या दिवस को सफल बनाने के लिए परिवार नियोजन प्रणाली को संदेश देने की जरूरत है, तभी आज का आयोजन सफल होगा. इसके अलावा, मध्य धलाई जिला परिषद के सदस्य और जन आरोग्य समिति के अध्यक्ष शशांक चंद्र पाल ने कहा कि केवल सरकारी आदेश या जन प्रतिनिधियों के प्रयासों से जनसंख्या नियंत्रण संभव नहीं है। सभी को जागरूकता अपनाकर जनसंख्या नियंत्रण के लिए आगे आना चाहिए। तभी विश्व जनसंख्या दिवस का उत्सव सफल होगा। इस दिन जनसंख्या नियंत्रण को अपनाने वाले 5 जोड़ों को स्वास्थ्य विभाग की ओर से बधाई पुरस्कार दिया गया. इस अवसर पर डीसीएम उज्जवल दास, धलाई गांव पंचायत अध्यक्ष भूषण पाल, हिलाल उद्दीन, बप्पा दे , प्रणेश कैरी, मधुचंद साहा, सहायक उद्यान प्रबंधक सत्येंद्र सिन्हा, बीसीएम सत्यव्रत कैरी, नर्स, आशाकर्मी और अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्ता मौजूद थे. इस अवसर पर नरसिंहपुर के स्वास्थ्य प्रशिक्षक संजीव दास उपस्थित थे।

## वरिष्ठ समाजसेवी हाजी फैसल ने ईद मिलन समारोह का किया आयोजन

शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर

**नजीबाबाद** आपको बता दे नजीबाबाद के वरिष्ठ समाजसेवी व चेयरमैन पद के भावी उम्मीदवार हाजी फैसल ने ईद मिलन का आयोजन किया जिसमे शहर के सभी गणमान्य लोगो के साथ-साथ आम जनता भी उपस्थित रही इस अवसर पर हाजी फैसल ने सभी का फूल मालाएं पहनाकर व गले मिलकर स्वागत किया हाजी फैसल ने बताया कि वह चेयरमैन पद के चुनाव के लिए पूरी तरीके से तैयार है और शहर की जनता जैसे उन्हे प्यार मोहब्बत व फूल मालाओ से स्वागत कर रही है और




जनता का साथ रहा तो वह चेयरमैन जरूर बनेंगे और अगर वह चेयरमैन बनते है तो शहर मे चल रही चिकित्सा व शिक्षा व जलभराव की समस्या का समाधान करेंगे और शहर का विकास पूरी तरीके से कराएंगे और सुख दुख मे सभी समुदाय के लोगो के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे वह हमेशा शहर की जनता के लिए हर तरीके से जितना उनसे हो सकता है उनकी मदद करते है इसीलिए उन्हे शहर की जनता बहुत पसंद करती हैं और वह शहर की जनता के दिलो पर राज करते है उनका मकसद चेयरमैन बनने का सिर्फ शहर का विकास और शहर की जनता की की समस्याओ का समाधान कराना है उनका कहना है की अल्लाह ने उन्हे इज्जत शोहरत पैसा सभी चीज से नवाजा है मेरा मकसद निस्वार्थ चेयरमैन बनकर शहर के लोगो की खिदमत करना है और उनकी दुआएं लेना है

## जनपद बिजनौर स्योहारा मे चल रही नुमाइश मे दो पक्ष आपस मे टिकट पास को लेकर भीड़ गए

शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर

स्योहारा आपको बता दे जनपद बिजनौर के स्योहारा मे चल रही नुमाइश मे सर्कस व हास्य कलाकार के टिकट पास को लेकर भीड़ होने के कारण दो पक्ष आपस मे भिड़ गए और देखते ही देखते आपस मे उनमे लाठी-डंडे चलने लगे दबंगों ने वहां पर तैनात पुलिसकर्मियो के साथ भी अभद्र व्यवहार करने का प्रयास किया स्थानीय पुलिस ने तत्काल वहां पर पहुंचकर 8 अभियुक्तो को गिरफ्तार कर लिया और कैमरे के माध्यम से पुलिस बाकी दंगइयो अभियुक्तो की तलाश मे जुटी है दोषी पाए जाने पर पर अभियुक्तो के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी



## दरबार फुलसंदा में धूम-धाम से मनाया गया आषाढ़ पूनम गुरु पूजा पर्व

शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर

**(नहटौर)** आपको बता दे एक तू सच्चा तेरा नाम सच्चा नाम से विख्यात दरबार फुलसंदा मे आषाढ़ पूनम गुरु पूजा पर्व का कार्यक्रम भव्य रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 6 बजे से यज्ञ के साथ आरम्भ किया गया। तत्पश्चात सत्पुरुष बाबा फुलसन्दे वालों के आशीर्वाद से बाबा के अनुनायी लाभान्वित हुए। स्थल दरबार में भारी संख्या में अनुयायियों का आगमन हुआ। पूनम गुरु पूजा पर्व पर दरबार फुलसंदा मे लाखों की संख्या मे बाबा के अनुयायी आये और साथ ही



विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। बाबा के आयोजन स्थल पर आते ही पूरा आयोजन स्थल एक तू सच्चा तेरा नाम सच्चा के जयकारे से गूंज उठा। वही भाजपा से मौजूदा विधायक ओम कुमार व उनकी पत्नी ने बाबा का आशीर्वाद लिया वही बाबा ने अपने प्रवचन में कहा कि परमेश्वर के अलावा कोई दूसरा पूजा व आराधना के योग्य नहीं है। पूजा के योग्य वहीं हैं जिसकी आराधना सभी देवी-देवता, पितृ गण आत्मा के उजाले में कर रहे हैं। इस बात को गहराई से समझना पड़ेगा। बाबा ने कहा कि सारे जहांन मे हिंदुस्तान ही देवताओं की पुण्य भूमि है। वेदों की उदगम स्थली है। हिन्दू ही देवताओं की अमृत संतानें है। सभी भक्तों को देवताओं का निरन्तर उद्भव करना चाहिए। तथा साथ ही वेंदो का जीवन में आत्मसात करना चाहिए। वही पुलिस प्रशासन भी अपनी पूरी टीम के साथ मौजूद रहा

## जीआरपी पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता मुरादाबाद से जीआरपी थाना नजीबाबाद पहुंची थाने का किया निरीक्षण

दैनिक समाज जागरण नसीम उस्मानी

**नजीबाबाद** आज मुरादाबाद से जीआरपी पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता थाना जीआरपी पहुंची और थाने का औपचारिक निरीक्षण किया आगामी त्योहारों वे कावड़ यात्रा को लेकर असला रजिस्टर वे पूर्ण रूप से निरीक्षण कर कई दिशा निर्देश दिए पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता द्वारा निरीक्षण में किए गए सभी चीजें पूर्ण रूप से सही पाई गई व थाने के सभी उपकरण सही पाए गए असलहो की देखरेख भी ठीक पाई गई और सफाई व्यवस्था का पूरा ध्यान रखा हुआ है और सभी दस्तावेज ठीक हैं इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता ने जीआरपी थाना अध्यक्ष व ,उड.



तारीफ की कावड़ियों की सुविधाओं के लिए आश्वासन दिया है कि उनके द्वारा सभी कांवड़ यात्रियों का पूरा ख्याल रखा जाएगा रेन बसेरा वह खाने पीने की व्यवस्था की जाएगी रेलवे की तरफ से उन्हें पूरी सुविधाएं दी जाएगी और कंपनियों के साथ कोई घटना ना घटे ईसका भी पूरा ख्याल रखा जाएगा कांवड़ यात्रियों के लिए रेलवे थाना और चौकियों को दिशा निर्देश दे दिए गए हैं जीआरपी नजीबाबाद थाना इंचार्ज सुभाष तोमर, धामपुर चौकी से रणवीर सिंह, नगीना चौकी से अशोक कुमार, ने व्यवस्था पर पूरा ध्यान दिया

## आईजी मुरादाबाद ने थाने का औचक निरीक्षण कर हासिल की जरूरी जानकारी।

दैनिक समाज जागरण विजेंद्र सिंह जुनावई

जूनावई। पुलिस उपमहानिरीक्षक मुरादाबाद परिक्षेत्र, मुरादाबाद शलभ माथुर द्वारा जूनावई थाने का औचक निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी जुटाई ।इसी के साथ आने की व्यवस्थाओं के सुधार लाने हेतु बंदी गृह की बिन्डो के बाहरी साइड पर जाली लगाने की आदेश दिए हैं ।बुधवार को मुरादाबाद पुलिस उपमहानिरीक्षक मुरादाबाद परिक्षेत्र के शलभ माथुर के द्वारा जुनावई थाने का औचक निरीक्षण किया गया। इस मौके पर उन्होंने नवीन बेरिंग की बिल्डिंग एवं बंदी ग्रह तथा




भोजनालय एवं कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रसोईया से खाने संबंधी जानकारियां हासिल की। उन्होंने रसोईया से सब्जी में हल्की मिर्ची इस्तेमाल करने के साथ ही तीखे मसालों पर रोक लगाने की बात कही है ।वही बंदी ग्रह की बिन्डो के बहार जाली लगाकर बन्दे करने के आदेश दिए हैं।इसी के साथ उन्होंने मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि बहजोई सभागार में थाना प्रभारियों के साथ आगामी त्यौहार कावड़ यात्रा के दृष्टिगत गंगा घाट,पार्किंग व रूट डायवर्जन,श्रावण मेला,कानून-शान्ति व्यवस्था व अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर गोष्ठी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सम्भले चक्रेश मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक सम्भल,समस्त क्षेत्राधिकारीगण व आदि अधिकारीगण मौजूद रहे।

## गुरु पूर्णिमा पर हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

दैनिक समाज जागरण विजेंद्र सिंह बबराला

**बबराला** गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर पर हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी बुधवार को गुरु पूर्णिमा धूमधाम से मनाई गई। हजारों की संख्या में गंगाघाट राजघाट पहुंचे श्रद्धालुओं ने गंगा में पुण्य की डुबकी लगाई। भोर से ही ट्रैक्टर-ट्राली और कार से लोगों के गंगाघाट पहुंचकर गंगा स्नान करने का सिलसिला शुरू हो गया था। हर-हर गंगे का जयकारा लगाते हुए लोगों ने



स्नान के बाद दान दिया और , जगह जगह कन्याओं को भोज कराया गंगा घाट पर सुरक्षा व्यवस्था हेतु भारी तादाद में पुलिस फोर्स भी तैनात रहा। रेलपटरी से लेकर स्नान घाट तक भीड़ रही।वही उमाकांत शर्मा,ने बताया गुरु पूर्णिमा के दिन गुरु पूजा का विशेष महत्व है। आज के दिन ही वेदों के रचयिता महर्षि वेदव्यास का जन्म हुआ था। आज के दिन केसर चन्दन का तिलक लगाना चाहिए और पीली वस्तुओं का दान करना बेहद शुभ माना जाता है। गीता एवं रामायण का पाठ करना भी शुभ फलदायी होता है। इस दिन पिता एवं गुरु का आशीर्वाद प्राप्त करना चाहिए। इस दिन पीपल के पेड़ पर जल चढ़ाना भी कल्याण कारी होता है बिना गुरु के जीवन अंधकार में रहता है गुरु गुरु के आशीर्वाद से ही शिष्य मोक्ष की प्राप्ति करता है इसलिए गुरु पूर्णिमा को श्रेष्ठ माना जाता है।

## 47 दिन में 12 ज्योतिर्लिंग चार धाम की यात्रा पूर्ण कर लौटे बरेली के अनिल सक्सेना

समाज जागरण संवाददाता फहीम अहमद सकलैनी

बरेली 12 ज्योतिर्लिंग चार धाम की यात्रा 47 दिनों में पूर्ण कर अपने गृह निवास सुभाष नगर के कर गैना मे पन्नू ज्वेलर्स के छोटे भाई अनिल सक्सेना व उनके दोनों बेटों का किया गया जोरदार स्वागत अनिल सक्सेना ने बताया कि कैसे बाबा की कृपा से 47 दिनों में उन्होंने अपने दोनों बेटों के साथ महाकाल के 12 ज्योतिर्लिंग के दर्शन किए और अपने चार धाम की यात्रा पूर्ण की अपने गृह निवास लौटे अनिल सक्सेना जी का कहना है कि बाबा की कृपा से उनकी चार धाम की यात्रा बहुत ही सुखद रही मगर बस थोड़ा सा अफसोस इस चीज का रहा कि वह बाबा बफानी अमरनाथ के दर्शन नहीं कर पाए क्योंकि बादल फटने की प्राकृतिक




आपदा के कारण बाबा बफानी के दर्शन नहीं हो पाए। बाकी बाबा के 12 ज्योतिर्लिंग शनि शिगनापुर धनेश्वर ज्योतिर्लिंग त्रंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग रामेश्वरम ज्योतिर्लिंग नागेश्वर ज्योतिर्लिंग सोमनाथ ज्योतिर्लिंग ओम्कारेश्वर ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग केदारनाथ ज्योतिर्लिंग विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग पशुपतिनाथ अद्ध ज्योतिर्लिंग वैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग तथा चार धाम रामेश्वरम द्वारकाधीश बद्रीनाथ जगन्नाथ धाम की यात्रा का अपने जीवन के सफल होने की अनुभूति का एहसास किया इस यात्रा पर अनिल सक्सेना सिर्फ अपने दोनों बेटों के साथ गए ताकि वह भी धर्म के प्रति धर्म के मार्ग पर हमेशा चलते रहे तथा सनातन संस्कृति और इतिहास को अपने जीवन में चित्रित करें इसी उद्देश्य के साथ उन्होंने अपने बेटे के साथ इस यात्रा को पूर्ण किया और भोलेनाथ का जय जयकार किया। तनु ज्वेलर्स के छोटे भाई अनिल सक्सेना पहले भी यात्राओं पर जाते रहे हैं मगर एक साथ 12 ज्योतिर्लिंग चार धाम की यात्रा उन्होंने अपने बेटों के साथ पहली बार पूर्ण की जिसका संतोष उनके चेहरे पर साफ झलक रहा था। इस यात्रा का पूर्ण पाने के लिए कर गए ना वासियों ने तनु ज्वेलर्स के भाई संजीव सक्सेना जी का ढोल नगाड़ों और पुष्प वर्षा से स्वागत किया ।

## गुरुपूर्णिमा के अवसर पर बाबा शास्त्री डंडे वाले के मंदिर पर हवन व भंडारे का हुआ आयोजन

दैनिक समाज जागरण जसवीर सिंह

मंडावर थाना क्षेत्र के ग्राम मीरापुर खादर में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर बाहर से आए भक्तो ने बाबा शास्त्री डंडे वाले के मंदिर पर अपनी इच्छा पूरी होने के बाद बाबा के मंदिर मे अपनी क्षमता के अनुसार भंडारा किया जिसमे गांव व दूर दराज से आए भक्तो ने बाबा के दर्शन के पश्चात भंडारे का प्रसाद व भोजन ग्रहण किया और कुछ भक्तो ने मंदिर मे बढ़ चढ़कर दान भी किया और मंदिर मे सजावट भी बहुत ही अच्छी



की गई थी। जिसकी जिम्मेवारी अतुल कुमार, महेंद्र सिंह ने निभाई, और भंडारा करने वालों के दयालवाला निवासी रामपाल सिंह सैनी, सीमला कलां निवासी तेजपाल सिंह, तेजपाल कबूलपुर, भोगेन्द्र छितावर, सुबोध मंडावर, इन सभी का बहुत योगदान रहा है। और मंगलवार को गांव के देवताओं पर ग्रामीणों द्वारा भी भंडारे का आयोजन किया गया था। जिसमे सभी ग्राम वासियो का सहयोग रहा था। मंदिर के पुजारी जी ने बताया की सभी भक्तो ने भंडारे से पूर्व हवन कराकर उसके बाद भक्तो को प्रसाद वितरण कराया व 11अगस्त से राम चरित मानस पाठ प्रारम्भ होगा उसके बाद 13 अगस्त को बाबा की 41वर्षी के उपलक्ष मे विशाल भंडारे हवन का आयोजन भी किया जायेगा। और उसमे सभी क्षेत्रवासी अधिक से अधिक संख्या मे पहुंचकर धर्म लाभ उठाए,भंडारे मे योगदान रहा धर्मसिंह, सचिन कुमार एडवोकेट, मुकेश कुमार समाज सेवी, जल सिंह, गौतम कुमार, आदि सभी ग्रामवासी रहे।

## अमरनाथ यात्रा से सकुशल लौटे जत्थे का धामपुर पहुंचने पर स्वागत हुआ

फारूक अंसारी दैनिक समाज जागरण

**धामपुर ।** श्री शिव शक्ति सेवा मंडल बुढलाडा पंजाब की शाखा धामपुर के संयोजक सुशील अग्रवाल पचरंगी के नेतृत्व में बाबा अमरनाथ बफानी के दर्शन करके आज ट्रेन से धामपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंचे पूरे जत्थे का गगनभेदी नारों के बीच फूल मालाओं से लादकर शानदार स्वागत हुआ जम्मू से चलकर धामपुर पहुंची जम्मू तवी एक्सप्रेस ट्रेन बुधवार को लगभग 8:20 बजे उधमपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंची फलक पांवड़े बिछाए खड़े नगर पालिका चेयरमैन राजू गुप्ता, सुशील गुप्ता दिनेश अग्रवाल



नवीन अजय कुमार पिंटू अरूण कुमार, विनीत कौशिक,लवि शर्मा आदि ने माल्यार्पण करके शानदार स्वागत किया। इस दौरान संस्था के संयोजक सुशील अग्रवाल पचरंगी व्रत धामपुर शुगर मिल के कारखाना प्रबंधक विजय गुप्ता ने बताया कि संगठित शक्ति और बाबा बफानी के कृपा से 11 जुलाई सोमवार के दिन सभी अमरनाथ यात्रियों को बाबा के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ उन्होंने बताया कि गुफा के पास जाने वाला रास्ता काफी अस्त व्यस्त हो गया था जिस कारण यात्रियों को बाबा अमरनाथ गुफा के पास रुकने नहीं दिया गया जा रहा था उन्होंने बताया कि दर्शन करने के बाद सभी को वहां से रवाना किया जा रहा है धामपुर नगर वासियों की शुभकामनाओं के बल पर ही हमें बाबा बफानी के दर्शन करने का सौभाग्य मिला जत्था में शामिल श्रीमती सुशीला गुप्ता अनिता सैनी रेनू सैनी शिवानी सैनी अर्चना गुप्ता अनूप शर्मा नमन जैन शिवम गोस्वामी सचिन पंडित मदन गोस्वामी वीरेंद्र पुष्कर अंकित सैनी दीपिका शर्मा जैन शुभम जैन अमन जैन मदन गोस्वामी अमन पुष्पा अभिषेक जैन आदित्य ने यात्रा का सकुशल संपन्न होने पर शिव शंकर भोले भंडारी का आभार व्यक्त किया

## डग्गामार वाहनों पर हुई कार्रवाई दर्जन भर वाहन सीज वाहन स्वामियों में मची खलबली

फारूक अंसारी दैनिक समाज जागरण

**धामपुर ।** बेलगाम डग्गामार वाहन अधूरे कागजों के आधार पर सड़क पर दौड़ रहे थे। पीपीओ ने अलग-अलग स्थानों पर जांच को लेकर अभियान चलाकर बड़ी संख्या में डग्गामार वाहनों की चेकिंग की जिसमें कागजों में कमियां मिली जिसको लेकर दर्जन भर वाहनों को सील किया गया पीटीओ की इस कार्रवाई से वाहन स्वामियों में खलबली मची हुई है। रोडवेज बस स्टैंड नगीना चौक महाराणा प्रताप चौक सहित अनीश कई चौराहों पर डग्गामार वाहनों का संचालन अधिक होता है। वैसे भी अधिकारीयों की नजर लगातार इन वाहनों पर अंकुश



लगाने के लिए कार्यवाही में जुटी हुई है। बुधवार को यात्री कर अधिकारी राकेश मोहन ने नगर के विभिन्न स्थानों पर डग्गामार वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाया और आने जाने वाले वाहनों की चेकिंग की गई। इस अवसर पर वाहनों के कागजों में कमी होने पर दर्जन भर वाहनों को सील कर दिया गया। इस अभियान से वाहन चालकों में खलबली मच गई। पीपीओ राकेश मोहन ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर में किसी भी हालत में डग्गामार वाहन का संचालन नहीं होने दिया जाएगा। बिना फिटनेस के वाहन सड़क पर पाए जाते मैं तो उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने सभी वाहन चालकों और वाहन स्वामियों को नसीहत दी है कि वाहन चलाते समय सभी वेद प्रपत्र अपने पास रखें और वाहनों की फिटनेस दुरुस्त रखी जाए कहीं पर भी नियम विरुद्ध तरीके से वाहन संचालन किया जाता है तो संबंधित के क्लब नियम अनुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा है कि अगर इस कार्यवाही से बचना है तो अपने वाहनों के सभी कागजातों को दुरुस्त रखें। इस अवसर पर ए आर एम , पी एल ,पथैरिया धामपुर थाने के वरिष्ठ उप निरीक्षक शिशुपाल सिंह आदि इस अवसर पर उपस्थित रहे।

## काफी समय से कर रहे थे अवैध रूप हरे भरे पेड़ों का कटान पुलिस ने भेजा जेल

फारूक अंसारी दैनिक समाज जागरण

**धामपुर** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम किरार खेड़ी निवासी एक व्यक्ति बेखौफ होकर हरे भरे पेड़ों का कटान करवाता था। आरोपी सुल्तान के खिलाफ नगर पालिका प्रशासन द्वारा आरा 379, 411, 427, व 2/3 सर्वजनिक नुकसान निवारण अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कराया गया था। बताया जाता है कि शेरकोट थाने से चंद दूरी पर ईदगाह के निकट एक आम का बाग था। जिसमें आम के पेड़ों के अतिरिक्त शीशम वह जामुन आदि फलदार वृक्ष थे। आरोप था कि अभियुक्त उपरोक्त ने लगभग 14 से 15 दिन पूर्व रात के अंधेरे में आम शीशम जामुन आदि के हरे भरे पेड़ों



के ऊपर कटान करवा दिया। सूत्रों का कहना है कि लगभग 50 पेड़ों को काट दिया गया था। जिसमें कुछ पेड़ तो देख जाए चुके थे जबकि कुछ मौके पर ही पड़े थे। शुरूआत में तो वे विभाग के अधिकारियों के कर्मचारियों को कुछ पता नहीं चल सका था यह कहे कि विभाग जानबूझकर अनजान बना हुआ था लेकिन जब मामले ने तूल पकड़ा तो वहां विभाग की टीम मौके पर पहुंची। हालांकि तब तक पेड़ काटने कटवाने वाला जा चुका था लेकिन आम सहित काटे गए अधिकतर पेड़ मौके पर ही बड़े हुए थे विचित्र बात तो यह है कि पर्यावरण की रक्षा की जिम्मेदारी जिस वन विभाग के कंधों पर है उस विभाग के ही वन दरोगा लक्ष्मीचंद जब मौके पर पहुंचे थे तो उन्होंने काटे गए पेड़ नीतीश और सिंबल के नजर आए थे मामला ऊपर तक पहुंचा जाने के कारण प्रशासन भी हरकत में आ गया था और मौके पर पहुंचे उपजिलाधिकारी ने कटे पेड़ हुए पेड़ों पर नगर पालिका की सुपुर्दगी में देते हुए कानूनी कार्यवाही के लिए बात कही थी जिस पर नगर पालिका प्रशासन द्वारा सुल्तान निवासी ग्राम करार खेड़ी थाना धामपुर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया था।

## उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश है की कावड़ यात्राओं को कोई भी कष्ट ना हो

फारूक अंसारी दैनिक समाज जागरण

**धामपुर।** पुलिस प्रशासन कांवड़ियों को लेकर पूरी तरीके से अलर्ट है ।यदि किसी भी कांवड़ियों को कोई भी शिकायत या परेशानी है तो पुलिस द्वारा एक हेल्प लाइन नंबर जारी किया गया है उस नंबर के



आधार पर आपकी समस्या का समाधान किया जाएगा कांवड़ हेल्पलाइन नम्बर :- **1800-8893-112** मुरादाबाद से अन्य जनपद /राज्य को कांवड़ यात्रा करने के दौरान किसी प्रकार की समस्या / शिकायत (जिसका निस्तारण प्रशासन / पुलिस स्तर पर किया जा सकता है) के निस्तारण हेतु उपरोक्त हेल्पलाइन पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## गुरु पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने आए माता पिता से बिछड़ा मासूम:पुलिस ने ढूंढ कर परिजनों को सौंपा।

दैनिक समाज जागरण विजेंद्र सिंह बबराला

गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर गंगा स्नान के लिए आए माता पिता से 2 वर्षीय बच्चा गंगा घाट पर बिछड़ गया। बच्चे को गायब देख माता पिता के होश उड़ गए। इसी दौरान बच्चे को गंगा घाट पर काफी देर तक तलाश किया। लेकिन बच्चे का कुछ पता नहीं चला। गुरु पूर्णिमा के दिन जनपद संभल के पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी संतोष सिंह एवं प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र पाल सिंह पूनिया ने श्रद्धालुओं



की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की इसी दौरान अचानक , कांस्टेबल बनी सिंह, को2 वर्षीय बच्चा दिखाई पड़ा सकुशल बच्चे को बरामद कर माता पिता के सुपर्द किया।बदायूं के जनपद दहगंवा गांव निवासी प्रदीप कुमार पुत्र श्यामलाल पत्नी सुमन देवी अपने बेटे के साथ गंगा स्नान के लिए राजघाट गंगा घाट आये थे। गंगा घाट पर स्नान के दौरान 2 वर्षीय बेटा सार्थक गुप्ता बिछड़ गया। अचानक पुलिस की निगाह बच्चे पर पड़ी पुलिस ने बच्चे को मुस्कुराते हुए गोद में उठा लिया। और बच्चे को माता पिता को तलाश कर सौंप दिया। परिजनों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया और अपने घर को लौट गए।

## विद्युत संविदा कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर दिया धरना

फारूक अंसारी दैनिक समाज जागरण

**धामपुर ।** विद्युत संविदा कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन से जुड़े निविदा सविधा कर्मचारियों ने संघ के कार्यकताओं ने धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने अधिशासी अभियंता से प्रतिनिधिमंडल ने वार्ता कर समस्याओं का समाधान कराने की शीघ्र ही मांग की है। खंडीय कार्यालय पर संविदा कर्मचारी संघ पश्चिमांचल के अध्यक्ष रणवीर सिंह ने बताया कि संविदा कर्मचारी काफी समय से मानदेय ना मिलने के कारण परेशान हैं। जिसके लिए लगातार



धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होंने कहा है कि करमचारी हर मौसम में जनता की सेवा कर रहे हैं परदेसन करने वालों में जिला अध्यक्ष सतीश कुमार धर्मेंद्र राठी संजय गुरजीत सिंह विनोद कुमार जितेंद्र कुमार सुभाष मनीष कुमार राम अवतार शर्मा रशीद अहमद ओम कुमार हरि ओम सुनीत कुमार मदन सिंह डालचंद ओमपाल सिंह धनराज आदि शामिल रहे ।अधिक्षण अभियंता राजेंद्र सिंह ने कहां की संविदा कर्मचारियों की मांग जायज है। एक हफ्ते में सभी समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा।

## भाजपा जिला मंत्री गायत्री निराला ने गुरु पूर्णिमा पर भजन कीर्तन का किया शुभारंभ

शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर

**नजीबाबाद** आपको बता दे संत शिरोमणि रविदास जी के कीर्तन का आयोजन गुरु पूर्णिमा के अवसर पर नजीबाबाद के मोहल्ला जाब्ता गंज मे रविदास मंदिर पर संत शिरोमणि रविदास जी के भजन कीर्तन का आयोजन किया गया कीर्तन का शुभारंभ आकाश कान्हा कंडवाल व भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति की जिला मंत्री गायत्री निराला द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की प्रतिमा पर पुष्प



चढ़ाकर व फीता काटकर उद्घाटन किया गया कीर्तन में दूरदराज से आए हुए साधु संतों का मंत्री गायत्री निराला व आकाश कान्हा कंणवाल ने पुष्प भेंट कर व माल्यार्पण कर संतों के चरणों में नमन करते उनका स्वागत किया व आशीर्वाद प्राप्त किया उसके बाद भजन कीर्तन का कार्यक्रम शुभारंभ हुआ इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा के जिला मंत्री गायत्री निराला व भाजपा संभावित प्रत्याशी नगर पालिका नजीबाबाद आकाश कान्हा कंडवाल डॉ राजीव अरोड़ा विश्व हिंदू परिषद राजीव गुप्ता नगर अध्यक्ष एससी मोर्चा करुण पाल हरिओम जाटव चांद कुमार नितिन कुमार उमेश दास भाजपा पूर्व जिला संयोजक रणवीर सिंह निराला व भारी संख्या में महिलाओं व पुरुषों सहित जनसैलाब रहा और भजन कीर्तन का आनंद लिया

## बज़्म ए जिगर नजीबाबाद की ओर से गजल संग्रह रियाज ए अयाज विमोचन व मुशायरे का आयोजन

नजीबाबाद दैनिक समाज जागरण नसीम उस्मानी

**नजीबाबाद।** बज़्म ए जिगर नजीबाबाद की जानिब से मशहूर शायर अयाज मौहम्मद खां बढापुरी के गजल संग्रह के मौके पल महफिल ए मुशायरे का आयोजन किया गया। शायर अयाज मौहम्मद खां बढापुरी के गजल संग्रह रियाज ए अयाज का विमोचन पूर्व चेयरमैन मौहम्मद मौअज़्ज़म खान ने मेहंदी बाग स्थित डाक्टर रईस भारती के आवास पर किया गया। इस अवसर पर गालिब एकेडमी के जनरल सेक्रेटरी नसीम आलम एड को अदबी खिदमात के लिए सम्मानित किया गया। मुशायरे का आगाज सरफराज साबरी की नात



ए पाक से किया गया। मुशायरे में शादाब जफर शादाब, डाक्टर तैय्यब जमाल, नौशाद अहमद शाद, हनीफ शादाब बढापुरी, अकरम जलालाबादी, उबैद अहमद, सय्यद अहमद, काजी. विकाउल हक, रफी बढापुरी, असलम बढापुरी, पूर्व चेयरमैन मौहम्मद मौअज़्ज़म खान, सरफराज साबरी डाक्टर रईस भारती, शुऐब जमाल मुजफ्फर नगरी, मास्टर युनुस बढापुरी आदि ने कलाम पेश कर वाहवाही लूटी। मुशायरे की अध्यक्षता पूर्व चेयरमैन मौहम्मद मौअज़्ज़म खान एडवोकेट व संचालन शादाब जफर ने किया।

## कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा धान रोपाई मशीन प्राइस ट्रांसप्लांटर का प्रदर्शन।

रिपोर्ट विकास शर्मा दैनिक समाज जागरण बिजनौर

**नगीना** कृषि विज्ञान केंद्र नगीना के वैज्ञानिकों द्वारा क्षेत्र के गांव हरगनपुर के किसान शरद कुमार के खेत पर धान की रोपाई करने वाली मशीन का प्रदर्शन कराया गया। जिस में उपस्थित वैज्ञानिकों द्वारा मशीन के बारे में एवं उसके द्वारा रोपाई की विधि के बारे में विस्तार से बताया गया, साथ ही साथ यह भी बताया गया कि उसमें कौन कौन से उर्वरक हो का प्रबंधन कैसे कैसे करना है। धान रोपाई मशीन में होने वाली सावधानी और उसकी उपयोगिता के बारे में केंद्र के



वैज्ञानिकों द्वारा बताया गया। केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा जनपद में बासमती धान की उत्पादकता सुनिश्चित करने हेतु तरह-तरह के विभिन्न आयाम अपनाए जा रहे हैं। जैसे इस बार बासमती की 3 प्रजातियों के पूसा बासमती 1885, 1886, 1847 पका प्रदर्शन जनपद में पहली बार करवाया जा रहा है। जनपद के किसानो को बासमती के लिए भी जागरूक किया जा रहा है। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों में डॉक्टर के के सिंह, डॉक्टर शकुंतला गुप्ता, डॉक्टर शिवांगी सिंह, डॉक्टर प्रतिमा गुप्ता ने किसानो को तकनीकी रूप से जानकारी दी। उन को अच्छी तरह उत्पादकता कैसे ले जा सकती है।

## सफियाबाद में फुके ट्रांसफार्मर की सुध नहीं ले रहा है विद्युत विभाग के अधिकारी

फारूक अंसारी दैनिक समाज जागरण

**धामपुर।** स्योहारा। एक तरफ योगी सरकार के सख्त आदेश है कि भीषण गर्मी के बीच बिजली की किल्लत ना हो पाए उसके उलट बिजली विभाग सरकार की सभी नीतियों को पलीता लगाते हुए सीएम के आदेशों की धज्जियां उड़ा रहा है जिसके अंतर्गत नगर से सटे ग्राम सफियाबाद में पिछले 8 दिनों से ग्रामीण हवा पानी को तरस रहे हैं क्योंकि यहां पिछले कई दिनों से ट्रांसफार्मर रुका हुआ है उसकी तमाम शिकायतों के बावजूद भी बिजली विभाग ना तो ग्रामीणों की सुध ले रहा है और ना ही वहां का ट्रांसफार्मर बदल रहा है अपनी शिकायत लेकर आज भी जब नासिर शाकिर अबरार नौशाद आदि ग्रामीण एसडीओ ऑफिस पहुंचे तो एसडीओ अपने कार्यालय पर मौजूद नहीं




थे बताया जा रहा है कि एसडीओ अक्सर ही लेट ऑफिस आते हैं और वहां बैठकर फरियादियों की शिकायत ना सुनकर टालमटोल का रवैया अपनाकर मौज मारते हैं कुल मिलाकर आज भी सफियाबाद की ग्रामीण मायूस होकर घर को लौट आए भीषण गर्मी के बीच बच्चे बुजुर्ग वह बीमार सूखे हुए ट्रांसफार्मर को बदलवाने की आज देखते हुए कुदरत से भी बारिश की दुआ मांग रहे हैं ग्रामीणों ने अति शीघ्र सूखे हुए ट्रांसफार्मर को बदलवाने की मांग रोज और गुस्से के साथ उठाई है

22 may 2022:Layout 1 7/14/2022 12:51 AM Page 5



## सपा के गढ़ में भाजपा सांसद ने 700 करोड़ की औद्योगिक इकाई स्थापित करने के लिए किया भूमिपूजन, सपाइयों में हलचल,

दैनिक समाज जागरण गुन्नौर
विजेंद्र सिंह

गुन्नौर तहसील क्षेत्र के गांव नूरपुर मे प्रतापगढ़ के बीजेपी सांसद संगम लाल गुप्ता ने औद्योगिक इकाई स्थापित करने के लिए यूपी सीडा से जमीन अधिग्रहित की और बुधवार को अपने बेटे के साथ ब्राह्मण के द्वारा विधि विधान से भूमि पूजन कराया, बीजेपी सांसद द्वारा सपा का गढ़ माने जाने वाले गुन्नौर में 700 करोड़ की औद्योगिक इकाई स्थापित करने की सूचना से सपाइयों में हलचल होने लगी है, भूमि पूजन करने के बाद प्रतापगढ़ के बीजेपी सांसद सुमंगल गुप्ता ने बताया कि पीएम मोदी द्वारा देश में औद्योगिक इकाई स्थापित करने मैं आ रही सभी



तरह की बाधाओं को दूर कर दिया गया जिससे देश में एक बड़े स्तर पर औद्योगिक इकाई स्थापित हो रही हैं, और भारत देश विकास की रफ्तार पर चल रहा है, यह इकाई 40 एकड़ में 700 करोड़ की लागत से स्थापित की जाएगी जिससे यहां के स्थानीय लोगों को बड़े स्तर पर रोजगार मिलेगा, और विकास की गंगा बहेगी, इस इकाई का शीघ्र ही निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

## पौधों की आवश्यकता मनुष्य को जन्म से मृत्यु तक होती है; सत्येन्द्र कुमार सिंह राजपूत

### *वृक्ष ऑक्सीजन प्रदान कर वातावरण को स्वच्छ रखते हैं:रोली गुप्ता*

अखिलेश सिंह हरदोई हरदोई।जनपद और आसपास के क्षेत्रों में आज गुरु पूर्णिमा का पर्व उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान आश्रमों और मंदिरों में पूजा अर्चना की गई। बड़ी संख्या में लोगों ने धमार्चार्यों की शरण में पहुंचकर सुख समृद्धि का आशीर्वाद लिया। मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की गई।

हुसेनापुर धौकल के शिव सत्संग मण्डल आश्रम में श्रद्धालुओ ने सिद्धनाथ बाबा मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना की और शिव सत्संग मंडल आश्रम के मंडलाध्यक्ष आचार्य अशोक का सानिध्य प्राप्त कर उनसे सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान आचार्य अशोक ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में गुरु स्थान भगवा ध्वज को है।जो सनातन संस्कृति का प्रतीक है। उसी तरह शिव सत्संग मण्डल का गुरु कार्य परमपिता परमेश्वर शिव के आधीन है। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि वे काम, क्रोध, लोभ और मोह जैसी बुराइयों का त्याग कर सत्य की राह को अपनाएं और सद्गुणों को ग्रहण करें।तथा बढ़ती आबादी और बढ़ते पर्यावरण संकट से इस धरती को बचाएं। भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री सत्येन्द्र कुमार सिंह राजपूत ने कहा कि पौधों की आवश्यकता मनुष्य को जन्म से मृत्यु तक होती है। पौधे लगाएं और इन पौधों की सुरक्षा करना भी हमारी ही जिम्मेदारी है।कहा कि पृथ्वी पर प्रकृति और परमात्मा की असीम कृपा रही है। तमाम वनस्पतियों में औषधीय गुण होते हैं। जैसे आंवला तो पूर्णतः औषधि है, जामुन की गुठली तक उपयोगी होती है। अजवाइन उदर विकार के निदान में सहायक है। सभी में कुछ न कुछ गुण हैं। पौधारोपण करते समय ऐसी वनस्पतियों का रोपण किया जाना चाहिए।



पूर्व ब्लॉक प्रमुख रोली गुप्ता ने बताया कि वृक्ष हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं और शुद्ध हवा प्रदान कर वातावरण को स्वच्छ रखते हैं। इस दौरान सत्संगी जनों ने वृक्ष लगाओ धरा बचाओ, वृक्षा रोपण करना है प्रदूषण दूर भगाना है,

वृक्षारोपण कार्य महान आदि नारे लगाकर लोगों को पर्यावरण को बचाने के लिए जागरुक किया।

भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक नवनीत गुप्ता ने कहा कि पौध रोपण कर हम वातावरण को स्वच्छ बना सकते हैं और पर्यावरण को बचाने में भी सहयोग कर सकते हैं।

गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर स्वामी शांतानंद को अंग वस्त्र देकर रोली नवनीत गुप्ता ने सम्मानित किया।

इस अवसर पर अमित कुमार,योग प्रशिक्षक सत्यम,आचार्य जुगुल किशोर शर्मा,विद्या प्रकाश त्रिपाठी, अस्मित बाथम एवं केंद्रीय संयोजक अम्बरीष कुमार सक्सेना सहित अनेक श्रद्धालु भक्त मौजूद रहे।सभी ने श्रवण माह में शिवोपासना करने और पर्यावरण संकट हल करने के लिए पौधारोपण करने का शिव संकल्प लिया।

## उप जिलाधिकारी द्वारा एसडब्ल्यूसी गोदाम का निरीक्षण किया गया

### *अनुपस्थित कर्मचारियों पर कार्यवाही किए जाने की कही बात*

**अखिलेश सिंह हरदोई** उप जिलाधिकारी सदर दीक्षा जैन, उप जिलाधिकारी शाहाबाद धीरेन्द्र श्रीवास्तव व जिला पूर्ति अधिकारी के द्वारा संयुक्त रूप से एसडब्ल्यूसी गोदाम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान राशन के उठान की गति नबीन सिंगल स्टेज व्यवस्था मे कम होने के कारण किया गया। मौके पर उठान की गति शिथिल पायी गयी जिस पर तत्काल जाग्रत कराने हेतु सप्लाई इस्पेक्टर को निर्देशित किया गया कि गोदाम मे व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहकर मिशन मोड़ मे राशन का उठान करायेगें यदि ट्रकों की उपलब्धता या अन्य कोई भी समस्या होती है तो तत्काल सम्बन्धित से समन्वय स्थापित करेगें व उच्च अधिकारियों को अवगत करायेगें। निरीक्षण के दौरान एसडब्ल्यूसी के तीन कर्मचारी अनुपस्थित मिले जिसके लिए सम्बन्धित को उप जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि उनके खिलाफ



अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। गोदाम के निरीक्षण मे कुछ बोरियां अधिक भरी हुयी मिली जिस पर एसडब्ल्यूसी के प्रभारी को निर्देशित किया गया कि पूर्ण बोरियां ही भेजी जायेगी। यदि आधी खाली बोरी की कोई भी शिकायत आती है तो सम्बन्धित के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। जिन ठेकेदारों के ट्रक समय से नही आ रहें

## कैनाल रोड स्थित सिंचाई विभाग कार्यालय के अन्दर से जाते हुए नाले की सफाई का निरीक्षण किया गया

### *नालों में कोई ऐसी सामग्री न फेकें जिससे जल बहाव बाधित होता हो:- वन्दना त्रिवेदी*

अखिलेश सिंह हरदोई। शासन व जिलाधिकारी के निर्देश चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर जिलाधिकारी वन्दना त्रिवेदी द्वारा कैनाल रोड स्थित शारदा नहर सिंचाई विभाग कार्यालय के अन्दर से जाते हुए नाले की सफाई का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अधिशासी अधिकारी रविशंकर शुक्ल व डी पी एम पुष्पेन्द्र सिंह उनके साथ उपस्थित रहे। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि सिंचाई विभाग कार्यालय के अंदर से जाने वाले इस नाले की सफाई का कार्य आज 7 बजे मशीन व सफाई कर्मचारियों द्वारा प्रारम्भ किया गया जो शाम 4 बजे पूर्ण हो पाया। उन्होंने कहा



कि शहर के नालों की सफाई का कार्य अनवरत चल रहा है। उन्होंने शहरवासियों से अपील भी कि नालों में कोई ऐसी सामग्री न फेकें जिससे जल बहाव बाधित होता हो।

## पत्रकार के साथ अभद्रता करने वाला ग्राम प्रधान ब उसके भाइयों के खिलाफ थानाध्यक्ष ने दर्ज कराया मुकदमा

## पत्रकार को मिला न्याय प्रधान सहित दो की हुई गिरफ्तारी

समाज जागरण हरदोई ।जनपद के मझिला थाना क्षेत्र के ग्राम गंगू पुरवा निवासी आशीष कुमार पुत्र महेंद्र पाल जो पत्रकार हैं और राष्ट्रीय पत्रकार संरक्षण परिषद भारत जनपद हरदोई की तहसील शाहाबाद संयुक्त सचिव के पद पर नियुक्त हैं ग्राम पंचायत एलिमपुर में ग्राम प्रधान राजवीर के द्वारा सीसी सड़क गांव में बनवाई जा रही थी जिसमें नौनिहाल छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा कार्य कराया जा रहा था ग्रामीणों की सूचना पर पत्रकार आशीष कुमार दिनांक 12 जुलाई 2022 समय लगभग 5:00 बजे न्यूज कवरेज करने गए जैसे ही यह खबर ग्राम प्रधान राजवीर ब उनके अन्य भाइयों को लगी तो वह सभी आग बबूला हो गए और पत्रकार को गाली गलौज करने लगे जिस पर पत्रकार ने कहा कि आपके द्वारा छोटे-छोटे बच्चों से कार्य करवाया जा रहा है यह गलत है जिस पर प्रधान ब उसके भाइयों ने गाली गलौज व मारपीट करने लगे और मोबाइल भी छीन लिया लेकिन ग्रामीणों की मदद से मोबाइल वापस मिल गया वहीं भानु सिंह पुत्र राम सरन सिंह ने विरोध किया तो उक्त लोगों ने उसके साथ भी मारपीट की पत्रकार ने तत्काल राष्ट्रीय पत्रकार संरक्षण परिषद भारत जनपद हरदोई के जिला अध्यक्ष सत्यपाल सिंह को फोन के द्वारा अवगत कराया तो जिलाध्यक्ष ने तत्काल स्वयं व संगठन के अन्य पदाधिकारियों ने थानाध्यक्ष मझिला से फोन पर वार्ता की तो थानाध्यक्ष वह बाहर थे उन्होंने कहा कि मैं सुबह आता हूं और विधिक कार्रवाई करूंगा आज राष्ट्रीय पत्रकार संरक्षण परिषद भारत के संस्थापक आरसी शर्मा निरंकारी अधिवक्ता उच्च न्यायालय के कुशल मार्गदर्शन में एवं पुलिस अधीक्षक हरदोई राजेश द्विवेदी के निर्देश पर थानाध्यक्ष मझिला धर्मदास सिद्धार्थ ने तत्परता दिखाते हुए पत्रकार के ऊपर हुए जुल्म के खिलाफ तत्काल मुकदमा पंजीकृत कराया जिसमें धारा 147 323 504 506 आईपीसी के तहत जिसमें आरोपी राजवीर ग्राम प्रधान गिलेश, डेनी, सोहन, पुत्र कुंदन और कुंदन पुत्र कुशाल के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया गया इस मौके पर थाना मझिला परिसर में जिला अध्यक्ष सत्यपाल सिंह के नेतृत्व में 2 दर्जन से अधिक संगठन के जांबाज पत्रकार साथी थाने पहुंचकर पीड़ित पत्रकार की मदद की जिसमें जिला संयोजक जुहेव गाजी जिला उपाध्यक्ष लाल मोहम्मद लकी जिला कोषाध्यक्ष राजकुमार गुप्ता नरवेश सज्जाद मोहित सिंह रियाज खान राघवेंद्र सिंह प्रदीप सिंह आदि पत्रकार साथी मौजूद रहे

संगठन के जिला अध्यक्ष सत्यपाल सिंह ने बताया किसी भी पत्रकार पर चाहे वह कितना भी बड़ा माफिया हो संगठन से जुड़ा हमारा पत्रकार भाई है और हमारा संगठन उसके साथ चट्टान की तरह खड़ा है और अपने भाई की हर संभव मदद की जाएगी

## गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ पर हुआ सामूहिक यज्ञ का आयोजन कराया कन्या भोज

दैनिक समाज जागरण विजेंद्र सिंह बबराला

बबराला गायत्री शक्तिपीठ पर गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर सामूहिक यज्ञ का आयोजन किया गया, यज्ञ में क्षेत्र से सैकड़ों की तादात में महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लिया, विद्वान वक्ताओं ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर



गुरु से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी, उन्होंने कहा जीवन में बिना गुरु के अंधकार ही रहता है कोई भी व्यक्ति गुरु के बिना जीवन सफल नहीं बना सकता, भगवान से सीधा जोड़ने का काम गुरु सत्ता से ही होता है, वही यज्ञ में पहुंची महिला व पुरुष श्रद्धालुओं को बताया गया कि आप सभी लोग अपने आपको सुधारें अपने अहम को समाप्त कर दें तभी कुछ भला होगा, गायत्री शक्तिपीठ पर सामूहिक यज्ञ के आयोजकों ने कन्या भोज भी कराया, इस मौके पर क्षेत्र से आए सैकड़ों की तादाद में महिला एवं पुरुष श्रद्धालु तथा बच्चे मौजूद रहे।

## व्यवसायिक वाहनों के लिये एकमुश्त समाधान योजना लागू की गयी है:-ए आर टी ओ प्रशासन

**अखिलेश सिंह हरदोई** ।वरिष्ट सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन संजीव कुमार सिंह ने बताया है कि शासन द्वारा जारी अधिसूचना 27 जून के द्वारा 1 अप्रैल 2020 अथवा उसके पूर्व पंजीकृत व्यवसायिक वाहनों पर देय शास्ति (विलम्ब शुल्क) में छूट प्रदान करने के लिये एकमुश्त समाधान योजना लागू की गयी है। इस योजना के अन्तर्गत बकाया वाहन के स्वामियों को सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन के समक्ष रूपए 1000/- की धनराशि के आवेदन शुल्क के साथ दिनांक 27 जुलाई तक आवेदन करना होगा। इस योजना का लाभ वह वाहन स्वामी भी उठा सकते हैं, जिनके विरूद्ध बकाया कर एवं शास्ति की वसूली हेतु वसूली प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया हो। ऐसे वाहन स्वामी जिनकी वाहन को वित्तपोषक के द्वारा कब्जे में ले लिया गया हो। जिनके कर सम्बन्धी प्रकरण मा० न्यायालय/उप परिवहन आयुक्त (यात्रीकर) उ०प्र० लखनऊ के समक्ष लम्बित हो ऐसे समस्त परिवहन यान, जिनके स्वामी अथवा विधिक उत्तराधिकारी के विरूद्ध इस अधिसूचना अधिसूचित होने की दिनांक 27 जून तक कर एवं शास्ति हेतु वसूली प्रमाण-पत्र निर्गत किये गये हैं। वित्तपोषक द्वारा कब्जे में लिये गये वाहनों के लिए इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। योजना के अन्तर्गत वाहनों के प्रति बकाया कर की धनराशि को एकमुश्त अथवा किश्तों में जमा किया जा सकेगा। यदि वाहन स्वामी सम्पूर्ण बकाया धनराशि को एकमुश्त जमा कराना चाहता है तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी आदेश के दिनांक से 30 दिन के भीतर सम्पूर्ण धनराशि जमा करनी होगी। यदि किश्तो में जमा करना चाहता है तो आदेश जारी करने के दिनांक से प्रथम किश्त 21 दिन के भीतर ( बकाया कर का 50 प्रतिशत), द्वितीय एवं तृतीय किश्त कमशः 28 व 35 दिन के भीतर (बकाया कर का 25-25 प्रतिशत) जमा करना होगा। अधिसूचना द्वारा इस छूट हेतु निर्धारित समयावधि अर्थात 03 माह पूर्ण होने के पश्चात यदि परिवहन यान के स्वामी द्वारा सम्पूर्ण बकाया धनराशि जमा नहीं की जाती है, तो सम्बन्धित परिवहन यान के स्वामी पर देय बकाया कर व शास्ति अधिसूचना निर्गत होने के पूर्व देय बकाया कर व शास्ति के अनुरूप होगा। अर्थात उक्त यान के स्वामी को अधिसूचना के अन्तर्गत दी गयी छूट का लाभ प्राप्त नहीं होगा।

## गुरू पूर्णिमा के अवसर पर लगा पौराणिक अषाढ़ी मेला

अखिलेश सिंह/अंकित त्रिवेदी हरदोई।हरियावां कस्बे के प्राचीन देवी मंदिर परिसर में लगा पौराणिक अषाढ़ी मेला, श्रद्धालुओ की लगी भीड़।



हरियावां कस्बे के प्राचीन बाराही देवी मंदिर परिसर में मेले कि आयोजन किया गया जिसको देखने के लिए भारी संख्या में लोग पहुंचे। मेले में पहुंचने वाले सभी लोग सबसे पहले माता बाराही देवी की पूजा-अर्चना करने के पश्चात मेले में खरीददारी करते हैं, मेले में खिलौने, मिठाई आदि की दर्जनों दुकाने लगती हैं। बच्चों के मनोरंजन के लिए मेले में झूला भी लगता है। प्रत्येक वर्ष में एक बार लगने वाला अषाढ़ी मेला अपने आप में खास है यहाँ मिलने वाली मिठाई 'कपूरकंद' मेले की शोभा बढ़ाता है, यह मिठाई मेले के अलावा पूरे साल नहीं मिलती।

### मेले को लेकर बच्चों में दिखा उत्साह

अषाढ़ी मेले को लेकर बच्चों में मेले से कई दिन पूर्व से ही उत्साह नजर आया, बच्चे मेले के लिए काभी दिन पहले से ही तैयारी में जुट जाते हैं, करीब तमगे के बच्चे (जिनके माता-पिता मेले का खर्च नहीं उठा सकते) मेले में खरीददारी करने के लिए नीम के पेड़ में लगने वाले फल(निमकौरी) को इकट्ठा करके, बेचते हैं फिर उन पैसों से मेला देखते हैं।

### सैकड़ों वर्षो से लगता है अषाढ़ी मेला

हरियावां कस्बे के प्राचीन बाराही देवी मंदिर परिसर में लगने वाला अषाढ़ी मेला अषाढ़ मास की पूर्णिमा यानी गुरू पूर्णिमा को लगता है। मेला कमेटी के सदस्यों ने बताया कि यह मेला सैंकड़ों वर्षों से हरियावां धाम की पावन धरा पर विगत वर्षो से लगता आया है, मेले में बच्चों से लेकर बुजुर्ग भारी संख्या में पहुंचते है, आसपास के दर्जनों गावों के लोग भी इस मेले पहुंचते हैं।

## मैजिक ने बाइक में सामने से मारी टक्कर, दवा लेने जा रहे देवर -भाभी की मौत

**समाज जागरण हरदोई**। बिलग्राम थाना क्षेत्र के परसोला में मैजिक ने बाइक में सामने से टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार देवर और भाभी की मौत हो गई। आपको बताते चले कि मेंहदीघाट से देवर अपनी भाभी को लेकर परसोला दवा लेने जा रहा था। जहां तेज रफ्तार मैजिक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को ईलाज के लिए सीएचसी बिलग्राम भेजा, जिसमें भाभी अनीता की बिलग्राम सीएचसी पर पहुंचते ही मौत हो गई। जबकि उत्तम के जिला अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। दर्दनाक हादसे से परिजनों में कोहराम मच गया है। बिलग्राम पुलिस ने मैजिक को कब्जे में ले लिया है, तथा मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।





एएसपी पूर्वी अनिल कुमार यादव ने बताया कि देवर अपनी भाभी को लेकर परसोला दवा लेने जा रहा था। जहां बिलग्राम -कन्नौज हाईवे पर मैजिक ने सामने से टक्कर मार दी। जिसमें अनीता की सीएचसी बिलग्राम में मौत हो गई, जबकि उत्तम को जिला अस्पताल में डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। एएसपी ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर जांच कर आगे की कार्यवाही की जायेगी

## मां ने बेटे को देर रात्रि तक मोबाइल देखने से मना किया तो बेटे ने फांसी लगाकर जान दे दी

करनैलगंज(गोंडा) 13 जुलाई। मां ने बेटे को देर रात्रि तक मोबाइल देखने से मना किया तो बेटे ने फांसी लगाकर जान दे दी। मामला कोतवाली करनैलगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत उल्लहा के मजरा हरसहाय पुरवा से जुड़ा है। यहां के निवासी जगदेव अवस्थी का 19 वर्षीय पुत्र राममनोहर अवस्थी शाम गांव के समीप चैराहे पर आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने गया था। वापस घर आया तो वह रात्रि 2 बजे तक मोबाइल पर मनपसंद फिल्म आदि देखता रहा। उसकी मां ने उसे पिक्चर देखने से मना करके सोने व सुबह जल्दी उठकर स्कूल की तैयारी करने को कहा। कुछ ही देर बाद उसने साडी का फंदा बनाकर घर के सामने लगे अमरूद के वृक्ष में फांसी के फंदे से झूल गया। सुबह फांसी के फंदे से राममनोहर को झूलता देख परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये जिला मुख्यालय भेज दिया है। कोतवाल सुधीर सिंह ने बताया कि रात्रि अधिक होने से मां ने मोबाइल पर गेम खेलने से युवक को मना किया था। जिस पर उसने फांसी लगा लिया, उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा जा चुका है।

## आत्महत्या के लिए उकसाने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

इटियाथोक(गोण्डा) 13 जुलाई। पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाये जा रहे अपराध तथा अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान व महिलाओं तथा बच्चियों के अन्दर सुरक्षा की भावना जागृत करने के आदेश के अनुपालन में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी सदर जनपद गोण्डा के निर्देशन में थानाध्यक्ष इटियाथोक के नेतृत्व में मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना स्थानीय की पुलिस फोर्स द्वारा क्षेत्र भ्रमण व मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना क्षेत्र में आम जनमानस को जागरूक करने के दौरान 1 नफर अभियुक्त अकरम पुत्र बरकत अली निवासी ग्राम विरमापुर थाना इटियाथोक जनपद गोण्डा को सम्बन्धित मु0अ0सं0 192/21 धारा 306 भा0द0वि0 जो कि फरार चल रहा था को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तारकर्ता टीम में थानाध्यक्ष करूणाकर पाण्डेय, महिला कांस्टिबल लक्ष्मी देवी, महिला कांस्टिबल निशा शुक्ला कांस्टिबल बृजेश यादव द्वितीयएवं कांस्टिबल दिनेश मद्धेशिया शामिल रहें।



## वाहन चोर गिरोह का पदार्फाश, 10 अदद चोरी की मोटरसाईकिलें बरामद, एक अभियुक्त गिरफ्तार:

गोंडा 13 जुलाई। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने मंगलवार को नगर कोतवाली में आयोजित प्रेसवार्ता दौरान बताया कि पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर ने जनपद में घटित वाहन चोरी की घटनाओं में लिप्त अपराधियों को गिरफ्तार कर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को दिए थे। पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये गए इन्ही दिशा-निदेर्शों के अनुक्रम में थाना को0 नगर व एस0ओ0जी0 की संयुक्त टीम को वाहन चोर गिरोह के 1 सदस्य को गिरफ्तार कर चोरी की गयी 10 मोटरसाईकिलों को बरामद करने में सफलता मिली है। उक्त निर्देश के क्रम में थाना कोतवाली नगर व एस0ओ0जी0 की संयुक्त टीम ने सुरागरसी-पतारसी कर दिनांक 11/12.07.2022 की रात्रि गस्त के दौरान वाहन चोर गिरोह के 1 सदस्य शिवम उर्फ शुभम तिवारी पुत्र सुनील तिवारी नि0 पिपरी मांझा थाना कटराबाजार जनपद गोण्डा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे व निशानदेही से 10 अदद चोरी की मोटरसाईकिलों को बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि यह मोटरसाईकिलें हम अपने गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर अलग-अलग जनपदों से चोरी किए है तथा आर्थिक लाभ कमाने हेतु मोटरसाईकिलों के नम्बर प्लेट बदलकर बेच देते है। पुलिस टीम द्वारा गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। अभियुक्त के विरूद्ध थाना को0 नगर पुलिस द्वारा गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी। गिरफ्तार कर्ता टीम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर पंकज कुमार सिंह मय टीम एवं प्रभारी एस0ओ0जी0 अमित कुमार मय टीम शामिल रहे।




## महेश बने बजरंग दल प्रान्त संयोजक

नवाबगंज(गोण्डा) 13 जुलाई। विश्व हिन्दू परिषद की दो दिवसीय प्रान्त योजना बैठक आदर्श विद्या मंदिर गीतापुरम उन्नाव मे सम्पन्न हुई. अवध प्रान्त की इस इस योजना बैठक मे जहां 6 माह के कार्यो की समीक्षा हुई वहीं आगामी 6 माह की कार्ययोजना भी बनाई गयी. योजना बैठक मे संगठन को मजबूत करने हेतु लोगो को जिम्मेदारियां भी दी गयी.बैठक मे क्षेत्रीय संगठन मंत्री गजेंद्र जी ने युवा शाखा बजरंग दल के प्रान्त सह संयोजक महेश तिवारी को अवध प्रान्त का संयोजक मनोनीत किया.महेश तिवारी गोण्डा जिले मे अधिवक्ता हैं साथ ही बचपन से ही वह संगठन मे प्रखंड,जिला, विभाग के दायितवो पर रहते हुए संगठन मे अपना विशेष योगदान दिया है. उनके प्रान्त संयोजक बनाये जाने पर प्रान्त के धर्मयात्रा प्रमुख राकेश वर्मा गुड्डू, प्रान्त कार्य कारिणी सदस्य राजकुमार शुक्ला, विभाग मंत्री विद्याभूषण, विभाग संयोजक बलराम शुक्ला, जिलाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद, विजय किशोर मिश्र,जिला संयोजक शिवशंकर शिंह नीशू,आलोक मिश्र,भरत गिरी, रामशंकर शर्मा,अजीत शर्मा,राजेश तिवारी,अमित पटवा,अवधेश पाण्डेय आदि ने उन्हें बधाई दी है।

## देहात कोतवाल ने दिखाई मानवता, पीड़ित महिला के दूधमुहा बच्चे को पहनाया कपड़ा

### *:-सोमवार से भटक रही महिला को कुछ ही घंटों में कोतवाल ने दिलाया न्याय*

गोंडा 13 जुलाई। थाना कोतवाली देहात अंतर्गत भूलभुलिया की रहने वाली महिला ने घरेलू विवाद को लेकर पति ने मारपीट कर घर से भगा दिया था जिस पर पीड़ित महिला सोमवार से ही अपने दो बच्चों को लेकर इधर उधर भटक रही थी और रात्रि में उसको स्टेशन पर अपने दोनों बच्चों को लेकर रात गुजारना पड़ा। पीड़ित महिला जब पूछते पूछते सुबह अपने दोनों बच्चों के साथ कोतवाली देहात पहुंची तो प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत त्रिपाठी की नजर उस महिला व दोनों बच्चों पर पड़ी तो उन्होंने अपने चेंबर से निकल कर महिला की फरियाद को सुना व पीड़ित महिला के गोद में ग्यारह माह का दूधमुहा बच्चा जयवीर जिसके तन पर कपड़ा भी नहीं था और पीड़िता अपने गोद में किसी तरीके से ले रख्खी थी, कोतवाल ने मानवता दिखाते हुए तत्काल अपने पुलिसकर्मी को भेजकर बच्चों के लिए कपड़ा चप्पल बिस्किट इत्यादि सामान मंगा कर पहनाया और बच्चों को खिलाया तथा पीड़ित महिला को तत्काल न्याय दिलाने की बात कही। कोतवाली देहात अंतर्गत भूलभुलिया की रहने वाली पीड़ित महिला सोनी सिंह ने प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात को अपनी आपबीती बताते हुए कहा कि मेरे पति संदीप कुमार सिंह ने सोमवार सास बहू के घरेलू विवाद को लेकर हमको मारा पीटा और बेटी दिव्या सिंह दस वर्ष व बेटा जयवीर सिंह ग्यारह माह को घर से मारपीट कर भगा दिया पीड़ित महिला रात भर अपने दोनों बच्चों के साथ इधर उधर भटकती रही और किसी तरीके से स्टेशन पर रहकर रात गुजारी पीड़ित महिला ने बताया कि सुबह हम अपने दोनों बच्चों को लेकर लोगों से पूछते पूछते किसी तरीके से कोतवाली देहात पहुंचे तो कोतवाल साहब अपने कमरे से निकल कर आए और हमारी फरियाद सुनी तथा कोतवाल साहब ने मेरे बेटे को कपड़ा व चप्पल मंगा कर पहनाया और उसके बाद बिस्किट जूस इत्यादि सामान मंगा कर दोनों बेटे को खिला कर न्याय दिलाने की बात कही। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि एक महिला जिसका नाम सोनी सिंह था और वह अपने दो बच्चों के साथ कोतवाली परिसर में हमको दिखी तो हमने अपने चेंबर से निकलकर पूछा क्या मामला है तो उसने सास बहू घरेलू विवाद बताते हुए अपनी बात बताई जिस पर मेरे द्वारा तत्काल मौके पर पुलिस को भेजकर उसके पति को बुलाया गया और समझा-बुझाकर दोनों को एक साथ रहकर जीवनयापन करने की सलाह दी गई तथा महिला और बच्चों को पति को सुपुर्द कर दिया गया।



## लड़की के घर में घुस कर बलात्कार करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**इटियाथोक(गोण्डा)** 13 जुलाई। पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाये जा रहे अपराध तथा अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान व महिलाओं तथा बच्चियों के अन्दर सुरक्षा की भावना जागृत करने के आदेश के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी सदर जनपद गोण्डा के निर्देशन में थानाध्यक्ष इटियाथोक के नेतृत्व में इटियाथोक पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मु0अ0सं0 36/22 धारा 452/323/324/504/354/376/506 आईपीसी थाना इटियाथोक से सम्बन्धित लड़की के घर में घुस कर बलात्कार करने वाला अभियुक्त संतोष पुत्र भगवानदीन निवासी ग्राम सहजाजोत पूरेसिधारी थाना इटियाथोक जनपद गोण्डा को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया। गिरफ्तारकर्ता टीम में वरिष्ठ उप निरीक्षक विश्वास कुमार चतुर्वेदी, हेड कांस्टिबल अभिमन्यु गुप्ता, हेड कांस्टिबल अखिलेश सिंह एवं कांस्टिबल जगदीश कुमार शामिल रहें।

## चकरोड़ रोके जाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट का वीडियो वायरल, जांच में जुटी पुलिस

समाज जागरण हरदोई। अतरौली थाना क्षेत्र के महुआ डांडा में चकरोड़ के विवाद में लाठी -डंडे चलने का वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें दो पक्षों में जमकर लाठी -डंडे चलते नजर आ रहे है। ग्रामीणों के मुताबिक चकरोड़ के कार्य को दबंगों द्वारा रोके जाने को लेकर विवाद बढ़ गया। जिसमें दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। महिलाओं व पुरुषों में जमकर लाठी -डंडे चलने का वीडियो वायरल हो रहा है। दरअसल पूरा मामला यह है कि मनरेगा मजदूर चकरोड़ बनाने का कार्य कर रहे थे। उसी दौरान दबंगों ने चकरोड के कार्य का विरोध किया, जिस पर दोनों पक्षों में जमकर मारपीट होने लगी। महिलाओं -पुरुषों में मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस ने आरोपियों को तलाश कर कार्यवाही शुरू कर दी है। महिलाओं-पुरुषों में मारपीट का वीडियो वायरल होने पर लोगों में काफी चर्चा बनी है।



22 may 2022:Layout 1 7/14/2022 12:51 AM Page 6



## पुलिस अधीक्षक का तूफानी दौरा कई थानों का किया औचक निरीक्षण

समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी

अमेठी नवागत पुलिस अधीक्षक अमेठी इलामारन जी द्वारा थाना रामगंज के थाना परिसर , कार्यालय शस्त्रागार , अभिलेख , मेस , बैरिक , महिला हेल्प डेस्क आदि का निरीक्षण कर थानाध्यक्ष राम गंज उमेश कुमार मिश्रा व उपस्थित अन्य अधिकारी / कर्मचारी गण को अपराध , लंबित दिवेचना व शिकायती प्रार्थना पत्रों का समय बद्ध , गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करने हेतु आवश्यक आदेश - निर्देश दिये गये तथा पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी उपस्थित कर्मचारीगण से उनकी समस्याओं के बारे में पूछा गया तथा उनके समाधान हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया एवं पुलिस बीट एप व डयूटी संबंधी अन्य आवश्यक बिन्दुओं पर जानकारी दी गई तथा सभी को सतर्कता पूर्वक ड्यूटी करने हेतु ब्रीफ किया गया।



## लेखपाल अरुण श्रीवास्तव पर क्षेत्र के कई लोगों ने रिश्वत लेने का आरोप लगाया है।

समाज जागरण संवाददाता मोहम्मद तारिक

अमेठी बाजार शुकुल लेखपाल पर रिश्वतखोरी के मामले थम नहीं रहे हैं। सोमवार को शुकुल बाजार के ग्राम पंचायत बदलगढ़ में तैनात लेखपाल अरुण कुमार श्रीवास्तव पर क्षेत्र के कई लोगों ने रिश्वत लेने का आरोप लगाया है। आरोप है कि लेखपाल अरुण कुमार श्रीवास्तव ने हदबरारी के नाम पर शुकुल बाजार क्षेत्र के ग्राम पंचायत बदलगढ़ के ताला गाँव निवासी नुरुलहसन ने खेत की जमीन की नापजोख करने के नाम पर लेखपाल अरुण कुमार श्रीवास्तव ने 24 हजार रुपये लिए और एक वर्ष बीत जाने के बाद भी बुजुर्ग नुरुलहसन के खेत. की नाप नहीं हो सकी जब बुजुर्ग लेखपाल अरुण कुमार श्रीवास्तव. से नाप की बात करते हैं। तो बहाना बना कर टाल देते हैं। जब बुजुर्ग ने वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर वायरल किया तो जिलाधिकारी राकेश मिश्रा ने संज्ञान लेते हुए जांच के आदेश दिए लेकिन दो दिन बीत चुके हैं। अभी तक इस दबंग लेखपाल पर कोई कार्यवाही नहीं की गई और न पीड़ित बुजुर्ग से कोई सम्पर्क किया गया



पीड़ित ने बताया की एक बार एस डी एम से शिकायत कर चुके हैं। फिर भी कोई कार्यवाही नहीं की गयी

इस बार तहसील दिवस में जा कर जिलाधिकारी से न्याय कि गुहार लगायेंगे

## गर्भवती की मौत, मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप

समाज जागरण प्रमोद साहू बिहार प्रतापगढ़:झ्र

प्रसव के दौरान विवाहिता की हालत बिगड़ने पर उसकी मौत हो गई। प्रसूता की मौत को लेकर परिजनो में कोहराम मच गया। पीएम के बाद शव घर लौटा तो मायके वालो ने हत्या का आरोप लगाया। आरोप है कि बेटी पैदा होने से ही ससुराल वाले उसका उत्पीड़न कर रहे थे।मानिकपुर थाना क्षेत्र के ताजउद्दीनपुर गांव निवासी मनीषा (35) पत्नी राहुल जायसवाल गर्भवती थी। सोमवार को उसे प्रसव पीड़ा हुई तो परिजन उसे प्रसव को रायबरेली ले गए। प्रसव के दौरान विवाहिता की हालत बिगड़ने लगी तो लखनऊ ले गए। प्रसव के दौरान लखनऊ में विवाहिता की मौत हो गई जबकि नवजात बालिका स्वस्थ्य एवं सुरक्षित है।

## तीन के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज

समाज जागरण अरुण शुक्ल

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियो के खिलाफ घर मे घुसकर मारपीट तथा तोडफोड व धमकी के मामले मे हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया है। कोतवाली के छेमर सरैंया निवासी राजमणि पाल पुत्र स्व. रामखेलावन ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती दस जुलाई को दिन मे रंजिशन गांव के शेषमणि पाल पुत्र रामखेलावन तथा हिमांशु व प्रियांशु पाल पुत्रगण शेषमणि उसके दरवाजे पर लाठी डंडे से लैस होकर आ धमके। आरोपियो ने पीडित को गाली दिया तो पीडित ने विरोध किया। इस पर आरोपियो ने घर मे घुसकर पीडित तथा उसके परिवार के सदस्यो को मारापीटा। आरोपियो ने घरेलू सामान मे तोडफोड कर नुकसान भी पहुंचाया। हमले मे चोट अधिक लगने से पीडित बेहोश हो गया। तहरीर पर पुलिस ने सोमवार की रात आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## सद्भावना दिवस के रूप में मनाया जाएगा प्रमोद तिवारी का जन्मदिन

समाज जागरण अरुण कुमार शुक्ल

लालगंज, प्रतापगढ़। स्थानीय नगर स्थित कैम्प कार्यालय पर मंगलवार को कांग्रेस कार्यकताओं की बैठक में आगामी पन्द्रह जुलाई को राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी के जन्मदिन की पूर्व बेला पर सदभावना सभा के आयोजन को लेकर विचारविमर्श हुआ। बैठक में सांसद प्रमोद तिवारी के जन्मदिन को लेकर पन्द्रह जुलाई को स्थानीय हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी कालेज में दिन में एक बजे से सदभावना सभा मे फरेंदा महराजगंज के विधायक वीरेन्द्र चौधरी बतौर मुख्यअतिथि आयेंगे। समारोह की अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना करेंगी। बैठक में यह भी तय हुआ कि प्रमोद तिवारी के जन्मदिन सोलह जुलाई से एक माह तक क्षेत्र के प्रत्येक ग्राम पंचायतों व नगरीय अंचलो मे वृहद पौधरोपण अभियान की शुरूआत की जाएगी।

## सार्वजनिक स्थलों पर भ्रमण कर महिलाओं / बालिकाओं को जागरूक किया गया

समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो अमेठी

महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत जनपद के थानो द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर भ्रमण कर महिलाओं/बालिकाओं को जागरूक किया गयाह्व ।

पुलिस अधीक्षक अमेठी इलामारन जी0 के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी विनोद कुमार पाण्डेय के पर्यवेक्षण में ह्लमिशन शक्तिह्व अभियान के तहत नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से जनपद के थानो द्वारा बाजारों व सार्वजनिक स्थानों व गांव में जाकर महिलाओं व बालिकाओं को1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076झ्रमुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइट्ट, 102-स्वास्थ्य सेवा तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया गया । एन्टी रोमियो टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर मनचलो शोहदों द्वारा छेड़छाड़ व महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत सतत निगरानी करते हुए अभियान चलाया गया



## अमेठी सायबर सेल टीम ने खोये हुए 101 मोबाइल फोन को बरामद किया

समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो अमेठी

उत्तर प्रदेश की अमेठी सर्विलांस टीम व सायबर सेल टीम के हाथ बड़ी सफलता हाथ लगी है। सर्विलांस टीम व सायबर सेल टीम ने खोये हुए 101 मोबाइल फोन को बरामद किया है। बरामद हुए मोबाइलों की कीमत लगभग 15 लाख 35 हजार रुपए बताई जा रही है। एसपी ने खोये हुए मोबाइलों को उनके मालिकों को सौंपा। मोबाइल पाकर मालिकों ने पुलिस के इस कार्य की प्रसंशा की। अमेठी पुलिस अधीक्षक अमेठी इलामारन के आदेशानुसार व अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी विनोद कुमार पाण्डेय के निर्देशन में सर्विलांस टीम द्वारा अथक प्रयास करके 101 अदद खोये हुए मोबाइल फोन को बरामद किये गये, उक्त मोबाइल फोन विभिन्न तिथियों में उनके मालिकों द्वारा खो दिये गये थे। जिसको सर्विलांस टीम व साइबर सेल टीम द्वारा जनहित में प्रयास करके खोये हुए मोबाइलों की बरामदगी की गई। जिनकी कीमत लगभग 15 लाख 35 हजार रुपए है। एसपी ने सभी मोबाइल को उनके मालिको को सुपुर्द किये गये है।



मोबाइल मलिक रवींद्र कुमार ने कहा कि बड़ी अच्छी बात है। आज से 6-7 महीने पहले मेरा मोबाइल कही गिर गया था। जिसकी शिकायत मैंने पुलिस से की थी और निवेदन किया था कि सर्विलांस पर लगा मेरा मोबाइल खोजने की कृपा की जाएं। जिस पर पुलिस ने बड़ी अच्छी तरह से काम किया और आज मेरा मोबाइल मुझे मिला। वही वेद प्रकाश यादव ने बताया कि चार महीने घर से मोबाइल फोन चोरी हो गया था। जिसके विषय में सर्विलांस टीम को सूचना दी गई थी। कल मेरे पास पुलिस का फोन आया कि आपका मोबाइल मिल गया है। आज मै यहां आया और एसपी ने मेरा मोबाइल मुझे वापस दिया। मै नवागत पुलिस अधीक्षक को और पूरी पुलिस को धन्यवाद कहना चाहूंगा।

## ढाबा के सामने सिपाहियों की दंबगई युवक को गाली-गलौज के साथ दी धमकी

समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी

अमेठी जिला कोतवली में तैनात सिपाहियों की दबंगई सामने आई है। देर रात बिना वर्दी के दाबा पहुंचे सिपाहियों ने युवक के साथ गाली-गलौज करते हुए 10 हजार का चालान काटने की धमकी दी। मामले मे एसपी ने जांच के आदेश दिए है मामला अमेठी जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अन्तू बाईपास का है। कालिका ढाबा में देर रात कोतवाली में तैनात सिपाही मनीष पाल अपने साथी के साथ पंहुचा था ढाबा पर आयुष अग्रहरि अपने दोस्तों के साथ रवाना खाकर वापस आ रहा था इसी समय आयुष ने सिपाही मनीष से अपनी गाड़ी किनारे करने के लिए कहा ताकि वह अपनी गाड़ी निकाल सके । इस पर सिपाही मनीष भड़क गया। उसने अपने साथी के साथ मिलकर धमकी गाली गलौज शुरू कर दी। साथ ही मोबाइल से आयुष की गाड़ी की फोटो खीचनें लगा कहा कि तुम्हारे घर दस हजार का चालान कल पहुंचेगा इसके साथ ही दोबारा मिलने पर मरने पीटने की धमकी दी धमकी देते हुए सिपाहियों का किसी ने विडियो बन लिया। जो शोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। आयुष ने बताया कि हम लोग खा कर वापस आ रहे थे। रास्ते में यह लोग अपनी गाड़ी को हम लोगों के गाड़ी आगे खडा कर दिए थे हम लोगों को गाड़ी निकालने समस्या हो रही थी हमने कहा कि भैया गाड़ी हटा लिजिए तो उन्होंने कहा कि गाड़ी नहीं हटाएगें हम लोगों को गली देने लगे इसके बाद हमने पूछा कि गली क्यों दे रहे हो इसके बाद वह फोटों खीचने लगे । कहा कि दस हजार का चालान तुम्हारे घर जायेगा हम लोग घर चले आए इसके बाद रात एक बजे एक बुलेट और दो आपाची गाडी से मनीष पाल और उसके साथी हमारे घर आए दरवाजा पीटने लगा तो मैंने दरवाजा नहीं खोला मामले में तुल पकड़ा तो एसपी ने जांच बैठा दी। सीओ मनोज कुमार यादव ने बताया कि यह मामला उच्च अधिकारियों के संज्ञान मे है। मामले के जांच की जा रही है जो कि दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी ।

## गंगा स्नान के लिए उमड़ा श्रद्धालुओं का हुजूम; मंदिरों में भक्तों ने टेका माथा

समाज जागरण प्रमोद साहू बिहार प्रतापगढ़:झ्र

बुधवार को गुरु पूर्णिमा धूमधाम से मनाई जा रही है। हजारों की संख्या में भक्त हौदेश्वर नाथ धाम पहुंचे श्रद्धालुओं ने गंगा में पुण्य की डुबकी लगाई। भोर से ही ट्रैक्टर-ट्राली और कार से लोगों के कछला पहुंचकर गंगा स्नान करने का सिलसिला शुरू हो गया था। हर-हर गंगे का जयकारा लगाते हुए लोगों ने स्नान के बाद दान दिया।गुरु पूर्णिमा और व्यास पूर्णिमा के दोहरे पर्व पर गंगा स्नान का पुण्य लाभ पाने को श्रृद्धालुओं की भीड़ मंगलवार की शाम से ही इलाके के गंगा घाटों पर जुटने लगी। मानिकपुर के शाहाबाद, कालाकांकर, नौबस्ता, बाबा हौदेश्वरनाथ, जहानाबाद आदि गंगा घाटों पर श्रृद्धालुओं की भीड़ जुटी। बुधवार की भोर से ही गंगा भक्त हर हर गंगे के जयकारे संग गंगा की धारा में डुबकी लगाने लगे। दोपहर बाद तक गंगा स्नान करने वालों का तांता लगा रहा। स्नान दान के बाद श्रृद्धालुओं की भीड़ सिद्ध पीठ मां ज्वाला देवी मंदिर और बाबा हौदेश्वरनाथ मंदिर पर पहुंची। मां का पूजन अर्चन किया, भगवान शिव का जलाभिषेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रृद्धालुओं को जाम के चलते धूप में परेशान होना पड़ा।



## एसपी दिनेश सिंह ने कांवरियों की सुरक्षा को लेकर हरिद्वार बिजनौर बॉर्डर का लिया जायजा

शमीम अहमद सिद्दीकी
दैनिक समाज जागरण

बिजनौर के एसपी दिनेश सिंह ने कावड़ यात्रा को लेकर बिजनौर हरिद्वार बॉर्डर पर रपटा बरसात के पानी से बचाव के लिए कांवरियों की सुविधा के लिए जायजा लिया संबंधित अधिकारी को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

कांवरियों की सुरक्षा को लेकर ड्रोन कैमरे से की जाएगी निगरानी व सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं

दरअसल आपको बता दे जनपद बिजनौर के एसपी दिनेश सिंह व एसपी सिटी डॉ. प्रवीन रंजन सिंह ने हरिद्वार बिजनौर बॉर्डर पर रपटा बरसात के पानी से कांवरियों की सुविधा के लिए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और थाना मंडावली क्षेत्र अंतर्गत मोटा महादेव पुलिस चौकी व मोटा महादेव मंदिर पर कावड़ श्रद्धालु के लिए सुरक्षा व्यवस्था के लिए कॉवड यात्रा व बरसात में बाढ़ से बचाव के लिए कानून व्यवस्था के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद गजेंद्र पाल सिंह के साथ जायजा लिया और संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं एसपी दिनेश सिंह ने बताया कि कावड़ यात्रा सुरक्षा को लेकर ड्रोन कैमरे से भी निगरानी की जाएगी और सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं कांवड़ यात्रा को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम कर लिए गए है





## शिविर में 1024 दिव्यांगजन व वृद्धजनों को निशुल्क सहायक उपकरण बांटे गए

अजय दुबे कन्नौज

कन्नौज। कन्नौज सांसद सुब्रत पाठक ने छिबरामऊ के मां भगवती महाविद्यालय में आयोजित शिविर में 1024 दिव्यांगजन व वृद्धजनों को निशुल्क सहायक उपकरण वितरित किये।

जिसमे 348 दिव्यांगजन को बैटरी चलित ट्रायसाईकल व 377 अन्य दिव्यांगजनों को मैन्युअल ट्रायसाईकल 574 दिव्यांगजनो को वैशाखी, 198 को फोल्डिंग व्हील चेयर, 170 को वॉकिंग स्टिक,198 को कान की मशीन सहित अनेकों उपकरणों का वितरण किया गया। एलिम्को कानपुर के सहयोग से आयोजित इस कैम्प में कुल 3693 उपकरणों का वितरण किया गया। सांसद ने एलिम्को व दिव्यांगजन विभाग का धन्यवाद देते हुए सभा मे उपस्थित लोगों को भरोसा दिलाया कि वो अपने इस कार्यकाल में अपनी लोकसभा क्षेत्र के सभी दिव्यांगों को उनके सहायक उपकरण दिलाकर दिव्यांगों की पूर्ण आबादी को संतृप्त करने का पूर्ण प्रयास करेंगे।

इस कैम्प में छिबरामऊ व विधूना विधानसभा के लाभार्थी शामिल थे, दिव्यांगों का अगला कैम्प 14 जुलाई को तिर्वा के गिरीशानंद महाविद्यालय में होना है जिसमे तिर्वा और रसूलाबाद विधानसभा के लाभार्थी शामिल होंगे।




## वेद परसदा की 55 वर्षीय महिला 4 दिनों से गुमसुदा

समाज जागरण बिलासपुर वेद परसदा। नाम श्यामा बाई केंवट उम्र 55 वर्ष ग्राम -वेद परसदा ( मस्तूरी), नयापारा वार्ड क्र.- 17 कि निवासी है। रविवार 10.07.2022 को 11 बजे से 12 बजे के बिच घर से निकल गई है। कद लगभग 5 फिट के आसपास रंग`दाया हाथ के उंगली मे अंगूठी पहनी है और दाया हाथ के भूजा में पिला रंग का धागा पहनी है दोनो हाथ के भूजा में गोदना है।(विधवा महिला) सावली है हाथ में चाँदी की चूड़ी और साड़ी हल्का काला हरा सिर पर स्कार्फ और भूरा रंग के बेग हाथ में पकड़ी है। अतः किसी भी व्यक्ति को मिले या फिर दिखे तो तुरंत संपर्क करे संपर्क करने वाले को 5000 इनाम दिया जायेगा।

संपर्क करे /मेलाराम केंवट

मो. - 9165420624 9303180109 6266078325 7987578772



## अमेठी शॉर्ट सर्किट से कपड़े की दुकान में लगी आग

समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो अमेठी

अमेठी जिले के जायस कस्बे आज अज्ञात कारण से रेडीमेड की दुकान में आग लग गई। आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना दुकान मलिक और फायर ब्रिगेड को दी। जब तक फायर ब्रिगेड आग पर काबू पाती तब तक आग की चपेट में आने से 15 लाख रुपए के कपड़े जलकर खाक हो गये

मामला जायस थाना क्षेत्र के सुलतानपुर-रायबरेली रोड पर स्थित साहू मार्केट का है। जहां मार्केट में फतेह मोहम्मद अपनी रेडीमेड की दुकान करते है। सुबह फतेह मोहम्मद की शोएब रेडीमेड नाम से दुकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी फायर ब्रिगेड को दी। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने जब तक आग पर काबू पाया तब तक आग की चपेट में आने से दुकान में रखा 15 लाख रुपए का कपड़ा जलकर राख हो गया। अचानक लगी आग से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। वहीं मार्केट मलिक ने इसकी सूचना दुकानदार फतेह बहादुर को दी।



दुकानदार फतेह बहादुर ने बताया कि आज सुबह मेरे पास मार्केट मलिक अर्पित साहू का फोन आया कि आपकी दुकान से धुआं निकल रहा है। जिस पर मै भाग कर वहा पहुंचा तो देखा कि दुकान में आग लगी हुई है। फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी मौके पर पहुंची लेकिन जब तक फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया तब तक आग से दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। आग लगने से करीब 15 से 16 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। अब दुकान से मलबा निकाल दुकान की सफाई कर रहें है। दिमाग बहुत परेशान हो गया है।

## सीडीओ के निर्देशन में 492 विद्यालयों में टाइलीकरण एवं 524 विद्यालयों में बाउंड्री वॉल निर्माण का हुआ शुभारंभ

समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो अमेठी

डॉ अंकुर लाठर मुख्य विकास अधिकारी अमेठी द्वारा अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन कर्मठता के साथ किया जा रहा है इसी कड़ी में उनके निर्देशन में 492 ऐसे शासकीय विद्यालय जहां पर कक्षाओं में टाइल्स नहीं लगी है वहां आज दिनांक 13 जुलाई 2022 को टेली करण का कार्य प्रारंभ कराया जिसमें उनके द्वारा विकासखंड गौरीगंज में मुख्य विकास अधिकारी अमेठी द्वारा गोद लिया गया विद्यालय प्राथमिक विद्यालय धनी जलालपुर में उक्त कार्य का शुभारंभ किया गया साथ ही बेसिक शिक्षा अधिकारी अमेठी जिला पंचायत राज अधिकारी अमेठी खंड विकास अधिकारी गौरीगंज एवं पंचायत सचिव धनी जलालपुर को निर्देशित किया गया कि 10 दिवस के भीतर विद्यालय में टेली करण का कार्य मानक एवं गुणवत्ता पूर्वक तरीके से पूर्ण हो जाए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही छम में नहीं होगी साथ ही मुख्य विकास अधिकारी अमेठी द्वारा विद्यालय प्रांगण में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्र-छात्राओं एवं मौके पर उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों शिक्षकों के साथ वृक्षारोपण का कार्य किया गया वाह संदेश दिया गया कि वृक्ष की देखभाल करते रहे हैं समय-समय पर उन्हें जल से सिंचाई आदि की व्यवस्था होती रहे इसका विशेष ध्यान दिया जाए वाह जिला पंचायत राज अधिकारी अमेठी को निर्देशित किया गया कि विद्यालय प्रांगण में ग्राम पंचायत में बोरिंग के उपरांत निष्क्रिय की गई पाइपों का उपयोग करके बच्चों के खेलने के लिए दो झूला का निर्माण जल्द से जल्द करा कर अवगत कराएं विद्यालय के शिक्षकों को भी डॉ अंकुर लाठर मुख्य विकास अधिकारी अमेठी द्वारा निर्देशित किया गया कि समय-समय पर निर्धारित मानकों के अनुसार एमडीएम की पूर्ति की जाए वह बच्चों को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो इस बात का विशेष ध्यान दिया जाए।



492 विद्यालयों जहां पर आज टाइल्स लगाई जा रही है वहां की जीपीएस में अथवा लोकेशन युक्त फोटोग्राफ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमेठी को प्राप्त कराने के निर्देश भी डॉक्टर अंकुर लाठर मुख्य विकास अधिकारी अमेठी द्वारा दिए गए।

## अधेड़ का शव पहुंचा घर, अंतिम संस्कार रोका

अधेड़ का शव पहुंचा घर, अंतिम संस्कार रोका समाज जागरण

प्रमोद साहू बिहार प्रतापगढ़:झ्र हथिगंवा इलाके के जैसावां गांव में पंचायत चुनाव और जमीन की रंजिश हथिगंवा थाना क्षेत्र के जैसावां गांव में पीटकर मारे गए अधेड़ का शव मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचा तो कोहराम मच गया। परिजनों ने शव घर पर रहकर अंतिम संस्कार से इनकार कर दिया। सीओ व एसडीएम परिजनों को रात 8 बजे अंतिम संस्कार करने के लिए राजी कर सके। घटना से गांव में अब भी तनाव का माहौल है।उक्त गांव निवासी रामसमुझ सरोज (53) की ग्राम प्रधान समर्थक से पंचायत चुनाव और जमीन को लेकर रंजिश चल रही है। सोमवार दोपहर लोहे के रॉड से पीटकर रामसमुझ की हत्या कर दी गई। जबकि उसका बेटा संजय (35) और बहू गुड्डी (30) घायल हो गए। इस संबंध में मृतक के भतीजे राजाराम की तहरीर पर देर शाम ग्राम प्रधान संतोष सरोज, सगे भाई मुन्ना व राजेश, बिजली और शिवचंदर के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई। कोई आरोपित गिरफ्तार नहीं हो सका। मंगलवार शाम पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा तो परिजन आरोपितों की गिरफ्तारी, आर्थिक सहायता की मांग को लेकर अंतिम संस्कार से इनकार कर दिया। सीओ अजीत कुमार सिंह, एसडीएम सतीशचंद्र त्रिपाठी रात करीब 8 बजे मुख्यमंत्री राहतकोष से आर्थिक सहायता दिलाने और आरोपितों की जल्द गिरफ्तारी के आश्वासन पर अंतिम संस्कार के लिए राजी कर सके। रात 8 बजे शव लेकर लोग अंतिम संस्कार के लिए श्रृंगवेरपुर के लिए रवाना हो सके।

## सो तो कान इंडियन कराटे डू एसोसिएशन 16-17 जुलाई 2022 कराटे स्टेट चैंपियनशिप

समाज जागरण विश्वनाथ त्रिपाठी

कराटे स्टेट चैंपियनशिप प्रतापगढ़ उत्तर प्रदेश में पहली बार होने जा रहा है इसमें पूरे प्रदेश से कराटे खिलाड़ी अपना दम दिखाएंगे। यह कराटे चैंपियनशिप तुलसी सदन मैं आयोजित होगा 15 जुलाई 2022 को महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जाएगा और 16-17 जुलाई को कराटे चैंपियनशिप होगी। इस कराटे चैंपियनशिप को इंदिरा होंडा सदर चौराहा ने स्पॉन्सर किया है। इस चैंपियनशिप में पहली बार खिलाड़ियों की कोई भी एंट्री फीस नहीं रखी गई है ताकि गरीब बच्चे आगे बढ़ सके उनका मनोबल बढ़ सकें।

या चैंपियनशिप सी का के उत्तर प्रदेश सचिव श्री राम अवधेश तिवारी एवं एसएम क्लब प्रतापगढ़ के सचिव सैयद मसूद मुजफ्फर ,शमीम अंसारी द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

यह जानकारी अमित सिंह (संरक्षक) एसएम क्लब प्रतापगढ़ के द्वारा दी गई है।

महिलाओं एवं बालिकाओं से अनुरोध है की 15 जुलाई को तुलसी सदन (हादी हाल) मैं सुबह 10:00 बजे से पहुंचकर आत्मरक्षा का प्रशिक्षण जरूर लें

## स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर जनपद के सभी लोग अपने घरों और कार्यालयों में तिरंगा फहराएं - डी एम

कन्नौज।जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने जनपद के समस्त नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर दिनांक 11 से 17 अगस्त 2022 के मध्य अपने-अपने घरों, कार्यालयों, संस्थानों एवं प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराने में बढ़चढ़ कर अपनी सहभागिता निभाएं।



उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। इसके अन्तर्गत दिनांक 11 से 17 अगस्त 2022 के मध्य ह्यहर घर तिरंगा कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी घरों, कार्यालयों, संस्थानों एवं प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराया जाना है। कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्र प्रेम की भावना को जाग्रत करते हुए राष्ट्र और इसकी स्वतंत्रता एवं संप्रभुता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव जाग्रत करना है।उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि आप अपने स्वयं के संसाधनों से निर्माण या क्रय कर सकते है, गांधी आश्रम या ब्लॉक, तहसील एवं जिला मुख्यालय से भी तिरंगा झण्डा क्रय कर सकते हैं।

## हाइवे में ट्रक चालक से लूट करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार.... चाकू अड़ाकर दिया था घटना को अंजाम

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख बिलासपुर। मस्तूरी थाना क्षेत्र अंतर्गत भदौरा चौक के पास मेन रोड में पत्थलगांव से राजनांदगांव जा रहे ट्रक चालक से 3 बाइक सवार लोगों ने चाकू अड़ाकर लूट की घटना को 11 जुलाई को अंजाम दिया था, जिसके बाद पीड़ित ट्रक चालक ने इसकी शिकायत थाने में की थी। मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगांव जनकपुर निवासी शेखर चतुर्वेदी ट्रक चालक है जो ट्रक क्रमांक उत्र08अछ6721 में सामान लोड कर पत्थलगांव गया हुआ था जो देर रात 9 बजे पत्थलगांव से लौटकर राजनांदगांव जा रहा था, इसी बीच भदौरा चौक के पास 3 बाइक सवार अज्ञात लोगों ने ट्रक रोकने की कोशिश की जिन्होंने ब्रेकर के पास अपनी बाइक को सड़क पर लिटा दिया और दोनों दरवाजे में चढ़कर चाकू दिखा मारपीट करने लगे और पैसे मांगने लगे, उन्होंने ट्रक चालक के पास रखे 30000 रुपए और एक मोबाइल को लूट लिया, साथ ही ट्रक चालक और उसके साथी के साथ मारपीट कर बाइक से जांजगीर की तरफ भाग गए थे। पीड़ित ने इसकी शिकायत दर्ज कराई है, जिस पर पुलिसे अज्ञात के खिलाफ धारो 394-क्ढउ के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई थी।इसी क्रम में स्थानीय सूचनातंत्र एवं सीसीटीवी फुटेज की मदद से सदेहियो को पकड़ कर सख्ती से पूछताछ करने पर संदेही चंद्र प्रकाश भार्गव पिता सुनील भार्गव कोसमडीह, महेंद्र सिंह ठाकुर पिता उदय सिंह ठाकुर खैरा, लकेश्वर यादव पिता अनुवादी यादव खैरा ने अपराध करना स्वीकार किया जिससे लुटे गए मोबाइल एवं पैसे को आरोपियों के कब्जे से जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई किया गया है।

## पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर ने थाना इटियाथोक का किया औचक निरीक्षण, शिकायती प्रार्थना पत्रों के गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण करने के दिये निर्देश-

दैनिक समाज जागरण विपिन कुमार श्रीवास्तव

पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर ने थाना इटियाथोक का औचक निरीक्षण किया। जिसमें थाना परिसर, आरक्षी बैरिक, भोजनालय, थाना कार्यालय, विवेचना कक्ष, सीसीटीएनएस कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क आदि का निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक ने



रिकार्डो को अद्यतन करने व साफ सफाई रखने एवं महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों को आने वाली महिला फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनके प्रति सहानुभूतिपूर्वक व्यवहार करते हुए तत्काल निस्तारण कराने के निर्देश दिए। साथ ही पुलिस अधीक्षक ने मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला आरक्षियों को अपने-अपने बीट क्षेत्र में जाकर महिलाओं व बालिकाओं से वार्ता कर महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 112, 1076, 1098, 108 व 102 के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक करने के भी निर्देश दिए। साथ ही पुलिस अधीक्षक ने थाने के त्योहार, मासिक व अपराध रजिस्टर का अवलोकन किया तथा सभी अभिलेखो को अद्यावधिक रखने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने क्र्म्र/जनशिकायतों के सम्बन्ध में मीटिंग कर लंबित शिकायती प्रार्थना पत्रों की समीक्षा कर प्रत्येक क्र्म्र/शिकायती प्रार्थना पत्रो का स्वयं मौके पर जाकर आवेदक की संतुष्टि को प्राथमिकता देते हुए गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण करने एवं लम्बित विवेचनाओ का भी गुणदोष के आधार पर निस्तारण व वांछित अभियुक्तो की शीघ्र गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए।

*इस मौके पर क्षेत्राधिकारी सदर विनय कुमार सिंह, थानाध्यक्ष इटियाथोक करूणाकर पाण्डेय, पीआरओ राकेश सिंह व अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक

दैनिक समाज जागरण विपिन कुमार श्रीवास्तव

आज बुधवार को जिला पंचायत सभागार में आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम के संबंध में मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गयी।



उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अन्तर्गत 11 से 17अगस्त 2022 के मध्य प्रत्येक भारतीय को अपने घर एवं प्रतिष्ठानों पर झंडा फहराने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करते हुए स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर करना है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विभाग वार झंडा निर्माण एवं वितरण का लक्ष्य तय किया गया। जनपद के प्रत्येक घर एवं प्रतिष्ठान तथा सरकारी कार्यालयों, भवनों आदि पर इन झंडों को फहराया जाना है।

उन्होंने कहा है कि जनपद में झंडों का लक्ष्य लगभग 5.00 लाख है। कुछ प्रमुख विभाग निम्नलिखित हैं जिनका लक्ष्य इस प्रकार है- पूर्ति विभाग-20 हजार, स्वास्थ्य विभाग-30 हजार , पुलिस विभागझ्र20 हजार, राजस्व विभाग 16 हजार, कृषि विभागझ्र10 हजार , जिला विद्यालय निरीक्षक 10 हजार बेसिक शिक्षा-20 हजार आदि, मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि प्रत्येक विभाग अपने लक्ष्य के सापेक्ष कार्य करना सुनिश्चित करें। जनपद का प्रत्येक विभाग अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए झंडा अभियान में बढ चढकर भागीदारी निभाएं। आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सहायिकाओं, राशन डीलर, शिक्षक, शिक्षामित्र, आशा एवं प्रत्येक विभाग के अधिकारी तथा कर्मचारी इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेकर इस अभियान को सफल बनाए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी सुरेश सोनी ,सिटी मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता, मुख्य राजस्व अधिकारी जयनाथ यादव, प्रोबेशन अधिकारी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी योगेश दीक्षित, डीआईओएस सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद गोण्डा में मनाया गया साइबर जागरूकता दिवसः-

दैनिक समाज जागरण विपिन कुमार श्रीवास्तव

पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर के निर्देशन में शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता के अनुरूप आम जनमानस में साइबर अपराध से बचाव हेतु ह्यह्यसाइबर जागरूकता दिवस पर जनपद गोण्डा में थानों के साइबर नोडल उ0नि0 एवं प्रशिक्षित कर्मियों के सहयोग से जनपद के समस्त थाना क्षेत्र में स्थित शिक्षण संस्थानों में cyber Awareness का सेमीनार आयोजित कर cyber Awareness से सम्बन्धित पम्पलेट, पोस्टर का प्रयोग कर आम जनमानस में साइबर अपराध की रोकथाम हेतु नेशनल साइबर क्राइम रिपोटिंग पोर्टल एवं टोल फ्री हेल्प लाइन नम्बर 1930 के बारे अवगत कराते हुए साइबर जागरूकता दिवस मनाया गया।



साइबर अपराध जैसे इन्टरनेट बैकिंग, एटीएम कार्ड/डेविड कार्ड/क्रेडित, ओलेक्स फ्राड, वालेट/यूपीआई सम्बन्धित धोखाधड़ी में सावधानियां, फेसबुक हैकिंग, बारकोड के माध्यम से होने वाले फ्राड, व्हाट्एप हैकिंग से बचाव, फर्जी वेबसाइड से होने वाले फ्राड के सम्बन्ध में सावधानियां, फेसबुक, इंस्ट्राग्राम, व्हास्टएप आदि सोशल साइट्स से हनी ट्रैप होने के सम्बन्ध में बचाव के तरीके एवं साइबर अपराध घटित होने पर थानों पर स्थापित साइबर हेल्प डेस्क/हेल्पलाइन नम्बर/वेबसाइड पर शिकायत दर्ज के सम्बन्ध में व अपराध होने पर पुलिस किस प्रकार उनकी मदद कर सकती है, इसकी जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। उक्त आयोजन का मुख्य उद्देश्य आमजनमानस को साइबर अपराध के प्रति जागरूक कराना था जिससे साइबर अपराध सम्बन्धी जागरूकता का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जा सके और नागरिकों को साइबर ठगी से बचाया जा सकें।

### पतअंजली योग समिति ने मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व

समाज जागरण हरदोई।पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी हरिबंश सिंह द्वारा शहीद उद्यान हरदोई में गुरूपूर्णिमा का पावन पर्व खूब धूम धामे से मनाया गया। उकत अवसर पर प्रतिभा गुप्ता शशिकला सिंह,सुधा वाचस्पति, रत्ना मिश्रा,आरती शुक्ला , जिला महिला प्रभारी विनीता पाण्डेय, कोषाध्यक्ष दिलीप कुमार गुप्ता, युवा प्रभारी सोनू गुप्ता, तोताराम गुप्ता , सूर्यपाल सिंह, उमाकांत मिश्रा , सतेन्द्र सिंह, अनूप तिवारी, संजू श्रीवास्तव, शशी मौर्या, विजय लक्ष्मी पाण्डेय, कंचन पाण्डेय, नीलम मिश्रा,कविता वर्मा,पुष्पा पाल, प्रभा सिंह, मीरा गुप्ता , मिथलेश सिंह , अनीता मिश्रा , सुमन मिश्रा, भावना गुप्ता, स्नेहलता मिश्रा, नीरज दुवेदी, रामनरेश गुप्ता, रामकिशोर पाल, राम शरण पाल, अमित सिंह, ललित कुमार गुप्ता, राममिलन गुप्ता, सुनीत गुप्ता, राकेश गुप्ता,अंकित सिंह,राजेन्द्र कुमार, विनोद कुमार श्रीवास्तव आदि काफी संख्या मे लोगों ने भाग लेकर योगाभ्यास करे गीत गाए गए और गुरू महिमा का वर्णन व हवन पूजन कर कार्यक्रम सफल बनाया। हरिबंश जी ने गुरूमहिमा का वर्णन करते हुए कहा कि आज कितने लोगों ने योग से लाभ लिया इसलिए सभी को अच्छा जीवन जीना है तो प्रतिदिन नियमित योग करना होगा। जो लोग नियमित योग नही करते उन्हे आज से नियमित योग करने का संकल्प लेना चाहिए।

## कार की टक्कर से बालक हुआ घायल इलाज के दौरान हुई मौत बुझ गया घर का इकलौता चिराग

दैनिक समाज जागरण
गौतम सिंह चौहान

सकरन - सीतापुर` सकरन थाना क्षेत्र अन्तर्गत तेज रफ्तार कार की टक्कर से घायल दस वर्षीय लडके की इलाज के दौरान मौत इकलौता चिराग बुझ जाने से घर मे मचा कोहराम` जानकारी के अनुशार सकरन थाना क्षेत्र के मनिकौडा गांव निवासी बच्चूलाल का दस वर्षीय लडका अशोक सकरन सांडा मार्ग के किनारे शनिवार की साम करीब पांच बजे बकरी चरा रहा था तब तक सकरन की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार मारूति कार नम्बर वढ34इउ8058 ने अशोक को जोरदार टक्कर मार दी थी जिससे अशोक गम्भीर रूप से घायल हो गया घटना के बाद चालक




कार समेत मौके से फरार हो गया था पडोस के खेतों पर काम कर रहे लोगों ने कार का पीछा किया और सीएचसी सांडा में उसे पकड लिया उसके बाद ग्रामीणों ने कार को सांडा पुलिस चौकी के हवाले कर दिया था इधर घायल अशोक को परिजन सीएचसी सांडा लेकर गये थे जहां हालत गम्भीर देखते हुये डाक्टरों ने उसे मेडिकल कालेज लखनऊ रेफर कर दिया था रविवार की रात अशोक की इलाज के दौरान लखनऊ में मौत हो गयी सोमवार की सुबह अशोक का शव गांव आने पर कोहराम मच गया मृतक अपने माता पिता की इकलौती संतान था घर का चिराग बुझ जाने से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है मृतक के परिजनों ने वाहन स्वामी बदलू पुत्र रिखई जायसवाल व चालक आलोक पुत्र बदलू के बिरूद्ध सकरन थाने में तहरीर दी है पुलिस का कहना है कि तहरीर मिली है वाहन पुलिस कब्जे में है मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी`

## उत्तर प्रदेश परिवहन निगम बस स्टैंड रुपईडीहा में नेपाली यात्रियों से ₹2000 लेकर रिक्शा चालक फरार

साय काल 3:00 बजे की यह घटना है

रुपईडीहा बहराइच। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम बस स्टैंड रुपईडीहा में नेपाली यात्रियों से ₹2000 लेकर रिक्शा चालक फरार हो गया। पीड़ित नेपाली रामबहादुर निवासी सुरखेत ने बताया कि हमारे दो अन्य साथियों के साथ टिकट दिलाने और सीट पर बैठाने के लिए ड्ढ2000 लेकर भाग गया । उसने बताया कि तुम सीट पर बैठो तुम्हारा टिकट लेकर हम दे रहे हैं जब वह सीट पर बैठ गए .। टिकट उससे मांगा तो दौड़ कर बस स्टैंड से बाहर भाग गया । नेपाली यात्रियों ने उसका पीछा किया तो सड़क पर टहल रहे 2/3 अवैध मनी एक्सचेंजर ने नेपालियों को डांट कर भगा दिया । कि जाओ वह तो भाग गया । नेपाली यात्री बैरन हाथ बस स्टैंड की तरफ लौट गए जिसकी सूचना हल्का नंबर तीन के सिपाही को प्रदान किया गया घटना की सूचना पाते ही सिपाही बस स्टैंड के अंदर हाजिर हुए लेकिन पीड़ित नेपाली की कोई मदद नहीं हो पाई और रिक्शा चालक का कोई पता ठिकाना नहीं लगा ।इस तरह रोडवेज बस स्टैंड के अंदर अराजक तत्वों का जमावड़ा है कोई आवाज मनी एक्सचेंज का काम सड़क पर कर रहा है बस के अंदर कर रहा है परिसर में कर रहा है सुबह 4:00 बजे से यह गोरखधंधा मनी एक्सचेंज के नाम पर शुरू है रोडवेज बस के अंदर अवैध वेंडर बेचने वाले उनकी भी नेपालियों से लूट खरसोद का धंधा चल रहा है इन सब कार्यों पर रोडवेज बस स्टैंड इंचार्ज रिक्शा चालकों पर अंकुश लगाने का प्रयास करते हैं लेकिन परिसर के अंदर अवैध मनी एक्सचेंज का कार्य करने वाले अवैध मनी एक्सचेंज रोड पर किसी भी प्रकार का कोई नियंत्रण नहीं है जिससे आए दिन नेपाली नागरिक सरेआम लूटे जा रहे हैं प्रशासन मौन है।

## याची शिक्षको को दी गई भावभीनी विदाई

बाबागंज बहराइच। शिक्षा क्षेत्र नवाबगंज के परिषदीय प्राथमिक स्कूलों में 68500 सहायक अध्यापक भर्ती के तहत चयनित शिक्षको में से 53 एमआरसी के शिक्षकों को उनके पसंद के जिले आवंटित किए गए हैं। मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार को बीआरसी बाबागंज (नवाबगंज) प्रांगण में शिक्षक नेता शक्तिधर पाठक, सजल मिश्रा, आनंद भूषण मिश्रा, धर्मेंद्र पाल के सयुक्त प्रयास से एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमे 53 शिक्षको को बीईओ राधेश्याम वर्मा के द्वारा शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए सम्मान-पत्र के साथ मालार्पण कर



भावभीनी विदाई दी गई। ज्ञात हो कि 68500 शिक्षक भर्ती में नियुक्त शिक्षकों को माननीय उच्च न्यायालय के आदेश पर अपने पसंदीदा जनपद में जाने का आदेश प्राप्त हुआ। विदित हो इन शिक्षकों को मनचाहा जिला आवंटन न होने पर कोर्ट का रुख करना पड़ा। याची शिक्षकों को मिली राहत और अपने मनचाहे जिले में जाने का आदेश प्राप्त हुआ। विदाई की पूर्व संध्या पर याची शिक्षकों में उत्साह के साथ साथ अपनों साथियों से बिछड़ने का गम भी था। इस अवसर पर शिक्षक अलोक वर्मा, प्रीति पनवार, विभोर सिंह, जीतेन्द्र कुमार, अमित कुमार, आशीष कुमार त्रिपाठी, विनोद गिरि, जीतेन्द्र कुमार शर्मा,धर्मेंद्र श्रीवास्तव उमाकांत द्विवेदी मौजूद रहे।

## गुरुपूर्णिमा पर्व के अवसर पर पर्यावरण संगोष्ठी का आयोजन किया गया

### कार्यक्रम मुख्य अतिथि सदस्य विधानपरिषद डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी रहीं

बहराइच। गुरुपूर्णिमा पर्व के अवसर पर आज गायत्री चेतना केंद्र मैदानी बाबा आश्रम डीगिहा में श्रद्धा आस्था के साथ पावन पर्व मनाया गया। गायत्री मंदिर परिसर में पर्यावरण संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया परिसर में ही पंचवटी प्रजाति के वृक्षों का रोपण किया गया। और उपस्थित श्रद्धालुओं को महामना मालवीय मिशन की ओर से दो हजार फलदार व वनों-औषधि प्रजाति के वृक्षों का वितरण भी किया गया।



गायत्री चेतना केंद्र परिसर स्थित सभागार में उपस्थित आस्थावान जनों को सम्बोधित करते हुए कार्यक्रम मुख्य अतिथि सदस्य विधानपरिषद डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण से ही जन-जीवन सुरक्षित रह सकता है इसके लिए आवश्यक है कि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवनकाल में अधिकाधिक संख्या में वृक्षों का रोपण करें और उन्हें संरक्षित भी करे।

वृक्ष गंगा आंदोलन संयोजक संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट अध्यक्ष महामना मालवीय मिशन बहराइच अवध ने बताया कि जनपद के मठ-मंदिर व शिक्षण संस्थानों के परिसर में तथा नदी , तलाब , पोखरा व जलाशय के किनारे पंचवटी प्रजाति के वृक्षों का रोपण किया जा रहा है साथ ही उन्हें संरक्षित रखने के लिए जन सहयोग भी लिया जा रहा है। विशिष्ट अतिथि क्षेत्राधिकारी नगर विनय कुमार द्विवेदी ने वृक्षारोपण कार्यक्रम की सराहना करते हुए आवाहन किया कि सभी लोग वृक्षों का रोपण करें और उनका संरक्षण भी करें तभी जन-जीवन सुरक्षित रहेगा। कार्यक्रम का संचालन गायत्री चेतना केंद्र व्यवस्थापक आर०पी०एन श्रीवास्तव ने किया तथा आगंतुकों को गायत्री अंगवस्त्रम भेंट किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महंत शिवालय बाग वीरेंद्र गिरी महाराज ने किया ।इस अवसर पर प्रमुख रूप से समाजसेवी अर्जुन कुमार दिलीप जी , समाजसेवी कृष्ण चंद्र अग्रवाल समाजसेवी डी०पी गुप्ता राजन श्रीवास्तव गौ पालक शिव पूजन वर्मा गायत्री परिजन कांति मिश्र , रेखा श्रीवास्तव , मंजू मिश्र , नीलम चौधरी , मिथलेश श्रीवास्तव , सत्या-संध्या श्रीवास्तव , विष्णु पाठक , दुर्गेश मिश्रा , जगदीश मिश्रा , जिला पंचायत प्रतिनिधि अम्बिका यादव , समाजसेविका डॉ अनिता जायसवाल , डॉ कपिल शुक्ला समेत सैंकड़ो श्रद्धालु उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन गायत्री चेतना केंद्र के वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंजीनियर राधेश्याम श्रीवास्तव ने किया। चितौरा विकासखंड परिसर में भी बेल प्रजाति व सहिजन प्रजाति के वृक्षों का रोपण किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से बी०डि०ओ चितौरा बि०के श्रीवास्तव , ए०डी०ओ पंचायत डीपी सिंह , प्रधान धनंजय सिंह व प्रधान कमलेश आदि उपस्थित रहे। संचालन प्रधान संगठन जिला संरक्षक संजीव श्रीवास्तव ने किया।

## स्मैक व अन्य सामान के साथ एक महिला व एक युवक को नेपाली पुलिस ने किया गिरफ्तार

रुपईडीहा बहराइच। भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में इस समय स्मैक व अन्य नशीले पदार्थ की तस्करी बड़े अस्तर हो रही है। जब कि बार्डर पर इसे रोकने के लिए कई प्रकार की सुरक्षा एजेंसियां तैनात है। फिर भी नशीले पदार्थों की तस्करी रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। रुपईडीहा से नेपाल के लिए हो रही इस नशीले पदार्थों की तस्करी में बड़े बड़े तस्कर शामिल है।



इसी क्रम में भारत नेपाल सीमा से सटे नेपाली क्षेत्र के दो अलग अलग स्थानों से नेपाल सशस्त्र पुलिस ने एक युवक व एक महिला को स्मैक सहित गिरफ्तार किया गया है। यह दोनों रुपईडीहा से स्मैक खरीद कर नेपालगंज जा रहे थे। सशस्त्र पुलिस बल को शंका होने पर इस युवक को नेपालगंज कस्टम कार्यालय के सामने रोककर तलाशी ली गयी। उसके बैग में 1 ग्राम स्मैक, इंजेक्शन से नशा लेने के लिक्विड की 4 शीशी, 1 मोबाइल व 6610 रुपये नगद बरामद हुए हैं। पकड़े गए तस्कर की पहचान नेपालगंज उपमहानगर पालिका वार्ड नं 18 निवासी सुदीप महत्तरा के रूप में हुई है। मादक पदार्थ सहित युवक को एसपी कार्यालय बांके भेज दिया गया है। इसी प्रकार बांके जिला के कोहलपुर नगरपालिका वार्ड नं 8 शीतलनगर निवासिनी खगिसरा सुनार नामक महिला को 9 पुड़िया स्मैक सहित गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए क्षेत्रीय पुलिस कार्यालय कोहलपुर के डीएसपी ऐन बहादुर मल्ल ने बताया कि कोहलपुर क्षेत्र में स्मैक के कारोबार करने वालो की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि इसके पूर्व एक होटल से भारी मात्रा में स्मैक बरामद हुई थी। उन्होंने बताया कि कोहलपुर क्षेत्र के ही कौशल्यानगर से एक नेपाली तस्कर को भारी मात्रा में स्मैक सहित पकड़ा गया था।

## 11 केवी लाइन का पोल टूटने से करीब 600 घरों का चिराग गुल विद्युत विभाग देखने तक नहीं पहुंचा

**दैनिक समाज जागरण**
**रवि कुमार यादव**

रामपुर मथुरा सीतापुर बांसुरा पावर हाउस से करीब 10 किलोमीटर की दूरी पर आने वाला रामपुर मथुरा से गोंडा देवरिया मार्ग पर 5 दिनों से 11000 लाइन का पुल टूटा हुआ पड़ा है जिससे करीब 600 घरों की बिजली गुल हो गई इसमें सोचने की बात तो यह है कि बांसुरा पावर हाउस के कर्मचारी अभी तक देखने तक भी नहीं गए ग्रामीणों ने कई बार फोन भी किया पर उसका कोई परिणाम निकल कर नहीं आया और इस वक्त की तपती धूप और भयानक गर्मी में ग्रामीणों का जीना दुश्वार है और रात में सभी घरों में अंधेरा बना रहता है जिससे कई गांव के लोग



परेशान हैं जैसे कि अंचलापुर/हरिहरपुर/गड़रियन पुरवा जैसे गांव में उजाला देखने के लिए लोग तरस रहे हैं पर विद्युत विभाग के कर्मचारियों को मासूम ग्रामीणों पर जरा भी दया का नाम नहीं है इससे यह साफ साफ प्रतीत होता है कि योगी सरकार के द्वारा किए गए वादों पर विद्युत विभाग फुल तरीके से पलीता लगाने का काम कर रहा है और ग्रामीणों की सुनने वाला कोई नजर नहीं आ रहा है

## गायत्री शक्तिपीठ में हुआ निःशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन

### गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर 75 मरीजों का हुआ परीक्षण एवं दवा वितरण

**समाज जागरण/ ब्यूरो प्रभाकर गीता त्रिपाठी**

लखीमपुर खीरी --गोला रोड़ लखीमपुर में वेदमाता गायत्री शक्तिपीठ में गुरु पूर्णिमा पर्व के पावन अवसर पर प्रातः10 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक प्रो.एस.एन.सिंह के निर्देशन एवं क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. विजय प्रकाश के संयोजन में "आयुष आपके द्वार" के अंतर्गत निःशुल्क आयुर्वेदिक स्वास्थ्य जागरुकता चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ जिसमें आयुर्वेद विभाग तथा गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान यह निशुल्क शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय नगर से आये डॉ० हरबंश कुमार, ने विभिन्न रोगों कब्ज, गैस,अर्थराइटिस, मधुमेह,सर्वाइकल, कमरदर्द, सहित कई बीमारियों से ग्रस्त कुल 75 रोगियों को परामर्श देते हुए आयुर्वेदिक औषधि वितरण की गई। शिविर में




आयुर्वेद के साथ योग अपनाने हेतु योग वैलनेस सेंटर नगर, के योग प्रशिक्षक कुलदीप वर्मा, द्वारा योगासन,प्राणायाम भी कराए गए इस दौरान योग प्रशिक्षिका स्वयंप्रभा, योग सहायक, सीमा देवी वार्डबॉय रमाशंकर श्रीवास्तव, स्वछक सुनील कुमार सहित गायत्री परिवार के उदय सिंह आदि अनेक गायत्री परिवार के सदस्य और नगर के सम्भ्रांत व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

## रहस्यमय ढंग से तीन लड़के घर से लापता परिजनों ने कोतवाली में दी तहरीर

### खैराहना और लोध पुरवा निवासी हैं तीनों लड़के कोतवाल चन्द्रभान

समाज जागरण/ब्यूरो
प्रभाकर गीता त्रिपाठी

निघासन खीरी---तहसील निघासन क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले ग्राम पंचायत लोधपुरवा बम्हनपुर क्षेत्र के रहने वाले तीन लड़के रहस्यमय ढंग से लापता हो गए तीनो नाबालिग लड़के एक ही गांव के निवासी है शाम होने तक जब तीनों लड़के अपने अपने घर नहीं पहुंचे तो परिवारी जन परेशान होकर इधर उधर तलाश किये अपनी रिस्तेदारी में पता किया लेकिन लड़कों का कहीं पता नहीं चला तो परिजनों ने किसी अनहोनी होने कु शंका जताई और निघासन कोतवाली में गुमशुदगी की तहरीर देते हुए प्रार्थना पत्र दिया निघासन कोतवाली क्षेत्र के खैराहना, लोधपुरवा निवासी जावेद उम्र(12) पुत्र मोहम्मद कय्यूम,जुवैर उम्र (14) पुत्र मोहम्मद शादिक,शादिक उम्र (15) पुत्र रियासद अली यह




छीने लड़के दिनांक 11 जुलाई को बिना अपने -अपने घर बताये कहीं चले गये और देर शाम तक घर नहीं लौटे तब घर वालों को चिन्ता हुई फिर परिवारी जन गांव में और रिश्तेदारी में तलाश शुरू कर दिए लेकिन बच्चों का कहीं पता नहीं चला तब तीनों बच्चों के परिवारी जन निघासन कोतवाली पहुंचकर किसी अनहोनी की शंका जताते हुए गुमशुदगी की तहरीर प्रार्थना पत्र दिया प्रभारी निरीक्षक निघासन चन्द्रभान यादव ने बताया कि देर रात कोतवाली क्षेत्र लोध पुरवा,खैराहना निवासी तीन नाबालिग लड़कों के गुमशुदगी तहरीर प्राप्त हुई है गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गई है। एवं परिवारी जनों के मोबाइल न ा म ब ा र 8052569804,955454570 5,8081080348 पर किसी भी व्यक्ति को यह लड़के दिखाई पड़े तो सूचित करें।

## पिता की छठी पुण्यतिथि पर भूखे जरुरतमंदो हेतु शुरू की माँ अन्नपूर्णा रसोई : अरुणेश पाठक

### पूर्व राज्यसभा सांसद नरेश अग्रवाल ने फीता काटकर किया शुभारम्भ

अखिलेश सिंह हरदोई

हरदोई ।जरुरतमंदो में भोजन वितरण हो, सर्दियों में कम्बल वितरण से लेकर गरीब बिटिया की शादी का जिम्मा हो भारतीय रोटी बैंक ने अपनी अलग पहचान बना ली है`

भारतीय रोटी बैंक के 6 वर्ष पूर्ण होने पर संस्था द्वारा माँ अन्नपूर्णा रसोई का निर्माण किया गया जिसका उद्घाटन पूर्व राज्यसभा सांसद भाजपा नेता नरेश अग्रवाल ने फीता काटकर किया` श्री अग्रवाल ने रसोई की सराहना करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की तथा सहयोग भी किया` संस्था के संस्थापक अरुणेश पाठक ने आभार जताते हुए कहा कि माँ अन्नपूर्णा रसोई द्वारा 365 दिन भोजन वितरण का कार्य किया जायेगा`



जिलाध्यक्ष श्री ओम टंडन ने बताया कि जनपद के लोग भी अपने प्रियजनों की पुण्यतिथि जयंती जन्मदिन वैवाहिक वर्षगांठ इत्यादि माँ अन्नपूर्णा रसोई के माध्यम से भोजन वितरित कर मना सकते हैं` इस मौके पर आलोक गुप्ता, रीना जैसवाल, सरोज चौरसिया, कु रश्मि, अर्चना पाठक, संगीता गुप्ता, रीना गुप्ता, बॉबी ओमर, रेखा सिंह, रेखा गुप्ता, नीरज मिश्रा बबलू, सोमनाथ गुप्ता, कपिल त्रिवेदी, विनय सिंह, अरविन्द सिंह, अनिल गुप्ता, आलोक तिवारी, आदित्य प्रकाश त्रिवेदी, वंश पाठक, प्रमोद कुमार त्रिवेदी, सुशील कुमार वर्मा, डॉ विवेक सिंह, डॉ अरुण मिश्रा ककवाही, मधुरेश तिवारी, अवनेंद्र पाल, प्रसून शुक्ला, रविकान्त मिश्रा, मो. तौफीक, अमित त्रिवेदी रानू सभासद, आशीष सिंह सोलंकी, पारिषा तिवारी आदि मौजूद रहे`

## गुरु पूर्णिमा पर नारायण धाम में कृपालु साधक राजेंद्र दत्त ने बताया गुरु महत्व

### राज्य मंत्री ने पहुंचकर प्राप्त किया आशीर्वाद

अखिलेश सिंह हरदोई

हरदोई ।साधक सत्संग सेवा समिति द्वारा आयोजित गुरु पूर्णिमा के अवसर पर नारायण-धाम में आज भक्ति रस की बयार बही. कृपालु साधक डॉ राजेंद्र दत्त मिश्र ने गुरु पूर्णिमा का महत्व समझाते हुए बताया कि गुरु एक व्यक्ति ना होकर व्यक्तित्व है इसलिए गुरुपूजन का अवसर प्राप्त होना सौभाग्य एंव ईशकृपा का विषय है। उन्होंने कहा कि भौतिक संपदा में सुख शांति नहीं है और उसके पीछे भागना अज्ञानता है ।यही अज्ञानता तनाव एवं परेशानी का कारण भी है. कृपालुसाधक ने बताया कि गुरु शिक्षा देता है और सद्गुरु कृपा की भिक्षा देता है. मानव जीवन को दुर्लभ बताते हुए उन्होंने संदेश दिया कि सद्गुरु के संपर्क में रहकर सद्कर्म करने चाहिए। इंद्रिय पूजा के बजाए मन को केंद्रित करने में ही कल्याण बताते हुए समझाया कि तन-यौवन सिर्फ चार दिन का अर्थात नश्वर है ।वेद का सन्देश है कि मानव शरीर प्राप्त कर परमार्थ करें तभी आनंद की प्राप्ति होगी ।कृपालु साधक डॉक्टर मिश्र ने अध्यात्म पर आडंबर का आवरण डाले कुछ तथाकथित गुरुओं द्वारा लोगों को भ्रमित करने के प्रति सचेत करते हुए कहा कि सद्गुरु को पहचाने और सद्ग्रंथों की शरण लें। इस अवसर पर उन्होंने सद्गुरु की विशेषताएं भी बताई.

कार्यक्रम का प्रारंभ कृपालु साधक डॉक्टर मिश्र द्वारा गुरु पूजन एवं आरती से हुआ। इस अवसर पर प्रकाशित होने वाली पुस्तिका का विमोचन पर्व वाजपेयी द्वारा कृपालु साधक से कराया गया। डॉक्टर मिश्र के व्यासपीठ पर विराजमान होने के पश्चात विभिन्न जनपदों से आए उनके शिष्यों ने माल्यार्पण किया। व्यासपीठ को नमन करने वालों में उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी, पूर्व मुख्य सचिव आरके तिवारी, नोएडा से कल्पित द्विवेदी एवं गौरव त्रिपाठी, लखनऊ से प्रशांत सिंह राठौर, ओएन पाठक, श्रवण कुमार, राघवेंद्र तिवारी और हल्द्वानी से संदीप त्यागी प्रमुख रूप से शामिल रहे। इनके अतिरिक्त जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती, नगरपालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्र मधुर, पूर्व जिलापंचायत अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष उमेश अग्रवाल आदि शामिल रहे.

कार्यक्रम प्रारंभ होने के पूर्व चारु, सरिता, बिन्नी, अर्पित, चेतन, रोली, गरिमा, मीना तथा पूनम ने भक्ति गीत प्रस्तुत किए. तबले पर संगत राजीव मिश्र की रही. उन्हें नीति आयोग में चयनित होने पर साधक सत्संग सेवा समिति की ओर से शुभकामनायें दी गईं ।कार्यक्रम का संचालन अखिलेश वाजपेयी ने किया।

22 may 2022:Layout 1 7/14/2022 12:51 AM Page 10



## छह माह पूरा कर चुके लोगो को बूस्टर डोज लगाने के लिए महाअभियान आज

### नगर व प्रखंड के 34 केंद्रों पर 15 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को लगाया जाएगा टीका

**समाज जागरण**

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-विश्वव्यापी कोरोना संक्रमण की रफ्तार को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा 15 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगो को बूस्टर डोज लगाने को ले गुरुवार को विशेष महाअभियान चलाया जाएगा।

जानकारी देते हुए पीएचसी प्रभारी डॉ आरती अर्चना ने बताया कि प्रथम और दूसरा टीका ले लेने वाले वैसे लोग जिनकी उम्र 15 वर्ष से अधिक है। और दूसरा टीका लेने के 6 माह पूरे हो चुके हैं। ऐसे लोगों को बूस्टर डोज लगाने के लिए आज प्रखंड व नगर क्षेत्र के सभी पंचायतों और वार्डो में विशेष कैंप लगाया जाएगा। बताया कि पहले बूस्टर डोज लेने के लिए 9 माह निर्धारित था। लेकिन अब 15 वर्ष उम्र से अधिक के सभी




महिला पुरुष जो दूसरा टीका लेने के बाद 6 माह पूरा कर चुके हैं। वैसे लोगों को संक्रमण से बचाव के लिए बूस्टर डोज लगाया जाएगा। बताया गया कि देशभर में संक्रमण की रफ्तार तेज हो गई है। जिसे लेकर लोगों को जागरूक होने की आवश्यकता है। बताया कि प्रखंड के सभी पंचायतो एवं नगर परिषद में कुल 34 टीमें क्षेत्रवासियों को बूस्टर डोज लगाने के लिए तैनात रहेगी। जहां नजदीकी केंद्र पर पहुंचकर दूसरे टीका लगाए छह माह पूरा कर चुके 15 वर्ष से अधिक उम्र के सभी महिला पुरुष को आधार कार्ड की छाया प्रति लेकर बूस्टर डोज लिया जा सकता है।

## नक्सली गिरफ्तार मामले में पुलिस कप्तान ने बुधवार को एक साथ की दो प्रेस कॉन्फ्रेंस

**दैनिक समाज जागरण**

अजय कुमार पाण्डेय औरंगाबादः ( बिहार ) दो अलग - अलग मामले में नक्सलियों की हुई कुल - 10 गिरफ्तारी मामले मे पुलिस - अधीक्षक, औरंगाबाद, कांतेश कुमार मिश्रा ने समाहरणालय स्थित अपने कक्ष में बुधवार को प्रेस - कॉन्फ्रेंस आयोजित की ! जिसमें जानकारी देते हुए बताया एक नक्सली मामले में 11 जुलाई 2022 की रात्रि मैं गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी की गई नक्सल कांडों में वांछित अभियुक्त मनीष उर्फ मनीष यादव क्षेत्र में भ्रमणशील है ! उस मामले में मेरे निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक अभियान के नेतृत्व में थानाध्यक्ष, रफीगंज, पौथु तथा गोह एक विशेष अनुसंधान दल तैयार कर छापेमारी के क्रम में कुल - 06 लोगों को जिला के विभिन्न क्षेत्रों से गिरफ्तार किया गया है ! इसके अलावे दूसरा मामला है कि विगत माह 19 जून 2022 को पचरिया पुल निर्माण के संवेदक से लेवी के रूप में रंगदारी मांगे जाने के आरोप में रफीगंज थाना कांड संख्या - 217 / 2022 दिनांक - 19 जून 2022 नक्सल के विरुद्ध दर्ज किया गया ! इसके बाद कांड का तकनीकी एवं वैज्ञानिक तरीके से अनुसंधान करते हुए उद्भेदन किया गया, और 11 जुलाई 2022 की रात्रि में मेरे निर्देशन में अपर पुलिस - अधीक्षक अभियान औरंगाबाद के नेतृत्व में थानाध्यक्ष रफीगंज द्वारा अप्राथमिकी अभियुक्तों



की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी की गई ! छापेमारी के क्रम में कई थाना के नक्सल कांडों में वांछित अभियुक्त, जम्होर थाना क्षेत्र अंतर्गत पड़ने वाली कुंडवा निवासी, भीम पासवान, पिता - माधव पासवान, बौरा गांव निवासी, बाढु पासवान, बौरा निवासी संजय महतो, बहादुरपुर निवासी, नरेश पासवान को गिरफ्तार किया गया है ! गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा औरंगाबाद तथा आसपास के जिला में 12 व्यक्तियों का गिरोह बनाकर ईट भट्ठा से लेवी वसूलने की बात स्वीकार की गई ! छापेमारी के क्रम में अभियुक्त संजय पासवान के घर से एक अवैध देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस तथा तीन मोबाइल बरामद किया गया है ! गिरफ्तार अभियुक्त भीम पासवान का आपराधिक इतिहास में जम्होर थाना कांड संख्या - 27 / 2007 नक्सल एवं आर्म्स - एक्ट, जम्होर थाना कांड संख्या - 16 / 2010 नक्सल एवं आर्म्स - एक्ट, जम्होर थाना कांड संख्या - 69 / 2015 नक्सल एवं आर्म्स - एक्ट दर्ज है ! अन्य गिरफ्तार अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास भी पता किया जा रहा है ! अंत में पुलिस - अधीक्षक ने जानकारी देते हुए बताया कि कुल 10 गिरफ्तारियों में से एक कोरोना पॉजिटिव है ! जिसे अलग वार्ड में रखा जा रहा है ! मगर 09 गिरफ्तार अभियुक्तों को जेल भेजा जा रहा है !

## एमडीए कार्यक्रम के कुशल क्रियान्वयन का हुआ राज्य स्तरीय पर्यवेक्षण

### 7 जुलाई से जिले में चलाया जा रहा एमडीए राउंड घर-घर जाकर नि:शुल्क लोगों को खिलाई जा रही फाईलेरिया से बचाव की दवा

**समाज जागरण लखीसराय**

बुधवार को फाईलेरिया के राज्य सलाहकार डॉ. अनुज सिंह रावत ने जिले में 7 जुलाई से चल रहे सर्व जन दवा सेवन (एमडीए ) कार्यक्रम का पर्यवेक्षण किया। ज्ञातव्य हो कि नाववियुक्त अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी- फाईलेरिया डॉ. परमेश्वर प्रसाद एमडीए राउंड के सफल संचालन को लेकर काफी सजग है। साथ ही उन्होंने डॉ.अनुज सिंह रावत को राज्य प्रतिनिधि के तौर पर एमडीए राउंड की मॉनिटरिंग एवं सुपरविजन हेतु नामित किया है।

डॉ. अनुज ने जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. अश्विनी कुमार एवं भीबीडीसीओ के साथ बैठक कर एमडीए कार्यक्रम का जायजा लिया। साथ ही उन्हें कार्यक्रम की सफलतापूर्वक शुरूआत एवं सफल क्रियान्वयन के लिए शुभकामनाएं दी।

शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों का किया भ्रमणः

डॉ. अनुज, डॉ. अश्विनी कुमार, सीफार के सहायक राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी रंजीत कुमार एवं केअर इंडीया के डीपीओ ने सदर प्रखंड एवं सूरजगढ़ा प्रखंड के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने फाईलेरिया दवा खिलाने वाले ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर( आशा) का मौके पर निरीक्षण किया एवं जरूरी दस्तावेजों के संबंध में पूछताछ की।



वहीं, कुछ घरों का भ्रमण कर लोगों द्वारा की जा रही दवा सेवन की स्थिति को जाना एवं एमडीए के फायदों से लोगों को अवगत भी कराया। साथ ही फाईलेरिया के दुष्परिणामों की जानकारी देकर दवा सेवन का आग्रह किया।

शत-प्रतिशत दवा सेवन सुनिश्चित कराना उद्देश्यः

डॉ. अनुज ने कहा कि यह खुशी का विषय है कि सिविल सर्जन एवं जिला भीबीडी पदाधिकारी एवं सहयोगी संस्थाओं के सहयोग से एमडीए राउंड का जिले में सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। डॉ. रावत ने बताया कि इस औचक निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य कार्यक्रम की प्रभावशीलता को जानना एवं शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में शत-प्रतिशत दवा सेवन के लिए लोगों को प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि यद्यपि आम लोगों में भी दवा सेवन के प्रति जागरूकता बढ़ी है।

डॉ. अनुज ने कहा कि फाईलेरिया के अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. परमेश्वर प्रसाद स्वयं पूरे कार्यक्रम की निगरानी कर रहे हैं। विभाग द्वारा एमडीए राउंड में शत-प्रतिशत दवा सेवन सुनिश्चित कराने पर बल दिया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि फाईलेरिया की दवा पूरी तरह सुरक्षित है। दो साल से ऊपर के सभी लोग दवा सेवन कर सकते हैं। गर्भवती महिलाएं, 2 साल से नीचे के बच्चे एवं गंभीर रोगियों को दवा नहीं खानी है। दवा खाली पेट न खाएं।

## बिहपुर रेलवे स्टेशन पर भटक रहे बच्चे को रेल पुलिस ने किया चाइल्ड लाइन के हवाले।

**बिहपुर समाज जागरण /पुरुषोत्तम ठाकुर।**

बिहपुर रेलवे स्टेशन पर भटक रहे एक दस वर्षीय बच्चे को रेल पुलिस थाने पर लाई. जहां नाम- पता पूछने पर बच्चे ने अपना नाम मनीष कुमार घर बिरौली थाना रूपौली जिला पूर्णिया बताया.वही प्रभारी रेल थानाध्यक्ष अजय सहनी ने बताया ने बच्चें के परिजनों से संपर्क नही



पाया.उसके बाद चाइल्ड लाइन सब सेंटर नवगछिया को सूचना दिया गया तो चाइल्ड लाइन के सदस्य मंटू कुमार पोद्दार रेल थाना बिहपुर पहुंचे और बच्चे को रेल थाना से प्राप्त किया.उसके बाद मंटू ने बताया की बच्चे को सीडब्ल्यूसी भागलपुर में बच्चे को प्रस्तुत करा बाल गृह भेज दिया जाएगा.।

## जाम से , पिरपैंती परेशान।

**पीरपैंती समाज जागरण /केदारनाथ पाण्डेय।**

रोज रोज जाम लगाने से लोगो कि परेशानी बढ़ती जा रही है। पिरपैती स्टेशन के समीप टेम्पु स्टेंड के बदले चालक अपने टेम्पु को सड़क की किनारे लगा देते है।जिससे पूरा सड़क जाम हो जाता है।कल दिन में जाम की हालत बद से बदतर हो गई।कई स्कूली बस, एंबुलेंस,पुलिस प्रशासन की गाड़ी भी जाम से निकलने के लिए मस्कत करती रही ।दो घंटे के मस्कत के बाद जाम से राहत मिली।भूख प्यास से परेशान बच्चे,वाहन चालक सभी जूझ रहे नजर आ रहे थे। वे बेबस थे।



है। स्थानीय प्रशासन द्वारा इसका समुचित व्यवस्था करना चाहिए।लेकिन कल के जाम में पुलिस कर्मी भी हकलान परेशान स्थानीय लोगो कि मांग थी कि चालक अपने वाहन को स्टेंड पर ही लगाए।इससे जाम से कुछ राहत मिल सकती है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर औरंगाबाद में न्यायिक पदाधिकारियों के साथ सचिव की बैठक।

**दैनिक समाज जागरण**

केशव कुमार सिंह जिला रिपोर्टर/ अनिल कुमार मिश्र,ब्यूरोचीफ औरंगाबाद (बिहार) 13 जुलाई 2022 :- जिला विधिक सेवा प्राधिकार औरंगाबाद के सचिव, प्रणव शंकर द्वारा अपने प्रकोष्ठ में आगामी 13 अगस्त को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर न्यायिक पदाधिकारियों के साथ एक बैठक किया गया जिसमें अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, श्री संतोष कुमार, सौरव सिंह, श्रीमती माधवी सिंह,अनुमण्डीय न्यायिक दण्डाधिकारी श्री योगेश कुमार मिश्रा, न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी सुश्री नेहा दयाल, श्री सुदीप पाण्डेय, सचिन कुमार, शाद रज्जाक, तथा कुमारी नेहा, उपस्थित थे। सचिव द्वारा न्यायिक पदाधिकारियों से अपने न्यायालय से सम्बन्धित सुलहनीय चिन्हित वादों के अद्यतन जानकारी प्राप्त किया गया तथा अधिक से अधिक वादों के निष्पादन हेतु कई दिशा निर्देश दिया गया। सचिव ने चिन्हित वादों के निष्पादन और पक्षकारो के नोटिस की तामीला की वस्तुस्थिति प्राप्त की गई। और चिन्हित वादों के अद्यतन सूची प्राधिकार को यथाशिघ्र उपलब्ध




कराने का निर्देश दिया गया ताकि समय रहते सम्बन्धित पक्षकारों से प्रि-काउन्सलिंग कर ज्यादा-से ज्यादा वादों का निष्पादन कराया जा सके। जिसपर उपस्थित न्यायिक पदाधिकारियों के द्वारा अपने-अपने न्यायालय में चिन्हित सुलहनीय वादों को सम्बन्धित पक्षकारों को सूचना देने हेतु भरोसा दिया गया। साथ ही अद्यतन सूची प्राधिकार को उपलब्ध कराने का आष्वासन दिया गया।

विदित है कि दिनांक 13.08.2022 को राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर प्राधिकार में वृहत रूप से तैयारी की जा रही है। सचिव द्वारा कहा गया कि इस बार राष्ट्रीय लोक अदालत लगभग 3 माह पर आयोजित होने जा रहा है और इसके सफलता के लिये इस बार जिला प्रशासन भी सहयोग कर रहा है और जिला प्रशासन के द्वारा भी इस बार राष्ट्रीय लोक अदालत में कई वादों को निष्पादन कराने हेतु कार्यवाही की जा रही है।

राष्ट्रीय लोक अदालत वादों का निस्तारण सुलह के आधार पर कराने का एक सशक्त माध्यम है जिसमें सम्बन्धित को त्वरित न्याय प्राप्त होता है। सचिव द्वारा आम जन से भी अपील किया गया गया कि 13 अगस्त को आयोजित आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत का अधिक से अधिक लाभ उठायें। किसी भी व्यक्ति को अपने सुलहनीय वाद का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत में करवाना चाहते हैं तो किसी भी कार्य दिवस में जिला विधिक सेवा प्राधिकार में उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## महर्षि वेदव्यास के जन्म दिन पर फलदार वृक्ष आम का पौधारोपण

**समाज जागरण लखीसराय**

जिले के सूर्यगढा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत लोसघानी पंचायत के शिवनगर ग्राम में महर्षि वेदव्यास के जन्म दिन पर एवं आषाढ पूर्णिमा तथा गुरू पूर्णिमा के शुभ अवसर पर फलदार वृक्ष आम का पौधारोपण किया गया ।पर्यावरण संरक्षण गतिविधि प्रांत संयोजक, पर्यावरण भारती संस्थापक एवं अखिल भारतीय पेड़ प्रकल्प टोली सदस्य राम बिलास शान्डिल्य ने कहा कि भारत देश में ही नहीं, अपितु संपूर्ण विश्व में पर्यावरण संकट में है। कुछ दिन पहले बफानी बाबा अमरनाथ के निकट अचानक बादल फटने से अचानक बाढ़ आने से 16 भक्तों की मौत हो गई। 40 भक्त लापता हैं ।असम, गुजरात,




महाराष्ट्र में भीषण बाढ़ आ गया है। विदेशों में आस्ट्रेलिया, चीन में भीषण बाढ़ से मानव जीवन परेशान है ।बिहार में अभी सुखाड़ की स्थिति है। बर्षा नहीं होने से धान के पौधे सूख रहे हैं। पर्यावरण असंतुलन से बचने के लिए वृक्षारोपण एवं संरक्षण आवश्यक है। पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के पौधारोपण कार्यक्रम में रमेश कुमार पाण्डेय सुदामा, मनीष कुमार, चुन्नी लाल, संजीव कुमार, राजेन्द्र प्रसाद,श्रुति कुमारी, तेजस्वी, किशोर, कुमार संतोष, नवीन निराला इत्यादि ने भाग लिए।

## जिला संगठन आयुक्त के निर्देश पर तीन विद्यालय में दिया गया प्रशिक्षण

**समाज जागरण लखीसराय**

स्काउट और गाइड के लखीसराय जिला संगठन आयुक्त मृत्युंजय कुमार ने निदेर्शानुसार सूर्यगढ़ा प्रखंड क्षेत्र के स्काउट और गाइड के प्रशिक्षक के द्वारा स्कूली बच्चों को प्रशिक्षण दिया गया स्काउट और गाइड के प्रशिक्षण प्रभारी के द्वारा सूर्यगढा.नगर क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों में बुधवार को पॉच दिवसीय शिविर का समापन समारोह किया गया. शिक्षांचल के +2 टू परियोजना बालिका उच्च विद्यालय सूर्यगढा.में आयोजित पांच दिवसीय शिविर का शिविर प्रधान सुभाषा कुमारी सहायक दिव्या कुमारी के द्वारा समापन समारोह में मुख्य अतिथि विद्यालय प्रधानाचार्य संजय कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलित कर समापन समारोह क्रार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। दूसरी ओर शिक्षांचल के +2 पब्लिक हाई स्कूल सूर्यगढा.में शिविर प्रधान आकाश कुमार के द्वारा आयोजित पॉच दिवसीय शिविर का समापन समारोह उपलक्ष्य में विद्यालय के प्रधानाचार्य निशा कुमारी एवं विद्यालय के शिक्षक रविशंकर कुमार,जय कुमार, पीयूष कुमार, अनिल कुमार, राजलक्ष्मी कुमारी ने दीप प्रज्वलित कर क्रार्यक्रम को आगे



बढ़ाया. एवं सूर्यगढ़ा के शिक्षाचंल उच्च विद्यालय मानुचक में शिविर प्रधान प्रवीण कुमार के देख-रेख प्रशिक्षण दिया गया है सभी प्रशिक्षणों ने झंडोत्तोलन का के सर्वधर्म प्रार्थना एवं विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट, मेडल देकर सम्मानित किया गया। प्रशिक्षणों के द्वारा बेहतरीन तरीके से बच्चों को खेल, संस्कृति,पीटी, व्यायाम, तालियां बजाना, एवं राष्ट्रीय ध्वज का गांठ बांधने की विस्तार से जानकारी दी गई। इस बीच बेसिक स्काउट मास्टर मुन्ना कुमार अपना महत्वपूर्ण समय देते हुए। सभी विद्यालय में उनके द्वारा निरीक्षण किया गया तथा इस दौरान बच्चों के बीच संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि सेवा कार्यों में स्काउट व गाइड हमेशा तत्पर दिखते हैं। अनुशासन के साथ सेवा करने का ही प्रशिक्षण स्काउटिंग के शुरूआती सोपान में दिया जाता है। इस पॉच दिवसीय शिविर में शिविर प्रधान के द्वारा विद्यालय के बच्चों एवं शिक्षकों को एकल यूज प्लास्टिक का बहिष्कार की शपथ दिलाते हुए कार्यक्रम में बताया गया कि एकल प्रयोग प्लास्टिक एवं पॉलिथीन का इस्तेमाल हमारे जीवन के साथ साथ पर्यावरण एवं स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है,इस लिए जब भी बजार जायें कपड़े के थैली का इस्तेमाल करें

## भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई सिद्धिदात्री मंदिर निर्माण हेतु।

**भागलपुर समाज जागरण /राजीब पाण्डेय ।**

नाथनगर के जिला पासी नवयुवक संघ द्वारा सिद्धिदात्री दुर्गा मंदिर पुनर्निर्माण पिंड पूजन हेतु भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। कलश शोभायात्रा नाथनगर के श्री नरसिंह भगवान ठाकुरबाड़ी परिसर से निकलकर शहर का भ्रमण करते हुए बाबा मनसकामनानाथ मंदिर प्रांगण पहुंचा जिसके बाद सभी भक्तजनों के अल्पविराम के बाद शोभायात्रा पुनः अपने गंतव्य स्थान पासी टोला दुर्गा स्थान पहुंचकर संपन्न हुई। बैंड बाजों के साथ विशाल शोभायात्रा और कलश यात्रा निकाली गई जिसमें भारी मात्रा में महिलाएं और युवतियों ने सिर पर कलश रखकर भक्ति भाव में डूबते हुए शोभायात्रा में हिस्सा लिया। कलश शोभा यात्रा के दौरान लोगों ने जगह जगह पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया। शोभा यात्रा के बाद कलश को नाथनगर पासी टोला के सिद्धिदात्री दुर्गा मंदिर प्रांगण में रखा गया। कलश शोभायात्रा के समापन के बाद दुर्गा स्थान में भंडारा का भी आयोजन किया गया।

वही युवा समाजसेवी बिजय कुमार यादव भी कलश शोभायात्रा में शामिल हुए और मां दुर्गा से सभी के सुख समृद्धि और कल्याण की कामना की। उन्होंने बताया कि नाथनगर पासी टोला दुर्गा मंदिर के पुनर्निर्माण को लेकर पिंड स्थापना हेतु कलश शोभायात्रा निकाली गई है। सुबह से ही इस शोभा यात्रा को लेकर मंदिर परिसर में भीड़



जुटनी शुरू हो गई जिसके बाद बड़ी संख्या में माताओं और बहनों ने कलश शोभायात्रा में हिस्सा लिया और मां दुर्गा से मिन्नते मांगी।

इस अवसर पर पन्ना लाल चौधरी,विजय चौधरी, संजय साह समेत नवयुवक संघ के सैकड़ों कार्यकर्ता एवं श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

## गुरु पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**समाज जागरण सूर्यगढ़ा**

बुधवार की अहले सुबह से ही गंगा नदी पर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखी गई तथा गुरु पूर्णिमा का शास्त्रों में विशेष महत्व वर्णित है एवं शास्त्रों के अनुसार इस दिन वेदों के रचयिता वेद प्रकाश का जन्म हुआ था तथा हिंदू धर्म में गुरु पूर्णिमा के दिन गुरु की पूजा और उनका सम्मान करने



की परंपरा सदियों से चलती आ रही है एवं इस दिन गंगा स्नान के पश्चात दान करने से भी लोगों को काफी पुण्य मिलता है जिसको लेकर खासकर गुरु पूर्णिमा का स्नान करते हैं

## 30 लीटर देसी महुआ शराब बरामद

**समाज जागरण लखीसराय**

जिले के चानन थाना के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में अवैध शराब कारोबार की सूचना पर लखीसराय मद्य निषेध विभाग के कपिल देव प्रसाद की अगुवाई में तथा उत्पाद विभाग की टीम एवं चानन थाने की पुलिस कर्मियों के द्वारा अवैध शराब कारोबार को लेकर छापेमारी अभियान चलाया गया तथा छापेमारी के दौरान 1100 किलो जावा महुआ बरामद कर घटनास्थल पर ही फिनिश्ड कर दिया गया है जबकि देसी शराब बनाए जाने के उपयोग में आने वाली देसी शराब भट्टी को भी पुलिस कर्मियों के द्वारा ध्वस्त कर दिया गया और मौके से 30 लीटर देसी महुआ शराब बरामद किया गया छापेमारी में मुख्य रूप से मद्य निषेध इकाई के कपिल देव प्रसाद अमित कुमार शिव कुमार सिंह एवं चानन थाने के पुलिसकर्मी शामिल रहे

## समाजसेवी के निधन पर लोगों ने जताया शोक

**समाज जागरण**

कौआकोल। गोविन्दपुर के पूर्व विधायक गायत्री देवी के काफी नजदीकी रहे समाजसेवी व थाना क्षेत्र के रामपुर बलुआ गाँव निवासी राजेन्द्र यादव का मंगलवार को निधन हो गया। वे लगभग 65 वर्ष के थे एवं पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। निधन के बाद उनके शव को स्वजनों एवं ग्रामीणों की मौजूदगी में बाढ़ के उमानाथ घाट पर दाह संस्कार किया गया। समाजसेवी राजेन्द्र यादव के निधन पर प्रखण्ड के लोगों ने गहरा शोक जताया है। प्रखण्ड प्रमुख रीना राय,उपप्रमुख नवीन यादव,जिला पार्षद अजित यादव,समाजसेवी जयराम यादव,गौरीशंकर यादव, यादव,अर्जुन यादव,हरिनन्दन यादव,देवनगढ़ के मुखिया प्रतिनिधि उपेन्द्र सिंह,पंचायत समिति सदस्य अरुणा देवी,सरपंच प्रतिनिधि इलियास रिजवी आदि ने गहरा शोक जताया है।

## पकरीबरावां में प्रशासनिक देखरेख में अषाढ़ी पूजा संपन्न

**समाज जागरण**

पकरीबरावां प्रखंड के पकरी गांव में बुधवार को प्रशासनिक देखरेख में अषाढ़ी पूजा शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। लोगों ने भक्ति- भाव से बाबा सेवक राम एवं मधुचक की पूजा की। पूजा को लेकर सुबह से ही लोगों में उत्साह देखा गया। दोपहर बाद बाबा सेवकराम एवं मधुचक को पाठे की बलि दी गई। पूजा के दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। पूजा



समिति के चांदो यादव, अशोक पासवान, उपेंद्र शर्मा, रामबालक पासवान, जानकी मांझी, राजू पासवान, राम पासवान आदि ने बताया कि ग्रामीणों के सहयोग से बुधवार को अषाढ़ी पूजा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। सुरक्षा के दृष्टिकोण से स्थानीय प्रशासन भी मौजूद रही।

## नवादा में नवविवाहिता ने फांसी लगाकर की खुदकुशी, परिजनों ने ससुरालवालों पर प्रताड़ित करने का लगाया आरोप

**समाज जागरण नवादा( आर्यन मोहन)**

नवादा:जिले के कादिरगंज ओपी क्षेत्र के सोनू बिगहा गांव में एक नवविवाहिता ने ससुराल वालों के प्रताड़ना से तंग आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि खाना बनाने को लेकर ससुराल में विवाहिता को प्रताड़ित किया जा रहा था। जिससे तंग आकर विवाहिता ने यह कदम उठाया है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना की पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।



मिली जानकारी के अनुसार शेखपुरा जिला अंतर्गत कसार थाना क्षेत्र के चांदी गांव निवासी गुगेश्वर महतो ने अपनी लाडली बिटिया साजो कुमारी की शादी इसी वर्ष के 2 मार्च को नवादा जिले के कादिरगंज ओपी क्षेत्र के सोनू बीघा गांव निवासी राजकुमार महतो के पुत्र कमलेश कुमार के साथ की थी। लड़की को सही से खाना बनाने के लिए नहीं आता था। इसी को लेकर लगातार सास और भैसूर द्वारा विवाहिता को प्रताड़ित किया जा रहा था। जिससे तंग आकर नवविवाहिता ने कमरे में बंद होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

वही थाना अध्यक्ष सूरज कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। अभी किसी प्रकार का आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने के बाद कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

## खपुरा मोड़ कर कांवरियों के विश्राम हेतु की गई व्यवस्था

पकरीबरावां। श्रावणी मेला शुरू होते ही पकरीबरावां में कांवरियों की




सेवा के लिए समाजसेवी जुट गए हैं। समाजसेवी सह जिला परिषद प्रतिनिधि पंकज सिंह ने खपुरा मोड़ स्थित अपने आवास पर कांवरियों के सेवार्थ व्यवस्था की है। बुधवार को जिला परिषद बच्चन देवी ने इसका उद्घाटन किया।

श्री सिंह ने बताया कि कांवरियों के लिए रहने एवं खाने की उत्तम व्यवस्था की गई है। कांवरिया यहां आराम से भोजन के साथ विश्राम कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि कांवरियों के लिए मेडिकल सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। शीतल पेय से लेकर गर्म पानी तक की व्यवस्था समाजसेवी द्वारा को गई है।

इस तरह की व्यवस्था के लिए लोगों ने समाजसेवी के लिए धन्यवाद कहा।

उद्घाटन के इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी नीरज कुमार, अंचलाधिकारी नरेंद्र कुमार, थानाध्यक्ष शिशुपाल, प्रमुख प्रतिनिधि बिनोद साव, उप प्रमुख धर्मराज सिंह सहित अन्य थे।

## ईटोन पंचायत में तमाम योजनाओं की जांच की जिला प्रशासन एसडीएम लखीसराय राकेश कुमार ने।

**समाज जागरण चानन**

जिला प्रशासन लखीसराय राकेश रंजन एसडीएम के द्वारा ईटौन पंचायत में सरकार के निदेर्शानुसार सभी योजना की जांच पड़ताल बुधवार 13 जुलाई को किया गया। इस जांच पड़ताल के दौरान मध्य विद्यालय ईटौन



नल जल नहीं पाया गया। दुसरी ओर वार्ड नंबर 6 में पाया जाने वाला आंगनवाड़ी केंद्र का दरवाजा डैमेज पाया गया, जिसके कारण सरकार के द्वारा दिए गए कैमरे और एलसीडी रूम में रखने के लिए कठिनाई हो रही है। वही गली नली में कमी नहीं दिखाई दिया। पीडीएस के अभाव के कारण एसडीएम ने बताया कि हम नहीं देख पाए, हॉस्पिटल चानन में डॉ विजेंद्र, एनएम सुधा कुमारी पाई गई उपस्थित पाई गई वही अनुपस्थिति में रोस्टर के हिसाब से सविता कुमारी, अनुभारती अनुपस्थित पाया गया, मनरेगा भवन में मिट्टी के कार्य पाया गया।

22 may 2022:Layout 1 7/14/2022 12:51 AM Page 12



## नगर थाना के द्वारा चलाया गया वाहन जांच अभियान, वसूला गया 3500 सौ रुपए जुमार्ना

**समाज जागरण बगहा से नीरज मिश्रा**

बगहा, नगर थाना की पुलिस ने बुधवार को एनएच 727 बगहा व बेतिया मुख्य मार्ग पर तेंगरहा पूल के समीप इस तपती तेज धूप में भी सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा हैं जिस दौरान दो चार पहिया वाहन चालकों से हैमलेट ड्राइवरी लाइसेंस गाड़ी के कागजात प्रदूषण समेत बाइक की डिक्की आदि की जांच की इस दौरान बाइक चालकों से



500 सौ का 7 का कटा गया चालान। इस वाहन जांच अभियान में नगर थाना के एएसआई नवल किशोर, एएसआई कामेश्वर राय, समेत पुलिस बल मौजूद रहे। एएसआई नवल किशोर प्रसाद ने बताया की और वरीय अधिकारी के आदेश पर वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा हैं। इस जगह पर डेली सुबह 10:30 से लेकर शाम 5भेजे तक किया जाता हैं।

## ससुराल जा रहे युवक रास्ते से लापता।

**दैनिक समाज जागरण /संवाददाता मो0 रिजवान।**

किशनपुर, थाना क्षेत्र के किशनपुर उत्तर पंचायत के एक युवक अपने ससुराल जाने के दौरान ही लापता हो गया।जानकारी अनुसार किशनपुर उत्तर पंचायत के वार्ड 4 निवासी असीना खातून ने थाना में आवेदन देकर अपने पुत्र की बरामदगी का गुहार लगाया है। थाना में दिए आवेदन में कहा है। कि मेरे पुत्र मो मोजीम साह 24 वर्ष 19 जून को अपनी मां से 5



शो रुपए लेकर अपने ससुराल फुलपरास थाना क्षेत्र के पतराध गया था। लेकिन ससुराल भी नहीं पहुंच पाया और रास्ते से ही गुम हो गया। गुमशुदा के मां ने थाना में आवेदन देकर अपने पुत्र की बरामदगी की गुहार लगाया है। उन्होंने कहा कि पर्व को लेकर ससुराल से बराबर आने को कहा जा रहा था उसी क्रम में अपने मां से पाच सौ रुपए लेकर ससुराल के लिए रवाना हुए युवक रास्ता से ही लापता है जैसे ही इस बात की जानकारी परिजनों को लगा तो कोहराम मच गया थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि आवेदन प्राप्ति की गई है अगर कार्रवाई की जा रही है मिला है।

## संगीतांजलि महाविद्यालय में बड़े ही धूम धाम से मना गुरू पूर्णिमा

**दैनिक समाज जागरण सत्येंद्र कुमार/बिहटा**

पटना/बिहटाः-गुरू-पूर्णिमा के शुभ अवसर पर संगीतांजलि महाविद्यालय राघोपुर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम की शुरूआत गुरू-वंदना से हुई।इस महाविद्यालय की प्राचार्या श्रीमती मिलन झा को छात्र-छात्राओ



ने पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। वही प्राचार्या ने छात्र-छात्राओ ने गुरु पर्व की महत्व बताते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। इस कार्यक्रम मे स्वाति, चाँदनी, राधिका,परी,यशि,नंदनी,आलोक, सामर्थ्य, प्रत्युष,पुष्कर, सन्नी पांडेय की गायकी ने मन्त्रमुग्ध कर दिया।वही तबले पर अविनाश पाठक ने संगत किया।

## गुरु पूर्णिमा के अवसर पर

**दैनिक समाज जागरण आरा,, अख्तर शफी निक्की**

भोजपुर जिले के बड़हरा विधानसभा क्षेत्र के सरैया बाजार गुंडी मोड़ के बगल में सनराइज चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल का विधिवत उद्घाटन बड़हरा विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी रघुपति यादव ने फीता काटकर किया। उद्घाटन करने पहुंचे रघुपति यादव ने कहा कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो पियेगा वही दहाड़ेगा। नून रोटी खाईह भले, बाकी बच्चवन के पढ़ईह आज के परिवेश में शिक्षा सबके अंदर होना बहुत जरूरी है।



जिसके अंदर शिक्षा नहीं है वही पशु के समान है। शिक्षा से ही देश का, राष्ट्र का, गांव समाज का, जिला का, प्रदेश का निर्माण अच्छे तरीके से हो सकता है शिक्षा के बिना जीवन जीना बहुत कठिन है। मौके पर स्कूल के डायरेक्टर कार्तिक सर ने कहा कि मेरा उद्देश्य गांव गंवई के बच्चे पढ़े लिखे अपने गांव समाज का नाम करें इसी उद्देश के साथ हमने स्कूल खोला है की गरीब गुरबा बच्चों को विशेष छूट के साथ उच्च शिक्षा प्रदान कर सके यही हमारी प्रतिबद्धता है। साथी गायक अभिनेता हरिओम ने कहा कि क्षेत्र में स्कूल खुलने से सबके चेहरे पर खुशी झलक रही है अभिभावक गण भी काफी खुश हैं कि बच्चों को दूर नहीं जाना पड़ेगा पढ़ने के लिए आयोजन कर्ता को बहुत-बहुत बधाई कि अपने शिक्षा का अलख जगाने का काम की है। इस मौके पर उपस्थित डायरेक्टर कार्तिक सर, दीपा कुमारी, चुन्नू सर, धर्मशल कुमार, टप्पू कुमार, सोनू जी, अक्षय जी,राकेश जी, मनीष जी, महेंद्र जी, रविंदर जी, संतरा जी, इत्यादि लोग शामिल

## चोरी मामले में तीन चोर गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण सत्येंद्र कुमार/बिहटा**

बिहटा- बिहटा पुलिस ने चोरी मामले में तीन चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया हैं।गिरफ्तार चोरों की पहचान बिहटा थानाक्षेत्र के गोखुलपुर गांव निवासी बिट्टू कुमार,रॉकी कुमार और लल्लू कुमार उर्फ उपेंद्र कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार



ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि तीन चोर चोरी कर रहे हैं जिसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और तीनों चोर को गिरफ्तार कर थाना ले आई मामला दर्ज कर तीनों को जेल भेज दिया गया है

## मुकेश यादव पुनः अध्यक्ष निर्वाचित।

**पीरपैंती :---समाज जागरण /केदारनाथ पाण्डेय ।**

पीरपैंती प्रखंड के राष्टीय जनता दल मुकेश यादव को पुनः अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया।इनके कार्यों और पार्टी के प्रति जागरूकता , समर्पित को देखकर संगठन ने फिर से भरोसा किया ।और जिम्मेदारी दी, प्रखंड युवा अध्यक्ष निर्वाचित होने पर रंजीत साह, जानसिर असलम,विकाश कुमार, ने बधाई दी।



## अनुमंडल कार्यपालक सहायक आपूर्ति की हुई विदाई।

**समाज जागरण मोहम्मद आजाद**

गौनाहा / प्रखंड के आपूर्ति कार्यालय के कार्यपालक सहायक वीरेंद्र कुमार के स्थानांतरण पश्चात बुधवार को जनवितरण दुकानदारों द्वारा आपूर्ति कार्यालय में विदाई समारोह आयोजित किया। विदाई समारोह में उक्त कार्यपालक सहायक को माला पहनाकर तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। विदित हो की अनुमंडल पदाधिकारी के पत्रांक 293, दिनांक 6/7/2022 के आलोक में कार्यपालक सहायक वीरेंद्र कुमार का तबादला हो चुका है। प्रखंड के जनवितरण प्रणाली के अध्यक्ष दिनेश राम ने बताया कि वीरेंद्र कुमार पिछले तीन वर्षों से हमारे साथ कार्य कर रहे थे। कोरोना काल मे भी हम कंधे से कंधा मिलाकर काम किये है। वीरेंद्र कुमार ईमानदार




व कर्तव्य निष्ठा वाले व्यक्ति है। उन्होंने कहा कि तबादला होने से दुख तो है लेकिन यह एक सरकारी प्रक्रिया है जो चलती रहती है। नव-पदस्थस्पित कार्यपालक सहायक सुजीत कुमार ने कहा कि हम भी सबके साथ मिलकर काम करेंगे जिससे किसी को परेशानी न हो। वीरेंद्र कुमार ने सभी जनवितरण दुकानदारों को उनकी लंबी उम्र व स्वस्थ होने की कामना की। समारोह में दिलीप कुमार,ब्रजेन्द्र पाठक,मंगनी राम, इश्तेहाब साई, अजय कुमार गुप्ता, सुजीत कुमार, मु.निर्मला, प्रकाश महतो, सोहर साह, गुड्डू कुमार, योगेंद्र प्रसाद, प्रमोद कुमार, नवीन कुमार पांडेय सहित प्रखंड के सभी डीलर उपस्थित थे।

## आठ पोल से तैतिस हजार केवी तार काटने की प्राथमिकी दर्ज अज्ञात चोरों ने काटे पन्द्रह सौ मीटर बीजली तार।

**समाज जागरण मोहम्मद आजाद**

गौनाहा /मटियरिया थाना क्षेत्र के मेहनौल पंचायत के हौदा डुमरा गांव के समीप द्वारदह नदी के पास 8 पोलों के बीच करीब 15 सौ मीटर तैतिस हजार केवी बिजली का तार अज्ञात चोरों द्वारा काट लिए जाने से बिजली सेवा बाधित हो गई है । इसकी जानकारी देते हुए बिजली विभाग के कनीय अभियंता रमेश कुमार ने बताया कि विगत 2 जुलाई को रात्रि में विद्युत प्रवाह के क्रम में ही हौदा डुमरा गांव समीप द्वारदह नदी से खुर्द मेंहनौल चौक तक 8 पोलों के बीच 33 हजार वोल्ट के तीनों फेज का तार अज्ञात चोरों ने काट लिया है ।जिसकी सूचना मटियरिया थाने में देते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गई हैं ।कनीय अभियंता द्वारा दूरभाष पर बताया कि एक वर्ष के अंदर यह तीसरी घटना है। उन्होंने यह भी बताया कि इसके पूर्व रामनगर थाना



क्षेत्र के बेलौरा और सहोदरा थाना क्षेत्र के बाजड़ा व धनौजी के बीच अज्ञात चोरों ने भारी मात्रा में बीजली के तारों की चोरी कर लिया था। जिसमे सम्बन्धित थानों को लिखित आवेदन देते हुए अज्ञात के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। वही इस मामले को लेकर मटियरिया थाना के एस आई सुबोध कुमार ने बताया कि कांड संख्या 53 /2022 मे अज्ञात के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अनुशंधान की जा रही है ।चुकी आवेदन अज्ञात चोरों के विरुद्ध दिया गया है। इसलिए अनुशंधान में कुछ बिलम्ब और दिक्कते आ रही हैं।

## मिथिला स्टूडेंट्स यूनियन ने किया महाविद्यालय का घेराव, वार्ता।

**दैनिक समाज जागरण**
**जयनगर नित्यानंद झा राजू**

मिथिला स्टूडेंट्स यूनियन जयनगर इकाई ने महाविद्यालय के छात्र संघ अध्यक्ष ऋषि कुमार सिंह की अध्यक्षता में अपनी मांगों को लेकर महाविद्यालय कार्यालय का घेराव किया और महाविद्यालय प्रशासन के विरोध में नारे लगाए। उनकी प्रमुख मांगों में स्नातक स्तरीय पढ़ाई के लिए सरकार द्वारा घोषित सभी वर्गों के छात्राओं व एससी एसटी वर्ग के छात्रों का मुफ्त शिक्षा महाविद्यालय में लागू करने, महाविद्यालय में वर्ग संचालन सुचारू रूप से अबिलम्ब प्रारंभ करने, महाविद्यालय परित्याग प्रमाणपत्र सहित मूल प्रमाणपत्र आदि कागजों को कार्यालय से प्राप्त करने की प्रक्रिया सरल करने, महाविद्यालय के सभी विभागों में बिजली और पानी की व्यवस्था करने, महाविद्यालय के भवनों की संरचना को ठीक करने, महाविद्यालय में नए पुस्तकालय का निर्माण करने एवं आधुनिक पुस्तकों




की व्यवस्था करने समेत 12 सूत्री अन्य मांगें शामिल हैं।

महाविद्यालय प्रभारी गोपाल सिंह ने कहा कि डी. बी. कॉलेज जयनगर अनुमंडल और खजौली विधानसभा क्षेत्र का एकमात्र अंगीभूत महाविद्यालय है फिर भी यहां सुबिधाओं का घोर अभाव है।` छात्र संघ अध्यक्ष ऋषि कुमार ने कहा की पूरे बिहार में अनुसूचित जनजातियों और महिला विद्यार्थियों का स्नातक स्तरीय शिक्षा सरकार द्वारा मुफ्त है फिर भी यहां छात्र/छात्राओं से ₹1350/- वसूला जा रहा है, महाविद्यालय में वर्ग संचालन नहीं होती, शिक्षकेतर कर्मियों का तानाशाही कम नही हो रहा है, कुव्यवस्था चरम पर है ।पूर्व परिषद सदस्य अमित कुमार ने कहा कि महाविद्यालय प्रशासन के द्वारा छात्रों से नामांकन के नाम पर अवैध पैसा वसली किया जाता है इतना कि नहीं छात्रोंओ किसी भी कार्य करने के लिये हमेशा अवैध पैसा मांग जाता है

## गुरूकृपा से ही ज्ञानलाभ सम्भव है: संत देवराहाशिवनाथ

**दैनिक समाज जागरण**
**आरा,, अख्तर शफी निक्की**

परमपूज्य त्रिकालदर्शी, परमसिद्ध,विदेह संत श्रीदेवराहाशिवनाथदासजी महाराज का आज गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं के द्वारा षोडशोपचार विधि से पूजा अर्चना जगदीशपुर के श्रीदेवराहा धाम सिअरुआ में की गई।वहीं लगभग सत्तर हजार श्रद्धालुओं ने गुरु पर्व के अवसर पर संतश्री के दर्शन लाभ लिए।वहीं पूजा अर्चना के बाद भक्तों को संबोधित करते हुए संतश्रीदेवराहाशिवनाथजी ने कहा कि हर समय जीव को अपने गुरु की पूजा अर्चना करनी चाहिए।इससे जीव की आध्यात्मिक उन्नति होती है।वैसे तो आध्यात्मिक जगत में सदगुरू का विशेष महत्व एवम स्थान है।गुरु की कृपा के बिना ईश्वर को पाना असंभव है।जो गुरु से विमुख है वह कभी भी अपने आत्म और ईश्वर को नहीं जान सकता।गुरु और ईश्वर ब्रह्म तत्व के ही दो रूप या तत्व हैं।गुरुतत्व ईश्वरतत्व से अपेक्षाकृत अधिक महत्वपूर्ण इसीलिए है कि वही ईश्वर तत्व से जीव का साक्षात्कार कराता है।संतो,महात्माओ ने गुरुतत्व की महत्ता को अवर्णीय और अनिर्वचनीय कहा है।इस जगत में कोई ऐसा जीव नहीं जो गुरु से विमुख हो या गुरु के बिना ईश्वरलाभ किया हो।गुरु के बिना जीव को क्षणिक ईश्वरियानुभती हो



सकती है परंतु ईश्वरलाभ नहीं।जैसे लकड़ी के दरवाजे पर पेंट करने से पहले प्राइमर चढ़ाया जाता है और फिर उसके ऊपर पेंट।ऐसा पेंट दरवाजे के जीवनकाल तक बना रहता है। वहीं दूसरी ओर बिना प्राइमर चढाये यदि पेंट चढ़ाया जाय तो पेंट चढ़ तो जाता है और रंग चटख भी हो जाता है परंतु शीघ्र ही रंग झरकर बेरंग बदरंग हो जाता है।वैसे ही ईश्वरप्राप्ति के लिए सदगुरू की जरूरत है।सद्गुरु जीव को धीरे-धीरे सत्कर्म में प्रवृत्त कर परमात्मा से नजदीकीकरण करा देता है जिससे जीव धन्य हो जाता है।जो जीव गुरु के बताए मार्ग पर चलता है,गुरु को ध्यान में रखकर उठता-बैठता,चलता-फिरता है वह शिव को पाता ही नहीं बल्कि स्वयं शिव हो जाता है,'जीवम भवेत शिवम' ।गुरु से विमुख हो कुतर्कों में उलझा जीव जन्म-जन्मांतर तक मारा-मारा फिरता है।कहा भी गया है,'गुरु के बिना सीखे योग,छीजे काया,बढ़े रोग।वहीं आज संतश्रीदेवराहाशिवनाथजी महाराज के दर्शनार्थ भारत के विभिन्न राज्यों से श्रद्धालु भक्त हजारों की संख्या में पहुंचे।लगभग पचहत्तर हजार श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किये।

## आने वाला समय प्राकृतिक खेती का होगा - राम किशोर वर्मा

**दैनिक समाज जागरण**
**अजय दुबे कन्नौज**

कन्नौज। जनपद के कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी में आयोजित दो दिवसीय प्रसार अधिकारी प्रशिक्षण हुआ। जिसका आयोजन दिनांक 12-13 जुलाई 22 को के वी के पर किया गया। इस कार्यक्रम में प्राकृतिक खेती पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए डॉ कनौजिया ने रसायन आधारित खेती से जनजीवन पर पड़ रहे बुरे प्रभाव को रेखांकित कर प्राकृतिक खेती पर सरकार की प्राथमिकता पर जोर दिया। इस प्रसार अधिकारी प्रशिक्षण के मुख्य मास्टर ट्रेनर सस्य वैज्ञानिक डॉ विनोद कुमार ने प्राकृतिक खेती में नीमास्त्र, अग्निआश्त्र, ब्रह्मास्त्र बनाने की विधि सिखाई। जिससे सफलतापूर्वक कीड़े फफूंद आदि का नियंत्रण किया जा सकता है। साथ ही डॉ कुमार ने बीजामृत, जीवनमृत, घनजीवामृत आदि के विस्तृत गुर सिखाए। कार्यक्रम के इस शिलशिले को आगे बढ़ाते हुए केंद्र के मृदा वैज्ञानिक डॉ अरविंद यादव ने प्राकृतिक खेती में मृदा स्वास्थ्य व पोषक तत्वों पर प्रकाश डाला। वहीं केंद्र के उद्यान वैज्ञानिक डॉ अमर सिंह यादव ने उद्यानिक फसलों की प्राकृतिक खेती के बारे जानकारी दी । इस अवसर पर जनपद के भूमि संरक्षण अधिकारी राम किशोर वर्मा ने बताया कि आगामी समय प्राकृतिक खेती का ही है। रसायन आधारित खेती का वक्त जा चुका है। इस अवसर पर जनपद कन्नौज के उप निदेशक कृषि सहित लगभग पूरा कृषि विभाग उपस्थित रहा। इस अवसर पर केंद्र की गृह वैज्ञानिक डॉ चंद्रकला यादव, गृह वैज्ञानिक डॉ पूनम सिंह, प्रसार वैज्ञानिक डॉ सुशील यादव, पशुपालन वैज्ञानिक डॉ चंद्रकेश राय, मौसम वैज्ञानिक अमरेंद्र यादव सहित प्रक्षेत्र अधीक्षक पी एस कटियार आदि मौजूद रहे।

## गौनाहा प्रखंड मध्यान भोजन से गायब फलाहार।

**समाज जागरण मोहम्मद आजाद**

गौनाहा / प्रखंड मे मध्यान भोजन के तहत सरकारी स्कूल के बच्चों को मिलने वाली फलाहार सिर्फ मेनू चार्ट तक ही सिमट कर रह गया है। बच्चों की थाल से पोषाहार के रूप में मिलने वाली पौष्टिक भोजन के साथ फल तथा अंडा मे भारी कटौती कि मामला प्रकाश में आ रहा है। उदाहरण के तौर पर महुई पंचायत के राजकीय मध्य विद्यालय महुई में छात्र एवं अभिभावकों द्वारा बताया गया कि पिछले कई महीनों से इस विद्यालय में प्रधान शिक्षक द्वारा बच्चों को पौष्टिक आहार के रूप में दिए जाने वाले फल नहीं मिल रहा है। विद्यालय के छात्राओं ने बताया कि इस विद्यालय में लगभग डेढ़ सौ लड़कियां पड़ती है जहां दो महिला शिक्षिका भी हैं जिनके लिए विद्यालय में किसी भी प्रकार का सुविधा मुहैया नहीं है। उदाहरण के तौर पर बालिका शौचालय नहीं होने को ही ले लिया जाए इसके अतिरिक्त भी विद्यालय प्रशासन द्वारा बालिकाओं के लिए अतिरिक्त किसी भी तरह का सुविधा मुहैया नहीं कराई जाती है। जिससे कभी-कभी बालिकाएं विद्यालय आने में अपने आप को असहज महसूस करती हैं। दूसरी तरफ विद्यालय की




चारदीवारी भी कई वर्षों से ध्वस्त पड़ा है विद्यालय की ढांचा बिल्कुल ही खंडहर में तब्दील होने की कगार पर है। विद्यालय में कई वर्षों से डेक्स बेंच डैमेज होने के कारण बाहर सड़ने के लिए फेंक दिया गया है। विदित हो कि इस विद्यालय में कुल 7 शिक्षक हैं जिसमें 2 महिला शिक्षिका भी हैं शौचालय की समस्या को लेकर छात्रा एवं शिक्षिकाओं को भारी कठिनाइयों की सामना करना पड़ता है। वहीं बेंच डेक्स नहीं होने के कारण बच्चे जमीन पर ही पढ़ने को मजबूर है। वही इस संदर्भ में विद्यालय के प्रधान शिक्षक ओम प्रकाश पाठक द्वारा बताया गया कि मेरा तबीयत खराब था जिस कारण मैं फल लाने में असमर्थ रहा। जब इस बारे में मध्यान भोजन प्रभारी धीरज जायसवाल से जानकारी ली गई तो उनके द्वारा बताया गया कि शिक्षक की लापरवाही की कारण विद्यालय में फल उपलब्ध नहीं हो पाया है जिसको लेकर उक्त शिक्षक के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## जयनगर थाना पुलिस ने गश्ती के दौरान 40 कार्टन नेपाली देसी शराब जब्त किया है।

**दैनिक समाज जागरण**
**जयनगर नित्यानंद झा राजू**

जयनगर थाना के एएसआई अजीत कुमार के नेतृत्व में गश्ती के दौरान जयनगर थाान पुलिस ने कमला पुल के समीप से तस्करी की 40 कार्टन शराब जब्त की है। शराब 10 बोरों में रख कर नेपाल से भारत लाया जा रहा था ।थाना पुलिस को देखते ही तस्कर मोटरसाइकिल पर लदे शराब को छोड़करे भागने में कामयाब रहे। प्रभारी जयनगर थाना अध्यक्ष बी डी राम ने बताया कि मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज करते हुए फरार शराब तस्करों की पहचान की कवायद प्रारंभ कर दी गई है। वहीं, जयनगर रेलवे सुरक्षा बल के उपनिरीक्षक रमेश कुमार के नेतृत्व में बुधवार की सुबह गस्त के दौरान एक व्यक्ति को 750 एमएल की 11 बोतल अंग्रेजी शराब रॉयल स्टैग के साथ के साथ गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार



आरोपित सहरसा जिला के सौर बाजार थाना क्षेत्र के पदमपुरा गांव निवासी नारायण यादव का 28 वर्षीय पुत्र देव कुमार बताया जाता है।आरोपित व्यक्ति सरयू जमुना एक्सप्रेस में संविदा पर बेड रोल का कार्य करता है।पूछताछ के क्रम में आरोपित ने बताया कि वह जालंधर में अंग्रेजी शराब खरीदकर जयनगर के बिनोद कुमार को बेचने जा रहा था।इसी क्रम में रेल सुरक्षा बल ने उसे दबोच लिया। जब्त शराब के साथ गिरफ्तार शराब तस्कर को अग्रेतर कारवाई हेतु रेल थाना जयनगर को सुपुर्द कर दिया गया है।रेल थाना अध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज करते हुए गिरफ्तार आरोपित को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है

## गुरु पूर्णिमा के दिन महर्षि वेद व्यास जी की जयंती एवं गुरु दक्षिणा।

**दैनिक समाज जागरण**
**आरा,,अख्तर शफी निक्की**

सरस्वती शिशु मंदिर महाराजा हाता आरा में दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ।

कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि डॉ श्रीराम पाण्डे जी ने गुरु शिष्य परंपरा के इतिहास के बारे में बताया। उन्होंने महर्षि धौम्य एवं उनके शिष्य आरुणि की कहानी से शिक्षा लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि शिष्य गुरु को गुरु दक्षिणा देते हैं। सिखने और जानने की जिज्ञासा ही शिष्य के जीवन को उजागर करता है । गुरु से शिक्षा ग्रहण कर गुरु दक्षिणा न देने से शिक्षा का कोई महत्व नहीं रह जाता है। बिना गुरु भक्ति के ज्ञान नहीं प्राप्त हो सकता है।

कार्यक्रम में भैया बहनों ने भी भाग लिया। भैया बहनों ने महर्षि वेद व्यास जी के जीवन पर प्रकाश डाला । वेदों एवं ग्रंथों के बारे में बताया। महाभारत



की रचना के बारे में बताया।

प्रधानाचार्य श्री अनिल कुमार मिश्र जी ने गुरु दक्षिणा के रूप में समर्पण राशि के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि यह राशि आचार्यों एवं बच्चों के विकास हेतु उपयोग किया जाता है। गुरु पूर्णिमा पर जो समर्पण राशि प्राप्त होती है, उसका उपयोग गरीब बच्चों के शिक्षा एवं इस कार्य में लगे आचार्य पर होता है। इस उद्देश्य से कई एकल विद्यालय , वनवासी विद्यालय एवं संस्कार केन्द्र खोले गए हैं । इन केन्द्रों पर देश के कई भैया बहन लाभान्वित हो रहे हैं।

मुख्य वक्ता के रूप संगीता सिंह जी ने गुरु पूर्णिमा के महत्व को बताया। चिंता जी ने आशिर्वचन दिया एवं कार्यक्रम प्रमुख संगीता कुमारी के धन्यवाद ज्ञापन से कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## सड़क दुर्घटना में एक शिक्षिका की मौत, परिवार में छाया मातम

**दैनिक समाज जागरण जिला ब्यूरो मृत्युंजय कुमार**
**कुर्था (अरवल )**

कुर्था (अरवल ) स्थानीय कुर्था बीच बाजार निवासी अशोक हलवाई की धर्मपत्नी चंदा कुमारी की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक चंदा कुमारी कुर्था मिडिल स्कूल में शिक्षिका पद पर कार्यरत थी। वह अपने घर से कुछ काम के सिलसिले से गया गए थे। जो काम निपटाकर अपने परिवार के साथ मोटरसाइकिल से लौट ही रहे थे कि टेकारी थाना क्षेत्र के पंचानपुर बाजार के समीप स्पीड ब्रेक के पास गिर गए। जिससे बाजार के लोगों ने आनन-फानन में निजी हॉस्पिटल में ले गयें। जहां बेहतर इलाज हेतु पटना रेफर कर दिया गया। वही इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर सुनकर परिवार वालों को रो रो कर बुरा हाल है। कुर्था मिडिल स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षकाओ में भी शौक कि लहर दौड़ गई । कुछ स्कूल के हीं शिक्षक - शिक्षकाओ ने बताया कि वे बहुत हीं शांति और मिलनसार महिला थीं।

## जलालाबाद में पिछले तीन माह से पानी के लिए मचा हाहाकार जिलाधिकारी का आदेश ग्राम प्रधान के आगे बौना साबित हो रहा

**दैनिक समाज जागरण**
**अजय दुबे कन्नौज**

कन्नौज। जलालाबाद में पिछले तीन माह से पानी की भीषण किल्लत है । ऐसी गरमी में भी अधिकारी इस समस्या की ओर नहीं दे रहे ध्यान । ग्रामीणों ने कई बार लिखित एवं मौखिक रूप से शिकायत की लेकिन बाबजूद इसके कोई समाधान नहीं हुआ । ग्राम प्रधान का साफ कहना है कि जिसको जहा भी शिकायत करनी हो कर दे ।मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता मेरी भाजपा के बड़े बड़े नेताओं से पहुंच है। पूरे कस्बा में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है लोग सुबह से ही समर बालों के यहां लाइन लगा कर खड़े हो जाते है ।लोगो को न पीने का पानी मिल पा रहा और न ही नहाने के लिए । ग्राम प्रधान की दबंगई के आगे कोई शिकायत करने की हिम्मत आसानी से नहीं जुटा पा रहा है बमुश्किल कुछ लोगों ने शिकायत करने की हिम्मत जुटाई और खंड विकास अधिकारी से शिकायत की लेकिन उसका भी अभी तक कहीं कुछ नहीं हुआ इससे ग्राम प्रधान के और हौसले बुलंद होते जा रहे हैं।

आपको बता दें कि मौजूदा हालात में जो हैंडपंप सरकारी थे उनमें से अधिकांश हैंडपंपों का निजीकरण हो चुका है जैसे किसी ने उसमें समरसेबल फांस ली तो किसी ने लोगों को पानी भरने से ही मना कर दिया जो बाकी बचे हैंडपंपों की रहता है धीरे धीरे इस कार्य को 3 माह हो चुके हैं लेकिन कोई सुध लेने वाला नहीं है।

कस्बा में पानी को लेकर आए दिन झगड़े फसाद भी होते रहते हैं लेकिन



हालत यह है कि वह पानी देना ही बंद करें। जो रिवर किए गए थे हैंडपंप उनकी सूची मैं तो पंचायत सचिव के पास है और ना ही ग्राम प्रधान को मालूम है कि उन्होंने कहां-कहां रिबोर करवाएं। उच्च अधिकारियों को गुमराह करने के लिए सीधा सा इनके पास जवाब है कि कस्बे में पानी की टंकी की दोबारा लाइन बिछाई जा रही है इसलिए दिक्कत आ रही है अब सवाल यह भी है की लाइन आखिर कब तक मिलेगी 1 दिन बिताने के बाद 10 दिन लाइन का काम बंद इससे जिम्मेदारों को कोई फर्क नहीं पड़ता। मजे की बात तो यह है कोई भी अधिकारी अपने उच्च अधिकारी की बात मानने को तैयार नहीं है या यूं कहिए कि उसके आदेश को किस तरीके से पता लगाया जा रहा है इसका अंदाजा तो जलालाबाद आकर ही लग जाएगा आदेश और फरमान की किस तरीके से धज्जियां उड़ाई जा रही है। इसका सीधा खामियाजा गांव की भोली-भाली जनता भुगत रही है। आपको बता दे कि कहीं न कहीं डीपीआरओ का ऐसे लोगो को संरक्षण प्राप्त है ।